चैत्र कृष्ण पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 28 मार्च 2024
वर्ष 5, अंक 130, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

क्षुद्रग्रह बेन्नु के नमूनों को संग्रहालयों में रखा 16

अदिति राव हैदरी ने साउथ एक्टर सिद्धार्थ से रचाई शादी 15

रमज़ान मुबारक
सत्रहवां रोज़ा इफ्तार - 28 मार्च 2024
सुन्नी - 06:31 बजे | शिया- 06:39 बजे
अठाहरवां रोज़ा सहरी - 29 मार्च 2024
सुन्नी - 04:43 बजे | शिया- 04:35 बजे
नोटः- सहरी व इफ्तार में क्षेत्रवार समय में परिवर्तन हो सकता है।
माह-ए-रमज़ान की दिली मुबारकबाद
An ISO 9001:2015 Certified Company
NOOR GLASS FABRICATION
If U Can Dream We Can Build
Bajrang Dhaba, Opp. SBI Bank, Pilibhit Bypass Road, Bareilly
9761560515
e-mail : ahmadmuneer13@gmail.com
website : www.noorglassfabrication.com

हैदराबाद ने बनाया आईपीएल का रिकॉर्ड स्कोर

हैदराबाद। सनराइजर्स हैदराबाद ने चोटी के बल्लेबाजों की तूफानी पारियों के दम पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ बुधवार को यहां तीन विकेट पर 277 रन बनाए, जो इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में नया रिकॉर्ड है। सनराइजर्स के बल्लेबाजों ने शुरू से लेकर आखिर तक ताबड़तोड़ रन बटोरे जिससे उनकी टीम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के 2013 में पुणे वारियर्स के खिलाफ बनाए गए पांच विकेट पर 263 रन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ने में सफल रही। मैच में कुल 523 रन बने जो आईपीएल का रिकॉर्ड है। यही नहीं इस मैच में 38 छक्के लगे जो टी20 क्रिकेट में नया रिकॉर्ड है।

दिलीप, सुप्रिया को आयोग का नोटिस

नयी दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियों के लिए बुधवार को भाजपा नेता दिलीप घोष और कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत को कारण बताओ नोटिस जारी किया। रनौत को भाजपा ने हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से उम्मीदवार बनाया है। आयोग ने घोष और श्रीनेत की टिप्पणियों को अशोभनीय और गलत बताया हुए आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) और चुनाव प्रचार के दौरान राजनीतिक दलों को गरिमा बनाए रखने की सलाह का उल्लंघन हैं। 16 मार्च को लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ आदर्श आचार संहिता लागू हो गई।

बढ़ी परेशानियां : यूपी मदरसा बोर्ड में प्रदेश में 12 लाख 70 हजार 36 छात्र हैं पंजीकृत

बोर्ड के फेर में फंसा 13 लाख छात्रों का भविष्य

जीशान कदीर, लखनऊ

अमृत विचार : यूपी मदरसा बोर्ड के सामने 12 लाख 70 हजार 36 पंजीकृत छात्रों को सुरक्षित करने का लक्ष्य है। समायोजित छात्रों की इतनी बड़ी संख्या बोर्ड में कैसे जोड़े, इसको लेकर विभागीय अधिकारी किसी नतीजे तक नहीं पहुंच सके हैं।

हाईकोर्ट का यूपी मदरसा बोर्ड को लेकर दिया अहम फैसला शासन के लिए मुसीबत से कम नहीं है। कोर्ट के आदेश के बाद बोर्ड का क्या होगा, छात्रों का समायोजन सहित अन्य विषयों पर बैठकें जारी हैं। बुधवार को अपर मुख्य सचिव अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ मोनिका गर्ग और निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ जे. रीभा सहित अन्य अधिकारियों ने बैठक की। मदरसा बोर्ड में 12 लाख 70 हजार 36 पंजीकृत छात्रों के समायोजन का मामला उठाया गया। जानकारों की मानें तो बैठक में इन छात्रों को यूपी बोर्ड में समायोजित करने को लेकर एक राय हुई। ऐसे में मदरसा बोर्ड के छात्रों को लेकर यूपी बोर्ड की व्यवस्थाएं नाकाफी मिलीं। बोर्ड रजिस्ट्रार डॉ. प्रियंका अवस्थी का कहना है कि अब तक 12 लाख से अधिक छात्र फीडिंग के क्रम में पंजीकृत हैं। शासन क्या निर्णय लेगा, इसको लेकर उच्चाधिकारियों ने बैठक की है, निष्कर्षों के आधार पर निर्णय लिया जाएगा।

मिनी आईटीआई सिमटी, रोजगार पर ग्रहण

यूपी मदरसा बोर्ड प्रदेश भर में 536 मिनी आईटीआई संचालित करता रहा है। कोर्ट के आदेश के बाद इस व्यवस्था को विराम दे दिया गया। रजिस्ट्रार का कहना है कि मिनी आईटीआई से छात्रों को प्रशिक्षण और रोजगार मिलता रहा है।

33 हजार से अधिक शिक्षकों की सेवाओं पर संशय

मदरसा बोर्ड के पोर्टल पर 33 हजार 692 शिक्षक पंजीकृत हैं। 13 हजार 329 मान्यता प्राप्त मदरसों और 560 एडेड मदरसों में 9646 शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारी अब तक सेवाएं देते रहे हैं। हाईकोर्ट के रुख के बाद इनकी सेवाओं पर संशय बना हुआ है।

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

मुरादाबाद में सपा ने बदला प्रत्याशी रामपुर से दो दावेदारों का नामांकन

आजम के दबाव में मुरादाबाद से पर्चा भर चुके एसटी हसन का पत्ता साफ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/रामपुर

रुचिवीरा

मोहिबुल्लाह नदवी

आसिम रजा

अमृत विचार : आजम खां ने जेल में रहते हुए सपा के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी। आजम के दबाव में ही सपा ने मुरादाबाद से मौजूदा सांसद एसटी हसन का 24 घंटे में ही टिकट काटकर बिजनौर की पूर्व विधायक रुचि वीरा को प्रत्याशी घोषित कर दिया। जबकि हसन मंगलवार को नामांकन कर चुके थे। रामपुर से सपा के प्रत्याशी के सामने आजम के करीबी आसिम रजा ने खुद को सपा उम्मीदवार बताते हुए नामांकन किया। रामपुर से मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार हैं। सपा प्रमुख ने बुधवार सुबह चार्टर्ड प्लेन से देवेंद्र उपाध्याय को सिंबल लेकर रामपुर भेजा, जिसके बाद मोहिबुल्लाह ने नामांकन किया। दोनों लोकसभा सीटों पर अब पार्टी से ही जुड़े दो उम्मीदवार सामने हैं।

पहले चरण के चुनाव में नामांकन के आखिरी दिन बुधवार को रामपुर सीट से दो उम्मीदवारों और मुरादाबाद से रुचिवीरा ने सपा के दूसरे उम्मीदवार के तौर पर नामांकन किया। रुचिवीरा भी आज़म खान की करीबी हैं। रामपुर में जहां पूर्व में लोकसभा उपचुनाव लड़ चुके आसिम रजा ने खुद को सपा उम्मीदवार बताते हुए नामांकन किया। यही दावा करते हुए मोहिबुल्लाह ने भी पर्चा भरा। मोहिबुल्लाह ने नामांकन के बाद कहा, 'मुझे सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भेजा है। आजम खां भी मेरे हमदर्द हैं और मैं उनके लिए दुआ करता हूं। मैंने सपा से नामांकन किया है और मुझे साइकिल का सिंबल मिला है।

- अंतिम दिन मुरादाबाद में रुचिवीरा और रामपुर में मोहिबुल्लाह नदवी ने भरा पर्चा
- रामपुर से सपा के अधिकृत प्रत्याशी के सामने आजम ने आसिम रजा को किया आगे

सपा के अधिकृत प्रत्याशी

राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने बताया कि मुरादाबाद से एस टी हसन की जगह बिजनौर की पूर्व विधायक रुचि वीरा को प्रत्याशी बनाया है। रामपुर से मोहिबुल्लाह नदवी उम्मीदवार हैं। दोनों सीटों पर उम्मीदवारों को लेकर संशय की स्थिति बन गई थी।

पहले चरण के लिए 201 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

लखनऊ। पहले चरण की आठ सीटों पर चुनाव के लिए अब तक 201 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। नामांकन पत्रों की जांच 28 मार्च को होगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सहारनपुर में 19, कैराना में 25, मुजफ्फरनगर में 45, बिजनौर में 27, नगीना (अजा) में 18, मुरादाबाद में 19, रामपुर में 23 व पीलीभीत में 25 नामांकन हुआ। उन्होंने बताया कि 28 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 30 मार्च को प्रत्याशी नाम वापस ले सकेंगे। इन सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान होगा।

केजरीवाल की गिरफ्तारी में दिल्ली हाईकोर्ट का हस्तक्षेप से इनकार

नयी दिल्ली, अमृत विचार नेटवर्क/एजेंसी

- दायर की गयी याचिका पर ईडी को नोटिस, जवाब दाखिल के लिए समय मांगा
- कोर्ट ने दायर याचिका पर दो अप्रैल से पहले ईडी से मांगा जवाब

दिल्ली हाईकोर्ट ने आबकारी नीति घोटाले में ईडी द्वारा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के मामले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने गिरफ्तारी और बाद में ईडी की हिरासत में भेजे जाने को चुनौती देते हुए केजरीवाल की याचिका पर ईडी को नोटिस जारी किया तथा दो अप्रैल से पहले उससे जवाब मांगा। न्यायमूर्ति शर्मा ने रिहाई की अंतरिम राहत देने के केजरीवाल के अनुरोध पर भी ईडी का रूख जानना चाहा।

न्यायमूर्ति शर्मा ने स्पष्ट किया कि अंतिम निस्तारण के लिए इस विषय पर तीन अप्रैल को सुनवाई होगी। हाईकोर्ट ने कहा कि कोई स्थगन नहीं लगाया जाएगा। हाईकोर्ट ने ईडी को अपने जवाब की डिजिटल एवं मुद्रित प्रति याचिकाकर्ता के वकील को देने का निर्देश दिया। केजरीवाल को ईडी ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। बाद में दिल्ली की एक अदालत ने उन्हें 28 मार्च तक के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया था। केजरीवाल ने उच्च कोर्ट से इस आधार पर उन्हें रिहा करने का अनुरोध किया है कि उनकी गिरफ्तारी अवैध है। केजरीवाल के वकील अभिषेक सिंघवी ने अपने मुवक्किल की ओर से कहा, गिरफ्तारी का मकसद सबूत ढूंढना नहीं बल्कि मुझे और मेरी पार्टी को पंगु बनाना था।

मेरी प्रार्थना है कि मुझे अभी रिहा किया जाए। ईडी की ओर से अतिरिक्त सॉलीसीटर जनरल एस वी राजू ने कहा कि कई पन्नों वाली याचिका की प्रति मंगलवार को ही ईडी को दी गयी है और उस पर जवाब के लिए समय दिया जाना चाहिए। इस बीच इस बात की संभावना है कि ईडी केजरीवाल को उनकी हिरासत खत्म होने पर बृहस्पतिवार को दिल्ली की एक अदालत में पेश कर सकती है।

आप नेता के परिसरों पर ईडी की छापेमारी

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय ने धन शोधन से जुड़े मामले की जांच के सिलसिले में बुधवार को दिल्ली में आम आदमी पार्टी के नेता दीपक सिंगला के परिसरों पर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सिंगला ने विश्वास नगर सीट से आप के टिकट पर दिल्ली विधानसभा चुनाव लड़ा था लेकिन हार गए थे। सूत्रों ने कहा कि छापेमारी कुछ कथित वित्तीय अनियमितताओं से जुड़ी थी।

दिल्ली सरकार जेल से नहीं चलेगी: उपराज्यपाल

नई दिल्ली। उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी सरकार जेल से नहीं चलने दी जाएगी। सक्सेना की यह टिप्पणी आप नेताओं के उन बयानों की पृष्ठभूमि में आई, जिसमें उन्होंने कहा था कि अरविंद केजरीवाल जेल में रहने के बावजूद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देंगे। उपराज्यपाल ने कहा कि दिल्ली सरकार जेल से नहीं चलेगी।

SELECTION POINT
The Complete Family Store
दूल्हे हम सजाते हैं।

डिज़ाइनर सूट | शेरवानी | जोधपुरी
कुर्ता पायजामा | डिज़ाइनर शर्ट
45, Civil Lines, Bareilly 8266800220
D.D. Puram, Bareilly 7088300050

पढ़ते रहिये... अमृत विचार
फेस्टिवल ऑफर
₹5/- प्रतिदिन

पीएचडी प्रवेश के लिए नेट स्कोर मान्य

नई दिल्ली, एजेंसी

नेट स्कोर का उपयोग छात्र विभिन्न विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षाओं के स्थान पर पीएचडी कार्यक्रम में प्रवेश के लिए कर सकते हैं। बुधवार को जारी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के पत्र के अनुसार श्रेणी 2 और 3 में अर्हता प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को पीएचडी में प्रवेश के लिए टेस्ट स्कोर के लिए 70 प्रतिशत वेटेज और साक्षात्कार के लिए 30 प्रतिशत वेटेज दिया जाएगा।

यूजीसी सचिव प्रोफेसर मनीष आर जोशी ने बताया कि पीएचडी के लिए एक राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा से छात्रों को मदद मिलेगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनईपी 2020) को लागू करने की प्रक्रिया के रूप में राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (एनईटी) के प्रावधानों की समीक्षा के लिए एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया था। 13 मार्च, 2024 को हुई बैठक में समिति की सिफारिशों के आधार पर, यह निर्णय लिया गया कि शैक्षणिक वर्ष 2024-2025 से पीएचडी में प्रवेश पाने के लिए छात्र नेट स्कोर का उपयोग कर सकते हैं। पीएचडी में प्रवेश के लिए अंकों के उपयोग हेतु नेट के परिणाम को उम्मीदवार द्वारा प्राप्त अंकों के साथ प्रतिशत में घोषित किया जाएगा। पीएचडी रेगुलेशन 2022 के तहत जेआरएफ उत्तीर्ण छात्रों को साक्षात्कार के आधार पर पीएचडी में प्रवेश दिया जाता है।

इन श्रेणियों में नेट उम्मीदवार होंगे पात्र

- श्रेणी (1) पीएच.डी. में प्रवेश के लिए पात्र जेआरएफ के साथ, (ii) सहायक प्रोफेसर के रूप में नियुक्ति के लिए।
- श्रेणी (2) पीएच.डी. में प्रवेश के लिए पात्र जेआरएफ के बिना (ii) सहायक प्रोफेसर के रूप में नियुक्ति के लिए।
- श्रेणी (3) केवल पीएचडी कार्यक्रम में प्रवेश के लिए पात्रता (ii) जेआरएफ पुरस्कार या सहायक प्रोफेसर के रूप में नियुक्ति के लिए नहीं।

उत्तर प्रदेश के लिए कांग्रेस के चार और उम्मीदवार घोषित

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए आठवीं सूची जारी करते हुए बुधवार को 14 और उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पार्टी ने झारखंड, मध्य प्रदेश, तेलंगाना तथा उत्तर प्रदेश के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद से डॉली शर्मा, बुलंदशहर (सु) से शिवराम वाल्मीकि, सीतापुर से नकुल दुबे तथा महाराजगंज से वीरेंद्र चौधरी को कांग्रेस ने उम्मीदवार बनाया है।

ईडी की कार्रवाई में जब्त 3000 करोड़ जनता को लौटाएंगे: मोदी

नयी दिल्ली/कोलकाता, एजेंसी

- प्रधानमंत्री ने कहा- ये पैसा जनता को वापस हो, इसके लिए कानूनी विकल्प तलाश रहे हैं

प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को कहा कि वह यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं कि पश्चिम बंगाल में गरीबों से लूटा गया और ईडी द्वारा कुर्क किया गया धन जनता को वापस मिले। प्रधानमंत्री का अनुमान है कि राज्य में नौकरी पाने के लिए रिश्वत के रूप में दी गई राशि करीब 3,000 करोड़ रुपये है।

भाजपा के नेताओं ने बताया कि मोदी ने कृष्णानगर लोकसभा क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस की महुआ मोइत्रा के खिलाफ पार्टी की उम्मीदवार और पूर्ववर्ती राजघराने की सदस्य अमृता रॉय के साथ टेलीफोन पर बातचीत में यह बात कही। पार्टी सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री ने अमृता रॉय से कहा कि भ्रष्टाचारियों ने आम जनता का पैसा लूटा है और ईडी ने उन भ्रष्टाचारियों से जो भी संपत्ति और धन जब्त किया है, उसे गरीब जनता को वापस दिया जाए... यह सुनिश्चित करने के लिए वह कानूनी विकल्प तलाश रहे हैं। भाजपा नेताओं के अनुसार, मोदी ने कहा कि एक तरफ वर्तमान केंद्र सरकार देश से भ्रष्टाचार को उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्ध है तो दूसरी तरफ सारे भ्रष्ट एक दूसरे को बचाने के लिए एक साथ आ गए हैं। प्रधानमंत्री और रॉय के बीच हुई बातचीत का विवरण देते हुए पार्टी के नेताओं ने बताया कि प्रधानमंत्री का अनुमान है कि राज्य में नौकरी पाने के लिए रिश्वत के रूप में दी गई राशि करीब 3,000 करोड़ रुपये है। मोदी ने रॉय से कहा कि वह लोगों को इसके बारे में बताएं। उन्होंने कहा कि सत्ता में वापस आने के तुरंत बाद वह ऐसा रास्ता निकालेंगे ताकि लोगों के पैसे वापस मिलें।

आप सांसद सुशील रिंकू और अंगुराल भाजपा में शामिल

नई दिल्ली। पंजाब के जालंधर से आप सांसद सुशील कुमार रिंकू और जालंधर पश्चिम के विधायक शीतल अंगुराल बुधवार को भाजपा में शामिल हो गए। पार्टी मुख्यालय में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, पार्टी महासचिव विनोद तावड़े और पार्टी की पंजाब इकाई के अध्यक्ष सुनील जाखड़ की मौजूदगी में दोनों ने सदस्यता ग्रहण की। तावड़े ने कहा कि दोनों नेताओं के आने से पंजाब में भाजपा मजबूत होगी। पुरी ने कहा कि जहां 'डबल इंजन' की सरकार है वहां तो विकास हो रहा है, लेकिन पंजाब पीछे रह गया। केंद्र व राज्य में एक पार्टी की सरकार को अक्सर 'डबल इंजन' की सरकार कहते हैं।

सियासत

नामांकन पत्र खरीदने से वरुण के निर्दलीय लड़ने की चल रही थीं चर्चाएं, अंतिम दिन अटकलों पर लगा विराम

35 साल बाद पीलीभीत से खत्म हुई मेनका-वरुण की दावेदारी

वैभव शुक्ला, पीलीभीत



अमृत विचार: लोकसभा चुनाव के पहले चरण के नामांकन दाखिल करने के आखिरी दिन पीलीभीत के मौजूदा सांसद वरुण गांधी नहीं पहुंचे, जिससे उन सभी अटकलों पर विराम लग गया कि पार्टी द्वारा टिकट नहीं दिए जाने के बाद वह निर्दलीय मैदान में उतर सकते हैं। सभी की निगाहें वरुण गांधी के अगले कदम पर लगी थी। पिछले सप्ताह उनके प्रतिनिधि द्वारा नामांकन पत्र खरीदे जाने के बाद चर्चा तेज हो गई थी। पार्टी ने वरुण गांधी की जगह राज्य सरकार के मंत्री जितिन प्रसाद को पीलीभीत सीट से उम्मीदवार बनाया है। 35 सालों में यह पहला मौका है जब मां-बेटे की जोड़ी राज्य के तराई क्षेत्र के पीलीभीत निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव मैदान में नहीं होगी। मेनका गांधी या फिर वरुण 1989 से लगातार इस सीट से चुनाव लड़ते आ रहे हैं, लेकिन इस बार दोनों में से कोई भी यहां से मैदान में नहीं है। किसानों, स्वास्थ्य और नौकरियों के मुद्दों पर कई बार भाजपा की आलोचना करने वाले वरुण गांधी को इस बार पार्टी ने टिकट नहीं दिया। पीलीभीत लोकसभा सीट पर 35 साल से गांधी परिवार (मेनका गांधी-वरुण गांधी) का वर्चस्व रहा है। 1989 से 2019 तक नौ चुनावों में सिर्फ एक बार हार का मुंह देखना पड़ा था। 1989 में मेनका गांधी ने जनता दल के टिकट पर चुनाव लड़ा और कांग्रेस सांसद भानु प्रताप सिंह को हराया था। 1991 में राम लहर के बीच भाजपा के परशुराम गंगवार ने जीत दर्ज की। 1996 में मेनका ने जनता दल से लड़कर भाजपा के परशुराम गंगवार को शिकस्त दी। 1998 व 1999 में मेनका गांधी ने स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव जीता। 2004 में मेनका ने भाजपा के टिकट पर सपा के सत्यपाल गंगवार को हराया। 2009 में इस सीट से वरुण गांधी चुनाव मैदान में उतरे। यह उनका पहला चुनाव था। वरुण ने कांग्रेस के वीएम सिंह को हराया। 2014 में इस सीट पर मेनका गांधी की वापसी हुई। मेनका ने सपा के बुद्धसेन वर्मा को हराया। 2019 में वरुण पीलीभीत लौटे। इस बार वरुण गांधी के तेवर अपनी ही सरकार को कई बार असहज कर गए। वह जब भी पीलीभीत आए सरकार की योजनाओं को नकारते ही रहे। इस बार उनका टिकट काटकर पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद को प्रत्याशी घोषित कर दिया। 27 मार्च को भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद ने शीर्ष नेताओं की मौजूदगी में नामांकन किया।

वरुण को नई जिम्मेदारी देने की चर्चा

भाजपा उम्मीदवार जितिन प्रसाद के नामांकन दाखिल करने के बाद एक रैली को संबोधित करते हुए, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने कहा, वरुण गांधी एक वरिष्ठ नेता हैं और पार्टी जल्द ही उन्हें कोई जिम्मेदारी देगी। रैली में मौजूद स्वतंत्र देव सिंह ने कहा, वरुण गांधी हमारे नेता हैं और पार्टी उनका इस्तेमाल किसी और जगह करेगी।

भाजपा के स्टार प्रचारकों में मोदी शाह, योगी और दुर्विजय शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 40 स्टार प्रचारकों में राजनाथ सिंह, जेपी नड्डा भी शामिल महिलाओं में स्मृति और हेमा मालिनी समेत चार नाम

अमृत विचार: पश्चिमी उप्र से शुरू हो रहे लोकसभा चुनाव के पहले चरण के प्रचार में भाजपा ने बुधवार को 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी समेत राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री सभी आठ सीटें जीतने का बिगुल फूंकेंगे। आधी आबादी के लिए महज चार स्टार प्रचारकों में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, सांसद व अभिनेत्री हेमा मालिनी, प्रदेश की महिला कल्याण मंत्री बेबी रानी मौर्या और महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य का नाम है।

स्टार प्रचारकों की सूची में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी है।

अन्य स्टार प्रचारकों में प्रदेश के लोकसभा चुनाव प्रभारी बैजयंत जय पांडा, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, दुर्विजय सिंह शाक्य, स्वतंत्र देव सिंह, धर्मपाल सिंह शामिल है। केंद्रीय मंत्रियों में पीयूष गोयल, एसपी सिंह बघेल, बीएल वर्मा, संजीव कुमार बालियान है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी, संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह समेत राज्य सरकार के मंत्री जयवीर सिंह, नरेंद्र कश्यप, असीम अरुण, कपिल देव अग्रवाल, सुरेंद्र सिंह नागर, चौधरी लक्ष्मी नारायण, सुनील शर्मा के अलावा मुख्तार अब्बास नकवी, सोमेंद्र तोमर, जसवंत सैनी, दानिश आजाद, अश्विनी त्यागी, सुभाष यदुवंश, सत्येंद्र सिसोदिया, संतोष सिंह शामिल हैं।

सियासी हलचल

विपक्षी नेताओं को चुनाव में रोक रही है केंद्र सरकार : कांग्रेस

बरेली, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए आयोजित महानगर कांग्रेस की बैठक में केंद्र की भाजपा सरकार पर देश में अघोषित आपातकाल लागू कर दिए जाने का आरोप लगाया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए महानगर अध्यक्ष अजय शुक्ला ने कहा कि देश की संवैधानिक संस्थाओं पर नियंत्रण कर विपक्षी नेताओं को चुनाव से रोकने की कोशिश की जा रही है जो घोर निंदनीय है। उन्होंने कहा कि गठबंधन प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। पूर्व पार्षद महेश पंडित ने कहा कि चुनाव संचालन समितियों का गठन कर दिया गया है जिसमें सभी वरिष्ठ नेता शामिल हैं। महानगर प्रवक्ता योगेश जौहरी ने कहा कि सभी वार्डों की बूथ कमेटी तैयार हो चुकी है। बैठक में पूर्व पीसीसी असलम चौधरी, योगेश जौहरी, महसर खान, सादिक अंसारी, कौशल किशोर अग्रवाल, सूर्य प्रकाश सक्सेना, मुकेश वाल्मीकि, उपाध्यक्ष मसूद अली पीरजादा, सरवत हुसैन हाशमी, फिरोज खान आदि मौजूद रहे।

अशफाक सकलैनी फिर बने जिला कांग्रेस अध्यक्ष

बरेली, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने बरेली जिला कांग्रेस कमेटी घोषित कर दी है। इसमें एक बार फिर मिर्जा अशफाक सकलैनी को जिलाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा जिला प्रवक्ता पंडित राज शर्मा, कोषाध्यक्ष कमरुदीन सैफी, उपाध्यक्ष जुनैद हसन एडवोकेट, दिनेश दद्दा, राजन उपाध्याय, इलियास अंसारी, सुरेश चंद वाल्मीकि, नाहिद सुल्ताना और हेमेंद्र शर्मा बनाए गए हैं। इसके अलावा कलीम अख्तर, जावेद अजहरी, पाकीजा खान, मुराद बेग, ब्रह्मानंद शर्मा, सुखविंद्र सिंह, उल्फत कठेरिया, चंद्रपाल कश्यप, प्रदीप जायसवाल, मुकेश वाल्मीकि महासचिव और अलाउद्दीन अंसारी, मिस्री लाल गंगवार, अमित कश्यप, गंगा सहाय पाठक, फिरोज अंसारी, रामपाल माली, उरुज फातिमा, अनुज पाठक, रजनीश पाठक, सुधीर रस्तोगी, संदीप शर्मा, इमरान रजा, गुफरान अंसारी, साहिब सिंह, नईम शेर, नवाब सरताज, नाजिम अली, हारुन अली, फहीम खान सचिव बनाए गए हैं। जिला प्रवक्ता ने बताया कि कमेटी में पुराने और वरिष्ठ अनुभवी लोगों को महत्व दिया गया है।

जितिन प्रसाद के नामांकन में पहुंचे बहेड़ी के भाजपाई

बहेड़ी, अमृत विचार : पीलीभीत- बहेड़ी लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद के नामांकन में बहेड़ी के सैकड़ों भाजपाइयों ने भागीदारी की। सुबह करीब दस बजे नगर पालिका अध्यक्ष रश्मि जायसवाल, उनके पति अजय जायसवाल, मोहन सिंह, नरेश शर्मा, जितेंद्र सक्सेना, सूर्य प्रकाश समेत सैकड़ों भाजपाई दर्जनों वाहनों में बैठकर पीलीभीत जाकर जितिन के नामांकन में शामिल हुए।

बदायूं से बेदखल संघमित्रा को सीट की तलाश, सपा में उठापटक अभी बाकी

- नीरज मौर्य घोषित हो चुके हैं प्रत्याशी मगर आंवला में नहीं जमा पा रहे पैर
- आंवला में चुनाव तीसरे चरण में, सोच-समझकर फैसला करेगी पार्टी

स्वामी प्रसाद की अखिलेश यादव से मुलाकात के बाद पार्टी में आंवला सीट पर प्रत्याशी बदलने के कयास

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : बदायूं, बरेली और पीलीभीत की सीटों पर भाजपा के अपने पत्ते खोलने के बाद सपा में एक बार फिर नए सिरे से रणनीति बनाने के कयासों को हवा मिलनी शुरू हो गई है। कहा जा रहा है कि बदायूं में भाजपा का दोबारा प्रत्याशी बनने की दौड़ से बाहर हुई संघमित्रा के लिए सीट की तलाश आंवला में पूरी हो सकती है। संघमित्रा के पिता स्वामी प्रसाद मौर्य की सपा प्रमुख अखिलेश यादव से मुलाकात के बाद बुधवार को पार्टी में इसकी चर्चा भी शुरू हो गई।

भाजपा में मंडल की पांच सीटों में से तीन सीटों पर अपने सांसदों का टिकट इस चुनाव में काटा है। इनमें बरेली के सांसद रहे संतोष गंगवार 75 साल की उम्र पार कर चुके हैं और टिकट कटने के बाद अपनी राजनीतिक पारी के समापन की भी घोषणा कर चुके हैं। पीलीभीत के सांसद वरुण गांधी के बारे में कई तरह की अटकलें लग रही थीं, लेकिन बुधवार को पीलीभीत में नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद उन पर भी विराम लग चुका है। अब सिर्फ संघमित्रा ही रह गई हैं जिन्हें किसी नई पार्टी के साथ नए सिरे से अपनी राजनीतिक पारी की शुरुआत करनी है।

टिकट कटने की स्थिति में संघमित्रा के बदायूं से सटी मौर्य बहुल आंवला सीट पर चुनाव लड़ने के कयास पहले से लगाए जा रहे थे लेकिन उनके पिता स्वामी प्रसाद मौर्य की सपा प्रमुख अखिलेश यादव की मुलाकात के बाद पार्टी में बुधवार को यह चर्चा तेजी से फैली। कहा जा रहा है कि हाईकमान ने जिले के नेताओं से इस बारे में फीडबैक मांगा है। सपा ने आंवला से अब तक नीरज मौर्य को प्रत्याशी घोषित कर रखा है लेकिन उन्हें अब तक वहां अपने पैर जमाने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। इसे देखते हुए बहुत संभव माना जा रहा है कि पार्टी आंवला में अपना प्रत्याशी बदलकर संघमित्रा को उतारने का फैसला कर ले।

अंदरखाने इस तरह की संभावना जता रहे पार्टी के लोग यह भी तर्क दे रहे हैं कि आंवला प्रत्याशी नीरज मौर्य की स्वामी प्रसाद मौर्य के साथ काफी नजदीकी रही है। स्वामी प्रसाद ही उन्हें भाजपा से सपा में लाए थे, इसलिए इस बात की उम्मीद नहीं है कि नीरज मौर्य अपनी जगह संघमित्रा को आंवला से चुनाव लड़ाने का फैसला होने पर बहुत ज्यादा विरोध करें। हालांकि संघमित्रा की ओर से टिकट कटने के बाद भाजपा के ही साथ रहने का दावा किया गया है, लेकिन इसे सिर्फ राजनीतिक बयान माना जा रहा है। पार्टी सूत्रों का यह भी कहना है कि चूंकि बरेली में तीसरे चरण में मतदान होना है, इसलिए पार्टी के पास आंवला सीट पर फैसला करने के लिए काफी वक्त है।

24 18वीं लोकसभा का चक्रव्यूह

बरेली मंडल की तीन सीटों पर भाजपा के नए चेहरे, अबकी पिछली बार से ज्यादा कड़े हो सकते हैं मुकाबले

चुनावी तस्वीर जैसे-जैसे साफ हो रही है, उससे बरेली मंडल की कई सीटों पर पिछली बार से ज्यादा कड़े मुकाबले होने के आसार बनते जा रहे हैं। बरेली में भाजपा की ओर से छत्रपाल सिंह गंगवार पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ने जा रहे हैं और उनका मुकाबला पूर्व सांसद प्रवीण सिंह ऐरन से होना है। पीलीभीत में भाजपा की ओर से जितिन प्रसाद और बदायूं में दुर्विजय सिंह शाक्य भी पहली बार उतारे गए हैं। सपा प्रत्याशियों के चयन से लेकर रणनीति बनाने तक पूरा जोर लगा रही है। बदायूं में धर्मेंद्र यादव की जगह शिवपाल सिंह को चुनाव मैदान में उतारा जा चुका है। अब आंवला में भी सिर्फ इसलिए प्रत्याशी बदले जाने की संभावना जताई जा रही है ताकि मुकाबले में कोई कमी न रहे।

आंवला: मौर्य प्रत्याशी ही दे सकता है कड़ी टक्कर

आंवला लोकसभा क्षेत्र में मौर्य बिरादरी के मतदाता निर्णायक स्थिति में हैं। इसी वजह से सपा ने शाहजहांपुर की जलालाबाद सीट से विधायक रहे नीरज मौर्य को यहां लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाया है। बसपा ने 2004 के चुनाव में मौर्य बिरादरी के सुधीर मौर्य को आंवला से प्रत्याशी बनाया था जो सिर्फ तीन हजार वोटों से हार गए थे। सुधीर मौर्य के इसी प्रदर्शन के कारण अगली बार बसपा ने उन्हें बरेली सीट से प्रत्याशी घोषित किया लेकिन नामांकन के तीन दिन पहले उमेश गौतम बसपा का टिकट ले आए। इसके बाद सुधीर मौर्य ने बसपा से इस्तीफा देकर भाजपा ज्वाइन कर ली थी।

बरेली : मुस्लिम महिला को उतार सकती है बसपा

बसपा का जोर मुस्लिम प्रत्याशी पर ही है। पार्टी ने मंडल की पांच सीटों में से अब तक तीन पर प्रत्याशी घोषित किए हैं जिनमें से दो मुस्लिम हैं। बरेली से भी पहले पार्टी की ओर से चुनाव लड़ चुके मुस्लिम प्रत्याशी को दोबारा टिकट देने की चर्चा थी लेकिन अब इसमें फेरबदल की संभावना जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि एक राजनीतिक परिवार की मुस्लिम महिला को प्रत्याशी बनाने पर विचार किया जा रहा है। यह भी कहा जा रहा है कि बसपा के मुस्लिम प्रत्याशियों को चुनाव में उतारने से सपा की राह कठिन होती जा रही है।

जनता का मंच

पहले की तुलना में क्या भ्रष्टाचार कम हुआ है?

बरेली, अमृत विचार : भ्रष्टाचार वैसे तो हर किसी को प्रभावित करता है लेकिन एक वर्ग ऐसा है जो खुद कहीं भ्रष्टाचार का शिकार होता है तो कहीं किसी और को शिकार बनाकर भरपाई कर लेता है। अंत में सारी मार गरीब वर्ग को ही झेलनी पड़ती है। लोगों का कहना है कि हाल के बरसों में काफी कुछ ऑनलाइन होने से भ्रष्टाचार का स्तर कुछ कम हुआ है लेकिन जहां निगरानी नहीं है, वहां कुछ नहीं बदला। कभी कार्रवाई होती है तो छोटे कर्मचारी ही नपते हैं, किसी अधिकारी की जवाबदेही सुनिश्चित नहीं की जाती।

भ्रष्टाचार बढ़ा भी है और घटा भी है लेकिन

आम आदमी अब भी उतना ही प्रभावित है। दरअसल, शिक्षा अभी उस स्तर पर नहीं है। पढ़ाई के बाद जब कोई नौकरी शुरू करता है तो उसका पहला लक्ष्य पैसा कमाना ही होता है। चाहे वह कर्मचारी हो या अधिकारी। राजनेता भी इससे अलग नहीं हैं। - **मुक्ता मित्तल**, कालीबाड़ी

भ्रष्टाचार से आम जनता के लिए

परेशानियां कम नहीं हुई हैं। कहने को बहुत सारी योजनाओं को ऑनलाइन कर दिया गया है, इससे इन योजनाओं में तो भ्रष्टाचार घटा है लेकिन जहां निगरानी नहीं है, वहां अब भी गरीबों का शोषण किया जा रहा है। भ्रष्टाचार के नए-नए तरीके ढूंढे जा रहे हैं। - **गिरीश सिंह**, कालीबाड़ी

काफी कुछ ऑनलाइन होने से कुछ

भ्रष्टाचार कम हुआ है लेकिन इसका जो लाभ आम लोगों तक पहुंचना चाहिए, वह अब भी नहीं पहुंच रहा है। अधिकारियों के स्तर पर सबसे ज्यादा आम आदमी का हिस्से में ही सेंध लगाई जाती है। इस भ्रष्टाचार पर काबू करने के लिए कुछ नहीं हुआ है। - **रंजीत सरकार**, नकटिया

भ्रष्टाचार कम होने के बजाय बढ़ा है।

हालांकि यह नहीं कह सकते कि इसका कारण राजनीति है या कुछ और लेकिन यह साफ दिखता है कि अधिकारी अब बेखौफ हैं और भ्रष्टाचार एडवांस हो गया है। भ्रष्टाचार की मार पैसे वाले लोग तो झेल लेते हैं लेकिन गरीब आदमी को भारी कीमत चुकानी पड़ती है। - **जसबीर सिंह**, रामपुर बाग

राजनीति में भ्रष्टाचार को परिभाषित करना मुश्किल है। राजनीति के कारण भ्रष्टाचार बढ़ा है या कम हुआ है, इस पर कुछ कह नहीं सकते लेकिन समाज में भ्रष्टाचार कहीं न कहीं कम होता हुआ दिख रहा है। निगरानी का तंत्र मजबूत होने के कारण अब लोग उतना खुले तौर पर भ्रष्टाचार नहीं मचा सकते। इसकी वजह से कहीं न कहीं सख्ती ही है। एक सत्तारूढ़ दल की कार्यशैली अगर सख्त होती है तो सिस्टम में भ्रष्टाचार से दूर रहने का खौफ रहता है। सख्ती से ही भ्रष्ट तंत्र को नियंत्रित किया जा सकता है। - **डॉ. मनमीत**, प्रोफेसर राजनीति शास्त्र बरेली कॉलेज

छोटा पड़ा चुनाव कार्यालय बाहर बैठे नेता

प्रदेश अध्यक्ष की बैठक के दौरान चुनाव कार्यालय छोटा पड़ गया। विधायकों को दरवाजे तक कुर्सी लगाकर बैठना पड़ा। इस पर प्रदेश अध्यक्ष ने कड़ी नाराजगी जताई और कार्यालय का विस्तार करने का निर्देश दिया।

छत्रपाल सिंह को हर हाल में जिताएं

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने बैठक में की चुनावी तैयारियों की समीक्षा

बरेली, अमृत विचार : भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने बुधवार शाम लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की और संतोष गंगवार की जगह प्रत्याशी घोषित किए गए छत्रपाल सिंह गंगवार को हर हाल में जिताने का निर्देश दिया।

प्रदेश अध्यक्ष ने जवाहर नगर स्थित पार्टी के चुनाव कार्यालय पर पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संगठन की मजबूती पर भी चर्चा की। कहा, भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। मतदाता सूची के साथ सभी कार्यकर्ता तैयारी में जुट जाए। बैठक में बदायूं सीट से प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य, ब्रज क्षेत्र के प्रभारी व एमएलसी संतोष सिंह, जिला प्रभारी देवेंद्र चौधरी, लोकसभा क्षेत्र प्रभारी राकेश गुप्ता, संयोजक राजकुमार शर्मा, सह संयोजक डॉ. केएम अरोरा, मेयर उमेश गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, जिलाध्यक्ष पवन शर्मा, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, विधायक संजीव अग्रवाल, डॉ. डीसी वर्मा, डॉ. एमपी आर्य, बंटी ठाकुर, मीडिया प्रभारी अंकित माहेश्वरी आदि मौजूद रहे।

भाजपा कार्यालय में बैठक करते प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी। ● अमृत विचार

पीलीभीत में चुनाव के लिए बरेली से जाएंगे वाहन

बरेली, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में पीलीभीत के लिए बरेली से भी वाहन मांगे गए हैं। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने वाहनों के अधिग्रहण की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए एआरटीओ राजेश कर्दम को नोडल अधिकारी बनाया गया है। पीलीभीत में पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा। पीलीभीत जिला प्रशासन ने बरेली से 67 बड़े वाहन चुनाव के लिए मांगे हैं। आरटीओ प्रवर्तन दिनेश कुमार सिंह ने अपनी टीम से वाहनों के इंतजाम के निर्देश दिए हैं।

पैरामिलिट्री फोर्स के साथ किया भ्रमण

बरेली, अमृत विचार : चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से कराने के लिए पुलिस लगातार गश्त कर रही है। बुधवार को द्वितीय और मीरगंज सर्किल में पुलिस ने संवेदनशील क्षेत्रों में पैरामिलिट्री फोर्स के साथ भ्रमण किया। प्रभारी निरीक्षक किला ने भी फोर्स के साथ अलग-अलग क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया और लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया।

चुनाव प्रशिक्षण के पहले दिन 73 कार्मिक नदारद

बरेली, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव लेकर मतदान कार्मिकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण राजकीय इंटर कॉलेज में शुरू हो गया है। पहले दिन बुधवार को दोनों पालियों में 73 कार्मिक प्रशिक्षण से नदारद रहे। सीडीओ जगप्रवेश ने बताया कि अनुपस्थित पीठासीन अधिकारियों को अगले दिन प्रशिक्षण में शामिल होने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशिक्षण से गैरहाजिर रहने वाले कार्मिकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। प्रशिक्षण में कुल 111 कार्मिक अनुपस्थित रहे। सुबह की पाली में 1240 में से 1202 कार्मिक मौजूद रहे, जबकि 38 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में 1240 में से 1205 कार्मिक उपस्थित रहे, जबकि 35 अनुपस्थिति रहे।

चुनाव ड्यूटी कटवाने के लिए 205 आवेदन

बरेली, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में ड्यूटी कटवाने के लिए मतदान कार्मिक अलग-अलग कारण बताकर आवेदन कर रहे हैं। अब तक 205 कार्मिकों के आवेदन आए हैं, जिसमें किसी ने बीमारी तो किसी ने कोई और कारण बताया है। इन सभी कारणों की जांच की जा रही है कि कहीं किसी ने ड्यूटी से बचने के लिए गलत आवेदन तो नहीं किया है। हालांकि अभी तक किसी की ड्यूटी नहीं काटी गई है।

सहायक प्रभारी कार्मिक अधिकारी तेजवंत सिंह ने मुख्य चिकित्साधिकारी के अधीन गठित मेडिकल बोर्ड की जांच रिपोर्ट पर ही अग्रिम निर्णय लेने की बात कही है। चुनाव के लिए सभी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। इनका प्रशिक्षण भी शुरू हो चुका है लेकिन कई कर्मचारी ऐसे हैं जो निर्वाचन ड्यूटी से दूरी बनाना चाहते हैं। सहायक प्रभारी कार्मिक अधिकारी के कक्ष में कई कार्मिकों ने आवेदन किए हैं, इनमें ज्यादातर मामलों में बीमारी को वजह बताया गया है। बुधवार को एक शिक्षिका ने पति की बीमारी का हवाला दिया। इस पर उसे मेडिकल बोर्ड के समक्ष जाने के लिए कहा गया। इसी तरह किसी ने छोटे बच्चे की देखभाल के लिए ड्यूटी काटने का आवेदन किया। कई ने ब्लड प्रेशर की समस्या बताई है।

देरी से पहुंचे डॉक्टर, इंतजार करते रहे कार्मिक: बुधवार को मेडिकल बोर्ड में शामिल डॉक्टरों की टीम देरी से पहुंची। जिसकी वजह से विकास भवन सभागार के बाहर कार्मिकों को इंतजार करना पड़ा। सबसे ज्यादा दिक्कत गर्भवती कार्मिकों को हुई। पैनल में शामिल महिला डॉक्टर करीब एक घंटा देरी से पहुंची।

विकास भवन सभागार में चुनाव ड्यूटी कटवाने पहुंचे मतदान कार्मिक। ● अमृत विचार



तौकीर की सरेंडर के लिए और मोहलत देने की अर्जी पर नहीं हो सकी सुनवाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- अर्जी में बीमारी का दिया था हवाला, सुनवाई के लिए अब एक अप्रैल की तारीख नियत

अमृत विचार : शहर में 2010 के दंगे के केस के मुख्य अभियुक्त मौलाना तौकीर रजा की ओर से बीमारी का हवाला देकर सरेंडर के लिए और मोहलत देने के लिए बुधवार को जिला जज की अदालत में अर्जी दी गई लेकिन शोकावकाश की वजह से उस पर सुनवाई नहीं हो सकी। अदालत ने केस की अगली सुनवाई के लिए अब एक अप्रैल की तारीख नियत की है।

दंगे के केस की सुनवाई करते हुए पांच मार्च को फास्ट ट्रैक कोर्ट ने तौकीर रजा को मुख्य अभियुक्त करार देते हुए पेश होने का आदेश दिया था। इसके बाद 11 मार्च को उनके खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी कर दिया गया। तौकीर रजा की ओर से इसके खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी जिस पर हाईकोर्ट ने उन्हें 27 मार्च तक ट्रायल कोर्ट में पेश होकर जमानत अर्जी देने का आदेश दिया था। इस बीच दंगे का केस फास्ट ट्रैक कोर्ट से जिला जज की अदालत में ट्रांसफर हो गया। शनिवार को तौकीर रजा की तबियत बिगड़ गई। इसकी वजह से वह अदालत में पेश नहीं हो सके। तौकीर की ओर से बुधवार को उनके वकील आशीष कुमार ने जिला जज की अदालत में अर्जी देकर सरेंडर करने के लिए और मोहलत देने का आग्रह किया गया।

इसमें कहा गया कि मौलाना हार्ट के मरीज है, तबियत बिगड़ने पर उन्हें शहर के निजी अस्पताल मे भर्ती कराया गया था, जहां से उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया है। इस अर्जी पर एक वरिष्ठ अधिवक्ता के देहांत पर शोकावकाश घोषित होने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। जिला शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि हाईकोर्ट के आदेश पर तौकीर अदालत मे हाजिर नहीं हुए। अब दंगे के केस जिला जज विनोद कुमार के कोर्ट मे एक अप्रैल को सुनवाई होगी।

दिल्ली में डॉक्टरों की निगरानी में आईएमसी प्रमुख

बरेली, अमृत विचार : आईएमसी के मीडिया प्रभारी मुनीर इदरीसी ने बताया कि मौलाना को दिल्ली के अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां डॉक्टर उनकी निगरानी कर रहे हैं। बरेली के डॉक्टरों ने उन्हें बाईपास सर्जरी कराने के लिए कहा है, लेकिन अब दिल्ली के अस्पताल के ही डॉक्टर तय करेंगे कि उनके स्वास्थ्य के लिए क्या उचित रहेगा। मौलाना की तबियत बिगड़ने के बाद समर्थक लगातार उनका हालचाल ले रहे हैं।

दिल्ली भेजने के तर्क पर डॉक्टरों के बीच छिड़ा मेसेज वार

बरेली, अमृत विचार : मौलाना तौकीर रजा को खुशलोक अस्पताल से बाईपास सर्जरी के लिए दिल्ली रेफर किए जाने के बाद शहर के डॉक्टरों के बीच व्हाट्सएप ग्रुप में मेसेज वार शुरू हो गया है। कई डॉक्टरों ने इस दावे पर कड़ी आपत्ति की है कि बरेली में एडवांस बाईपास सर्जरी की सुविधा न होने की वजह से मौलाना को दिल्ली रेफर किया गया है।

मौलाना तौकीर की शनिवार शाम उनके आवास पर ही तबियत बिगड़ने की बात कही गई थी जिसके बाद उन्हें खुशलोक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में भर्ती मौलाना की फोटो वायरल हुई तो कुछ डॉक्टरों ने ही उस पर टिप्पणियां शुरू कर दीं। इसके बाद जब बाईपास सर्जरी के लिए दिल्ली रेफर किए जाने का दावा किया गया तो यह मामला और तूल पकड़ गया। बुधवार को पूरे दिन इस पर डॉक्टरों के व्हाट्सएप ग्रुप में मेसेज वार चलता रहा। कई डॉक्टरों ने तर्क दिया कि बरेली के मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में कई बरसों से एडवांस बाईपास सर्जरी की जा रहीं है। इसके बावजूद इसके लिए बरेली के बजाय दिल्ली रेफर किए जाने का गलत दावा किया गया है।

- डॉक्टरों ने कहा- बरेली में एडवांस बाईपास सर्जरी की सुविधा न होने का दावा गलत

> हमारे यहां बाईपास सर्जरी की सुविधा नहीं है, इसलिए हायर सेंटर ले जाने की सलाह दी। बरेली में बाईपास सर्जरी के कई वरिष्ठ चिकित्सक हैं। परिवार वाले खुद तौकीर रजा को दिल्ली ले गए। –डॉ. विनोद पागरानी, खुशलोक अस्पताल

गंगाशील अस्पताल के कार्डियक सर्जरी विभाग के निदेशक डॉ. विशाल अग्रवाल ने कहा कि बरेली में बाईपास सर्जरी न होने की बात किसी भी जिम्मेदार को नहीं कहनी चाहिए। यहां 2008 से यह सर्जरी हो रही हैं। वह इससे भी एडवांस सर्जरी कर चुके हैं। वह 2021 से गंगाशील अस्पताल में कार्डियक सर्जरी के निदेशक हैं। यहां पूरी टीम ऐसे मरीजों की सर्जरी के लिए है। दूरदराज से मरीज यहां सर्जरी कराने आते हैं।

तौकीर हाजिर नहीं हुए लेकिन कचहरी परिसर में रही कड़ी सुरक्षा

बरेली, अमृत विचार : दंगे के केस में वांछित आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां के अदालत में सरेंडर करने की संभावना की वजह से बुधवार को जनपद न्यायालय परिसर में कड़ी सुरक्षा रही। दोपहर बाद तक यहां भारी तादाद में पुलिस फोर्स तैनात रखी गई। पुलिस ने संदिग्ध लोगों की तलाशी भी ली। हालांकि तौकीर हाजिर नहीं हुए। उनके वकील की ओर से सरेंडर के लिए मोहलत देने की अर्जी देने के बाद चेकिंग बंद कर दी गई।

मोहनुपर से चोरी हुई गाय के अवशेष मिले

बरेली, अमृत विचार : कैंट थाना क्षेत्र के मोहनपुर से दो दिन पहले एक गाय चोरी हो गई। इस मामले में पीड़ित ने थाने में तहरीर दी लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। बुधवार को गाय के अवशेष खेतों में पड़े मिले। इस मामले में पुलिस अधिकारियों को एक्स पर पोस्ट कर शिकायत की गई। अधिकारियों ने पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई का आदेश दिया है।

बेंगलुरू के कैफे में बम धमाके की जांच कर रही एनआईए का धौराटांडा में छापा

मौलाना को उठाकर थाना भोजीपुरा में पांच घंटे पूछताछ, बाहर न जाने की हिदायत देकर छोड़ा

संवाददाता, बरेली/भोजीपुरा

- एक मार्च को रामेश्वरम कैफे में हुए धमाके में निकला है आईएसआईएस का हाथ
- मौलाना का पासपोर्ट जब्त किया, कॉल डिटेल की भी जांच करेगी एनआईए

अमृत विचार : बेंगलुरू के रामेश्वरम कैफे में हुए बम धमाके के सिलसिले में नेशनल इन्वेस्टीगेशन एजेंसी (एनआईए) की एक टीम ने बुधवार को गांव धौराटांडा में छापा मारा और यहां से मौलाना मोहम्मद उमैर को थाना भोजीपुरा लाकर पांच घंटे तक पूछताछ की। इस पूछताछ में मौलाना से कोई अहम जानकारी नहीं मिली तो एनआईए ने उन्हें कहीं बाहर न जाने की हिदायत देकर छोड़ दिया। मौलाना का पासपोर्ट जब्त कर लिया गया है। उनकी कॉल डिटेल की भी जांच की जा रही है।

बेंगलुरू के रामेश्वरम कैफे में एक मार्च को आईईडी धमाका हुआ था जिसमें नौ लोग घायल हो गए थे। प्रारंभिक छानबीन में इस धमाके के पीछे आतंकी संगठन आईएसआईएस का हाथ होने की पुष्टि होने के बाद अब एनआईए इसकी जांच कर रही है। एनआईए की टीम ने मंगलवार को ही अलग-अलग राज्यों के 17 ठिकानों पर छापे मारे थे। अब तक पांच लोगों को हिरासत में भी लिया गया है। बुधवार तड़के एनआईए की लखनऊ यूनिट की एक टीम बरेली पहुंची। यहां से सुबह छह बजे भोजीपुरा के नायब तहसीलदार को साथ लेकर धौराटांडा में मौलाना मोहम्मद उमैर के घर पहुंची और उन्हें उठाकर थाना भोजीपुरा ले आई।

एनआईए की टीम थाने में एसएचओ के कक्ष में मौलाना से करीब पांच घंटे तक बेंगलुरू के रामेश्वरम कैफे में हुए बम धमाके के बारे में पूछताछ की। पूछताछ में कोई खास जानकारी न मिलने के बाद उन्हें छोड़ दिया गया लेकिन हिदायद दी गई कि पुलिस को बगैर बताए वह कहीं न जाएं। इंस्पेक्टर भोजीपुरा ने बताया कि मौलाना से एनआईए की टीम ने एकांत में पूछताछ की। उन्हें कुछ हिदायतें देकर छोड़ दिया गया है।

बेंगलुरू की मस्जिद में मौलाना मोहम्मद उमैर पढ़ाते थे नमाज कई दिन से ढूंढ रही थी एनआईए

मौलाना मोहम्मद उमैर बेंगलुरू की एक मस्जिद में नमाज पढ़ाते थे। रामेश्वरम कैफे में बम धमाके के बाद वह वहां से अपने पैतृक गांव धौराटांडा चले आए। बताया जाता है कि यहां से वह विदेश जाने की तैयारी कर रहे थे, लेकिन इसी बीच टीम ने उन्हें उठा लिया। पुलिस के मुताबिक एनआईए की टीम कई दिन से मौलाना की तलाश में थी, लेकिन उनकी लोकेशन नहीं मिल पा रही थी। बुधवार को उनके धौराटांडा की एक मस्जिद में मौजूद होने की पुष्टि होने के बाद आननफानन पहुंची टीम ने छापा मारकर उन्हें उठा लिया और पूछताछ के लिए थाने ले गई।

इसलिए शक... मौलाना की मस्जिद में नमाज पढ़ने गया था आतंकी

सीसीटीवी फुटेज की जांच से पता चला था कि रामेश्वरम कैफे में बम धमाका करने वाला आतंकी बेंगलुरू की ही एक मस्जिद में नमाज पढ़ने गया था। इसकी तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर वायरल हुई हैं। इसी मस्जिद में मौलाना मोहम्मद उमैर नमाज भी पढ़ाते थे। धमाके के बाद वहां से चले आने पर उनकी ओर शक की सुई घूमी थी। इसी वजह से एनआईए की टीम मौलाना से पूछताछ करने के लिए आई थी।

होली निपटते ही फिर भीषण बिजली कटौती

बरेली, अमृत विचार : होली के बाद फिर से शहर में मरम्मत कार्य के लिए बिजली कटौती शुरू हो गई है। बुधवार को महानगर और जगतपुर में कई घंटे बिजली गुल रही। गर्मी में बिजली कटौती से लोगों की परेशानी बढ़ गई है।

पॉवर कॉरपोरेशन ने गर्मी में बेहतर बिजली आपूर्ति के लिए फरवरी में अनुरक्षण माह मनाने के निर्देश दिए थे लेकिन मार्च के अंतिम सप्ताह तक भी काम पूरे नहीं हो सके हैं। होली पर मरम्मत कार्यों पर अधिकारियों ने रोक लगा दी थी लेकिन होली के बाद अब फिर से काम शुरू हो गए हैं। बुधवार को महानगर, महानगर पार्ट 2, आशुतोष सिटी, परवाना नगर, मुंशीनगर, आकांक्षा एन्क्लेव और वनखंडी नाथ फीडर पर मरम्मत कार्य की वजह से सुबह 11 से शाम 4 बजे तक बिजली कटौती की गई। इसके अलावा जगतपुर विद्युत उपकेंद्र के चक चुंगी और रोहली टोला फीडर पर मरम्मत कार्य की वजह से सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक बिजली गुल रही। इसके अलावा किला, सुभाषनगर और सिविल लाइंस, पुराना शहर, शाहदाना क्षेत्र में भी बिजली कटौती और ट्रिपिंग से लोग परेशान हुए।

पुराने बस अड्डे से नॉवल्टी चौराहा होकर नहीं जाएंगी बसें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कुतुबखाना पुल से उतरते ही नॉवल्टी चौराहे पर लगता है जाम
- कॉलेज गेट के पास से गुजरेंगी बसें दिल्ली गेट पर गार्ड तैनात

अमृत विचार : कुतुबखाना पुल चालू होने के बाद कोतवाली के सामने और नॉवल्टी चौराहा पर जाम लग रहा है। इसकी प्रमुख वजह रोडवेज बसें भी हैं, क्योंकि पुराने बस अड्डे से निकलने के बाद बसें नॉवल्टी चौराहा पर खड़े होकर सवारियां भरने लगती हैं। इस समस्या के समाधान के लिए बसों के अड्डे से नॉवल्टी चौराहा होकर जाने पर रोक लगा दी गई है। अब बदायूं, अलीगढ़, मथुरा की ओर जाने वाली सभी बसें सिकलापुर चौराहा, बरेली कॉलेज, रामपुर गार्डन, चौकी चौराहा होकर ही जा सकेंगी। बस अड्डे के दिल्ली गेट पर गार्ड तैनात कर दिए गए हैं।

जाम की समस्या के समाधान के लिए कुतुबखाना पुल बनाया गया लेकिन पुल शुरू होने के बाद लगातार जाम लगना शुरू हो गया। कमिश्नर, आईजी और नगर आयुक्त ने भी मौके का निरीक्षण कर अधिकारियों को समस्या के समाधान के निर्देश दिए थे। अब रोडवेज के अधिकारियों ने बसों के रूट में परिवर्तन किया है।

> नॉवल्टी चौराहे पर जाम की समस्या के समाधान के लिए अब पुराने बस अड्डे से कोई भी बस नॉवल्टी चौराहे होकर नहीं जाएगी। इसके लिए दिल्ली गेट पर गार्ड भी तैनात किए गए हैं। – लक्ष्मी सिंह, स्टेशन इंचार्ज

कल होगी बूंदाबांदी मगर गर्मी से नहीं मिलेगी राहत

बरेली, अमृत विचार : जिले का मौसम एक बार फिर तेजी से बदल रहा है। होली के बाद से गर्मी बढ़ गई है। मौसम विभाग ने 29 मार्च को बूंदाबांदी का पूर्वानुमान जताया है लेकिन इसके बावजूद गर्मी से राहत नहीं मिलने वाली है। दो दिन में तापमान 35 से 36 डिग्री तक पहुंच सकता है। बुधवार को अधिकतम तापमान 33.3 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पिछले एक सप्ताह में तापमान में छह डिग्री की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई। दिन के साथ रात के तापमान में भी तीन डिग्री की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। पंत नगर यूनिवर्सिटी के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि 29 मार्च को पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से बारिश की संभावना है।

- बरेली में तापमान 33.3 डिग्री सेल्यियस पहुंचा, दो दिन में 35 पार जाएगा पारा

नाथ कॉरिडोर की सड़कों का काम अधूरा

बरेली, अमृत विचार : नाथ कॉरिडोर की सड़कों का काम अधूरा ही रह गया। पीडब्ल्यूडी ने पांच सड़कों को 31 मार्च तक बनाकर तैयार करने का दावा किया था। अब अधिकारी काम रुकने की वजह होली को बता रहे हैं।

शहर के सात नाथ मंदिरों को जोड़ने वाले 11 मार्गों का चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण होना है। पीडब्ल्यूडी ने दावा किया था कि कुदेशिया फाटक से त्रिवटीनाथ मंदिर, नैनीताल रोड से सूद धर्मकांटा तक, हार्टमन ब्रिज से रामलीला मैदान, मढ़ीनाथ मंदिर से श्मशान भूमि और डेलापीर से सूद धर्मकांटा तक सड़क 31 मार्च तक चौड़ी हो जाएगी, अन्य छह मार्गों का निर्माण होने में समय लगेगा, लेकिन मढ़ीनाथ मंदिर से श्मशान भूमि और हार्टमन ब्रिज से रामलीला मैदान रोड पर काम पूरा नहीं हो सका।

कारोबारी के लापता नौकर का दो दिन बाद हाईवे किनारे मिला शव

पत्नी ने मालिक पर लगाया हत्या कर शव फिंकवाने का लगाया आरोप, थाना सुभाषनगर में दी तहरीर

संवाददाता, बरेली/फरीदपुर

अमृत विचार : सुभाषनगर से ड्यूटी पर निकले घी कारोबारी के नौकर का शव दो दिन बाद फरीदपुर में हाईवे किनारे मिला। परिजनों ने कारोबारी पर हत्या कर शव फिंकवाने का आरोप लगाया है। मृतक की पत्नी ने सुभाषनगर थाने में हंगामा कर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की। पोस्टमार्टम में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

मढ़ीनाथ निवासी लकी शर्मा के मुताबिक उनके पिता रवि शर्मा (40) आलमगीरीगंज में देसी घी के एक कारोबारी के यहां आठ साल से नौकरी करते थे। पिता 24 मार्च की सुबह सात बजे दुकान पर जाने की बात कहकर घर से निकले थे लेकिन वापस नहीं आए। बुधवार को दोपहर करीब एक बजे रवि शर्मा का शव केसरपुर गांव के पास सड़क किनारे डिवाइडर के पास मिला। पुलिस ने व्हाट्सएप ग्रुप पर शव का फोटो शेयर किया तो सुभाषनगर पुलिस ने परिजनों को पहचान के लिए केसरपुर भेजा। रवि के बेटे लकी शर्मा ने शव की शिनाख्त की। पुलिस के समझाने पर परिजनों ने अंतिम संस्कार किया। रवि शर्मा की पत्नी उर्मिला ने बताया कि जब पति वापस नहीं आए तो उन्होंने दुकान पर पहुंचकर कारोबारी से बातचीत की, लेकिन उन्होंने कहा कि रवि दुकान पर नहीं आए, जबकि अन्य लोगों ने कहा कि वह आए थे। जब गोदाम दिखाने को कहा तो कारोबारी ने मना कर दिया। उन्होंने आशंका जताई है कि घी कारोबारी ने ही उनके पति की हत्या करके शव फिंकवा दिया होगा।

थाना सुभाषनगर में बिलखते परिजन। ● अमृत विचार

विसरा रिपोर्ट के बाद होगी कार्रवाई

बेटे लकी ने बताया कि उन्होंने रविवार को पुलिस को गुमशुदगी की सूचना दी लेकिन पुलिस ने कहा कि तलाश करो, हो सकता है कि मिल जाएं। पुलिस ने दो दिन बाद मंगलवार को गुमशुदगी दर्ज की। बुधवार को पिता का शव मिल गया। लोगों ने घी कारोबारी पर हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की। इस पर पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की बात कही। इंस्पेक्टर सुभाषनगर सतीश कुमार राय ने बताया कि परिजनों ने घी कारोबारी के खिलाफ तहरीर दी थी लेकिन पोस्टमार्टम में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका। अब विसरा रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

युवक पर जानलेवा हमला, गोली चलाई 21 लोगों पर रिपोर्ट

बरेली, अमृत विचार : सुभाषनगर में एक युवक की 21 लोगों ने घेरकर पिटाई कर दी। आरोपियों ने युवक पर पथराव और फायरिंग भी की। पुलिस ने 21 लोगों के खिलाफ जानलेवा हमला समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

शिवनगर, मढ़ीनाथ निवासी अंकुश सक्सेना ने बताया कि उससे राहुल गोस्वामी, जितेन्द्र, भूरा, अक्षय, विनोद यादव, विवेक गोस्वामी और अन्नू रंजिश मानते हैं। 26 मार्च को शाम पांच बजे वह मढ़ीनाथ पुलिया पर जा रहा था। इसी दौरान आरोपी और उसके 10-15 अज्ञात साथी आ गए और घेरकर लाठी-डंडों और धारदार हथियार से हमला कर दिया। किसी तरह वह जान बचाकर भागा तो आरोपियों ने तमंचों से फायरिंग की। कुछ आरोपियों ने पथराव भी किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

एक दिन पहले दूसरे युवक पर किया था पथराव : मढ़ीनाथ निवासी आकाश गुप्ता ने पुलिस से शिकायत की कि 25 मार्च को वह मोहल्ले में होली खेलने के लिए जा रहा था। इसी दौरान बुलेट पर सवार विनोद यादव, जितेन्द्र भोपा और राहुल गोस्वामी ने बाइक का पहिया चढ़ा दिया। विरोध करने पर आरोपियों के साथी अक्षय, अन्नू, विवेक और आठ से दस अज्ञात लड़के आ गए और पथराव कर दिया, जिससे उसके सिर में 15 टांके आए हैं।

बाघ एक्सप्रेस से कटकर महिला की मौत

बरेली, अमृत विचार : सिटी श्मशान भूमि क्रॉसिंग पर बाघ एक्सप्रेस की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। महिला बंद क्रॉसिंग को पार कर रही थी। हादसे के वक्त महिला का बेटा भी साथ में था लेकिन पीछे होने के कारण वह बच गया।

किला के मोहल्ला कुंवरपुर निवासी 50 वर्षीय बीना पत्नी जोगेंद्र पाल सिंह बुधवार सुबह छह बजे बाकरगंज से मंदिर में पूजा करने जा रही थीं। उनके साथ बेटा अरविंद भी था। सिटी श्मशान भूमि क्रॉसिंग को 13019 बाघ एक्सप्रेस को गुजारने के लिए बंद किया गया था। बीना बूम के नीचे से क्रॉसिंग पार करने लगीं कि तभी ट्रेन आ गई। ट्रेन की टक्कर लगने से वह दूर जाकर गिरीं और सिर में चोट लगने से उनकी मौत हो गई। बरेली जंक्शन से आरपीएफ और किला थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

गंगाशील अस्पताल में विगत ढाई वर्षो में 240 से अधिक कार्डियक सर्जरी-डॉ. विशाल अग्रवाल

2021 से लगातार डॉ. विशाल दे रहे हैं गंगाशील अस्पताल में पुन: सेवायें

डॉ. निशान्त गुप्ता

वर्ष 2007 में गंगाशील अस्पताल बरेली मंडल का प्रथम अस्पताल बना जहाँ कार्डियक सर्जरी की शुरुवात हुई थी। वर्ष 2008 से 2011 तक डॉ. विशाल अग्रवाल ने गंगाशील अस्पताल में अपने सेवाएं दी और कार्डिओ थोरेसिक एवं वैस्कुलर सर्जरी के विभिन्न ऑपरेशन जैसे बायपास सर्जरी, वाल्व रिप्लेसमेंट (मिट्रल वाल्व, एओर्टिक वाल्व, डबल वाल्व), वाल्व रिप्लेसमेंट के साथ ट्राइकस्पिड वाल्व रिपेयर, दिल के छेद के ऑपरेशन, लोबेक्टॉमी, एम्बोलेक्टोमी, वेरिकोस वेन का इलाज आदि को सफलतापूर्वक किया वर्ष 2011 से 2021 के दौरान अन्य कार्डियक सर्जन ने अपनी सेवाएं गंगाशील अस्पताल में दी और इस दौरान भी डॉ. विशाल अग्रवाल विजिटिंग चिकित्सक के तौर पर गंगाशील अस्पताल से जुड़े रहे। डॉ. विशाल ने इन दस वर्षो में दिल्ली के विभिन्न कॉर्पोरेट अस्पतालों में अपनी सेवाएं दी और देश - विदेशो के मरीजों का ऑपरेशन किया। इस दौरान दिल्ली में डॉ. विशाल ने जटिल से जटिल कार्डियक ऑपरेशन्स किया और अधिक संख्या में ऑपरेशन करने का अनुभव प्राप्त किया। गंगाशील अस्पताल को पुनः ज्वाइन करने से पूर्व में डॉ. विशाल - मैक्स हॉस्पिटल, वैशाली, ग़ाज़ियाबाद में बतौर डायरेक्टर - कार्डियक सर्जरी कार्यरत थे।

अब पुनः 2021 से डॉ. विशाल गंगाशील अस्पताल में अपनी सेवाएं दे रहे है। उनके साथ कार्डियक सर्जरी की यूनिट में डॉ. हिमांशु (डी. एन. बी. - सी. टी. वी. एस.) - सहयोगी कार्डियक सर्जन, डॉ. रणधीर सिंह (एम. डी. - एनेस्थेसिया) - एनेस्थेटिस्ट, डॉ. ज्ञानेंद्र गुप्ता (एम. डी., पी डी. सी. सी. - क्रिटिकल केयर) - क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट, श्री संजीव चौहान - परफुसिओनिस्ट फुल टाइम उपलब्ध है। अब तक डॉ. विशाल को 7000 से अधिक कार्डियक करने का विशाल अनुभव है जो उनके नाम को सत्य चरितार्थ करता है, इसी वजह से वो अभी गंगाशील अस्पताल में डायरेक्टर - कार्डियक सर्जरी के पद पर कार्यरत है

डॉ. विशाल ने अपनी दूसरी पारी के विगत ढाई वर्षो में गंगाशील अस्पताल में तक़रीबन 240 कार्डियक ऑपरेशन्स कर लिया है। चुकी पूरी टीम यहाँ फुल टाइम उपलब्ध है इमरजेंसी में अर्जेंट बाईपास सर्जरी की सुविधा बरेली में निरंतर प्रदान की जा रही है। कार्डियक सर्जरी में होने वाली नोन कॉम्प्लीकेशन्स को सँभालने हेतु मेडिसिन के अन्य ब्रांच के डॉक्टर जैसे -डॉ. प्रेम मोहन झा - नेफ्रोलॉजिस्ट, कार्डियोलॉजिस्ट - डॉ. निशांत गुप्ता, डॉ. राहुल सिंह एवं डॉ. मो. कलीम, डॉ. सौरभ कौशिक - गैस्ट्रोएन्टेरोलॉजिस्ट व अन्य सुपर स्पेशलिस्ट उपलब्ध है। अस्पताल के प्रबंध निदेशक डॉ. निशांत गुप्ता ने बताया की चिकित्सको के अलावा उक्त सुपर स्पेशलाइज्ड ऑपरेशन को सफलता पूर्वक करने हेतु मॉडुलर ऑपरेशन थिएटर, पोस्ट सर्जरी आई सी यू, एडवांस्ड हार्ट एवं लंग मशीन, हेमिलटन वेंटिलेटर्स, अत्याधुनिक वर्क स्टेशन इत्यादि गंगाशील में उपलब्ध है।

गंगाशील की कार्यकारी निदेशिका एवं वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. शालिनी में बताया की ऑपरेशन हेतु अनुभवी टेक्निशंस, आई सी यू नर्स, डायटीशियन, फ़िज़ियोथेरेपिस्ट एवं सपोर्टिंग स्टाफ के कर्मठता इस विभाग को सुचारु रूप से चलाने के लिए अत्यंत अनिवार्य है जिसको हम गंगाशील अस्पताल में पूरी जिम्मेदारी से कर रहे है।

डॉ. विशाल बताते है की बरेली में कार्डियक सर्जरी के साथ साथ ट्रांसकथेतर एओर्टिक वाल्व इम्प्लांटेशन (तावी) करने वाला गंगाशील पहला अस्पताल है। उनके पुनः ज्वाइन करने पर सी टी वी एस विभाग का उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री माननीय श्री धर्मपाल जी द्वारा किया था।

Advt.

कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह, डॉ. एन.के. गुप्ता व अन्य

डॉ. शालिनी ने बताया कि आपरेशन हेतु अनुभवी टेक्नीशियन्स आई.सी.यू. नर्स, डायटिशियन, एवं कर्मठ विभाग द्वारा सुचारू रूप से गंगाशील अस्पताल में पूरी जिम्मेदारी से कार्य कर रहे हैं।

इमरजेंसी में भी अर्जेंट बाईपास सर्जरी की सुविधा बरेली में निरंतर प्रदान की जा रही है-डा विशाल

जिला अस्पताल में होली मनाकर नहीं लौटे डॉक्टर

तीन दिन की छुट्टी के बाद ओपीडी में पहुंचे दो हजार से अधिक रोगी, संविदा डॉक्टरों ने दिया परामर्श

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : होली के तीन दिन के अवकाश के बाद बुधवार को जिला अस्पताल और तीन सौ बेड अस्पताल में मरीजों की भीड़ उमड़ी। जिला अस्पताल में स्थाई डॉक्टर छुट्टी से वापस नहीं लौटे तो संविदा डॉक्टरों ने मरीजों को परामर्श दिया। भीड़ के चलते मरीजों को परेशानी से जूझना पड़ा।

जिला अस्पताल में दो हजार से अधिक मरीजों को इलाज के साथ परामर्श दिया गया। इनमें बुखार रोगियों की संख्या अधिक रही। इमरजेंसी वार्ड में मरीजों में सड़क हादसे में घायल होने वाले ज्यादा थे।

होली की छुट्टी के चलते तीन दिन से सरकारी अस्पतालों में ओपीडी का संचालन आधे दिन तक हुआ। इस वजह से मरीजों की संख्या कम रही, लेकिन बुधवार को जिला अस्पताल और तीन सौ बेड अस्पताल में मरीजों की भीड़ रही।

जिला अस्पताल में ओपीडी के दौरान दवा लेने के लिए काउंटर पर लगी मरीजों की कतार। ● अमृत विचार

- **बुखार रोगियों की संख्या सबसे ज्यादा रही**

होली के कारण जिला अस्पताल में तैनात स्थाई डॉक्टर बुधवार तक अवकाश से नहीं लौटे। अस्पताल प्रशासन के अनुसार मरीजों की सहूलियत के चलते रोस्टर के अनुसार संविदा डॉक्टरों की ड्यूटी ओपीडी में लगाई गई थी।

ओपीडी में चिकित्सक के कक्ष के आगे लगी मरीजों की लाइन।

एक दिन में 305 मरीजों को लगी एंटी रेबीज वैक्सीन

बरेली, अमृत विचार : तीन सौ बेड अस्पताल में बुधवार को रिकार्ड 305 मरीजों को एंटी रेबीज वैक्सीन लगाई गई, जिसमें 70 फीसदी मरीज कुत्ता काटने के मामले के थे। वहीं, एआरवी केंद्र के बाहर ओपीडी के दौरान मरीजों की कतार लगी रही। शहर में कुत्ता और बंदरों का आतंक कम नहीं हुआ है। इनके हमले से घायल हुए लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है। मरीज का मोबाइल चोरी, हंगामा एआरवी केंद्र पर एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाने आई महिला का मोबाइल चोरी हो गया। इस पर महिला ने हंगामा किया। स्टाफ ने उसे समझाकर शांत कराया। करीब एक घंटे बाद वह भाई के साथ घर लौट गई।

तीन दिन बाद खुले कार्यालय तो बकाया वसूली करने में जुटे बिजली कर्मचारी

बरेली, अमृत विचार : वित्तीय वर्ष समाप्त होने से पहले बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारी बकाया वसूली में जुट गए हैं। होली की छुट्टी की वजह से तीन दिन बाद कार्यालय खुले तो अधिकारियों और कर्मचारियों ने लोगों को फोन कर बकाया जमा करने के लिए कहा। जिन उपभोक्ताओं के बकाया बिल नहीं बने हैं, उनके बिल बनाकर घर पहुंचाए जाएंगे। अधीक्षण अभियंता अंबा प्रसाद वशिष्ठ ने बताया कि मार्च महीना समाप्त होने वाला है। इसकी वजह से अधिकारियों को वसूली बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

बच्ची में ब्रेन टीबी की पुष्टि, रेफर

बरेली, अमृत विचार : जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड में भर्ती सात साल की बच्ची में ब्रेन टीबी की पुष्टि हुई है। जांच के बाद बच्ची को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। हालांकि, बच्ची की हालत गंभीर बनी हुई है।

फरीदपुर निवासी युवक ने बुधवार को पूर्वाह्न 11 बजे बच्चा वार्ड में बच्ची को भर्ती कराया। स्टाफ ने जांच की तो बच्ची में ब्रेन टीबी की पुष्टि हुई। प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। परिजनों के अनुसार कई माह से बच्ची के दिमाग में दर्द होने की शिकायत बनी हुई थी, निजी अस्पतालों में भी कई बार डॉक्टरों की सलाह ली, लेकिन आर्थिक तंगी के चलते वहां इलाज नहीं करा पा रहे थे। इस कारण उन्होंने बच्ची को यहां भर्ती कराया था। हालांकि, दोपहर एक बजे परिजन सरकारी एंबुलेंस से बच्ची को हायर सेंटर ले गए।

- **गंभीर हालत में बच्ची को जिला अस्पताल में कराया था भर्ती**

चार साल बाद भी सेटेलाइट बस अड्डे का नहीं हो सका विकास

बरेली, अमृत विचार : सेटेलाइट बस अड्डे का पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) के तहत एयरपोर्ट की तर्ज पर विकास अधूरा है। टेंडर होने के बाद भी बस अड्डे को विकसित करने के लिए कोई कंपनी आगे नहीं आई।

- **पीपीपी मोड पर होना था काम, आगे नहीं आई कोई कंपनी**

प्रदेश सरकार ने वर्ष 2019 में सुविधाएं बढ़ाने के लिए बस अड्डों को एयरपोर्ट की तरह विकसित करने का फैसला लिया था, लेकिन चार साल बाद भी सेटेलाइट बस अड्डे को विकसित करने का काम शुरू नहीं हो सका है। पिछले साल मुख्यालय की तरफ से निविदाएं डाली गई थीं, लेकिन किसी कंपनी का निर्माण के लिए चयन नहीं हो सका। विकसित होने के बाद बस अड्डे पर एसी वेटिंग हाल, शीतल पेयजल, फूडकोर्ट, एलईडी डिस्प्ले बोर्ड, माडर्न टायलेट, एटीएम, लगेज स्कैनर आदि सुविधाएं होंगी। बरेली रीजन के सेवा प्रबंधक धनजी राम ने बताया कि सेटेलाइट बस अड्डे को एयरपोर्ट की तर्ज पर जो भी काम होने है, वह मुख्यालय स्तर से ही किए जाएंगे। बस अड्डे के निर्माण के लिए अभी तक कोई भी कंपनी आगे नहीं आई है।

टिकट चेकिंग स्टाफ ने 1084 मामलों में वसूले 5.72 लाख

बरेली, अमृत विचार : होली पर ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ ही। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने बिना टिकट और अनियमित टिकट पर सफर किया।

बरेली जंक्शन टिकट चेकिंग स्टाफ ने सात दिनों में ट्रेनों में ऐसे 1084 मामलों में कार्रवाई कर 5.72 लाख का जुर्माना वसूला। 20 मार्च को 207 मामलों में 110000, 21 मार्च को 205 मामलों में 110600, 22 मार्च को 180 मामलों में 96000, 23 मार्च को 210 मामलों में 110500, 24 मार्च को 180 मामलों में 84600, 25 मार्च को 46 मामलों में 25000, 26 मार्च को 56 मामलों में 36 हजार रुपये का जुर्माना वसूला।

हर दर्द का इलाज करते हैं
डॉ. रूप किशोर
समय प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक
गठिया
फालिज
जोड़ों एवं नसों का दर्द
झनझनाहट
सुन्नपन
फातिमा हॉस्पिटल
जगतपुर रोड, बरेली
9267043010

ओम शान्ति हॉस्पिटल
डॉ. पुलकित अग्रवाल
M.B.B.S., D.L.O., D.N.B. (ENT)
(नाक, कान, गला, थायराइड व कैंसर रोग विशेषज्ञ)
रिसर्च इंस्टीट्यूट से नवीनतम टेक्नोलॉजी की विशेष ट्रेनिंग प्राप्त दूरबीन विधि द्वारा नाक, कान, गले के सभी ऑपरेशन में माहिर
● कान का बहना, कम सुनाई देना ● चक्कर आना ● सिर में दर्द ● नाक, कान, गले में चुभन या दर्द होना ● नाक बंद होना, सायनस की समस्या, नाक से खून आना, अत्याधिक छींक आना ● सोते समय खर्राटे आना ● आवाज का बैठ जाना ● मुंह न खुलना ● चेहरे पे दाग या दाने होना, आंखें व चेहरे का भारीपन होना ● खाना निगलने में दिक्कत, मुँह में छाले ● गले में गाँठें
नाक, कान व गले के ऑपरेशन जैसेः-
● कान के पर्दे में छेद ● नाक में टेढ़ी या बढ़ी हुई हड्डी ● गले में टांसिल ● मुँह में कैंसर ● गले में घेंघा या अन्य किसी तरह की गांठ ● लार ग्रंथि में पथरी से आई सूजन ● नाक अथवा जबड़े की टूटी हड्डी ● गले में मांस के कारण बैठी आवाज ● आँख में नासूर का बिना चीरे के ऑपरेशन
दूरबीन द्वारा आधुनिक विधि से कान के पर्दे का चीरा व टाँका रहित ऑपरेशन
मुंह से आंतों तक की दूरबीन विधि की आधुनिक जाँच (ENDOSCOPY CENTRE)
दिल्ली के डॉक्टरों द्वारा एलर्जी का जड़ से इलाज (Immunotherapy)
डॉ. प्रियांशी अग्रवाल
BDS, FDIP, MIDA
(दन्त रोग विशेषज्ञ व इम्प्लांटोलॉजिस्ट)
उपलब्ध सुविधायें
● दाँतों का डिजिटल X-Ray ● दाँतों की नस का इलाज (RCT) ● अत्याधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई (Ultrasonic Scaling) ● दाँतों के कलर की फिलिंग व चाँदी भरना ● फिक्स दाँत (Bridges) ● बत्तीसी बनाना (Complete Denture) ● बिना दर्द के दाँत निकालना ● लेजर द्वारा दाँत के कलर का मसाला भरना (Composite Filing) ● हड्डी में फिक्स दाँत लगाना (Dental Implant) ● टेढ़े-मंढ़े दाँतों का इलाज (Orthodontic Treatment) ● बच्चों के दाँतों की सभी बीमारियों का इलाज
विभाग :- ● नाक, कान, गला रोग ● दन्त रोग ● हड्डी व जोड़ रोग ● चर्म रोग ● जनरल फिजीशियन
24 घण्टे भर्ती एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
ओम शान्ति हॉस्पिटल
निकट बरेली कॉलेज मेन गेट, काली बाड़ी, बरेली
7500692860

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
स्वास्थ्य जाँच पैकेज की व्यापक रेंज
जांचों पर विशेष छूट
समस्त प्रकार की खून जांचे उपलब्ध
39-बी, एकता नगर, चाट बाजार के पास, नीरज लाईफ केयर हॉस्पिटल के सामने, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ
डा. आरिफ हुसैन अन्सारी
M.B.B.S., M.S.
• Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai
मरीज एन्डोस्कोपी द्वारा देखे जाते हैं।
परामर्श शुल्क ₹ 200/-
मिलने का समय
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 7 बजे से 9 बजे तक
(सोमवार से शनिवार)
सुविधायें
• नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
• गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
• कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
• थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
• दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी
पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाईट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)
सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786

अमृत विचार
Lifelines MEDICAL OF BAREILLY
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

प्राइम हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर
नरियावल बाजार के सामने, बिथरीचैनपुर रोड, नरियावल, बरेली
● मेडिसिन विभाग ● सर्जरी विभाग ● स्त्री एवं प्रसूति विभाग ● मानसिक रोग विभाग ● हड्डी रोग विभाग ● न्यूरो विभाग ● बाल रोग विभाग
आयुष्मान योजना के तहत फ्री ऑपरेशन व इलाज
24 घण्टे इमरजेन्सी सुविधा उपलब्ध
डॉ. मिनहाज अली खान एम.डी.
7302532226, 9758044442

यशस्वी क्लीनिक
डॉ. अनिल मिश्रा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
डायबिटीज एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
मो. 9896567597
स्वास्थ्य परामर्श
• डेंगू, टायफाइड, मलेरिया का उचित इलाज
• दिल सम्बन्धित बीमारियां
• शुगर, ब्लडप्रेशर, सीने में दर्द
• बुखार, खांसी, सांस सम्बन्धित बीमारियां
• थायराइड, गठिया, खून की कमी
• जिगर, पेट, लीवर, अल्सर, भूख न लगना, वजन घटना, कब्ज, उल्टी एवं दस्त की बीमारी
• दिमागी बुखार, मिर्गी के दौरे, एन्सेफलाइटिस,
• लकवा, स्ट्रोक, सर दर्द, माइग्रेन
• गुर्दे एवं पेशाब की तकलीफ, गुर्दे की पथरी, प्रोस्टेट का बढ़ना, पेशाब में खून आना व जलन।
समयः प्रातः 9:30 से 2:00 बजे एवं सायं 5:00 बजे से 8:00 बजे तक रविवार को अवकाश रहेगा।
पताः- फेज़ हास्पिटल के सामने बेसमेन्ट में, 100 फुटा रोड, बरेली
सम्पर्क सूत्रः- 7895161674, 7906502059

ADITYA
डा० आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS DNB MINAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
Trust your eyes with us
भूतपूर्व चिकित्सक-
शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल, बरेली
50000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
TIME : 10:00 AM TO 5:00 PM
8077344353
अब इस पते पर उपलब्ध हैं :- आँखों का अस्पताल
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, रेड टेप शोरूम के बराबर में, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

अखिल भारतीय उत्तराखंड महासभा ने खेली फूलों की होली

बरेली, अमृत विचार : अखिल भारतीय उत्तराखंड महासभा का 16 वां वसंतोत्सव और होली मिलन समारोह बुधवार को हाईडिल गेस्ट हाउस में हुआ। इस दौरान सभी सदस्यों ने फूलों की होली खेली। वहीं, कार्यक्रम की समीक्षा और आय व्यय का विवरण रखा गया। राष्ट्रीय मंत्री राजेंद्र प्रसाद घिल्डियाल ने कार्यक्रम में कुछ कमियां बताईं और अगले वर्ष होने वाले वसंतोत्सव में सुधार पर जोर दिया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट योगदान के लिए सुनील सिंह चौहान और गोपाल सिंह मेहरा को सम्मानित किया गया। कार्यवाहक अध्यक्ष केसी जोशी, महासचिव चंदन सिंह नेगी ने भी विचार रखे। भास्कर सिंह रावत, पुष्कर सिंह राणा, हेमंत डिमरी, कमलेश सिंह बिष्ट, एमसी पन्त, महेशानंद, कैलाश, भुवनेश, महेश घिल्डियाल, प्रमोद पंत, सुबोध कंडवाल, सतीश नैथानी, गिरीश चंद्र पांडे मौजूद रहे।

अपग्रेडिंग सेरेमनी में मेधावियों को सम्मानित किया

बरेली, अमृत विचार : स्टेडियम रोड स्थित कैंब्रिज स्कूल में बुधवार को अपग्रेडिंग सेरेमनी में मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि बरेली कॉलेज के सेवानिवृत्त प्रो. दिनेश कुमार सक्सेना और प्रबंध निदेशक डॉ. केए वार्ष्णेय ने सत्र 2023-24 के प्रोग्रेस रिपोर्ट कार्ड वितरित कर जन्नत जुबैर, मो. अफान, सायशा गुप्ता, श्रेया वर्मा, फरिजा, प्रणव कृष्ण वार्ष्णेय, मो. सुमान, मो. फरहान, ईशा राठौर, मो. हस्सान अहमद आदि को पुरस्कृत किया। मुख्य अतिथि ने पूर्व चेयरमैन डॉ. बीके शर्मा की स्मृति में विद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र प्रणव कृष्ण वार्ष्णेय को 2100 रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की। प्रधानाचार्या मिथलेश वार्ष्णेय, डॉ. नवनीत कृष्ण वार्ष्णेय, अवधेश सक्सेना, साधना चौहान, रश्मि त्रिपाठी, रिम्पी, हिमांशी, राजपाल, पीयूष सिंह, हेमलता सक्सेना, हेमा सक्सेना, प्रियंका पाराशरी, शिवांगी, पूजा शर्मा, ज्ञानेश्वर आचार्य आदि का सहयोग रहा।

होली मिलन समारोह में रक्तदान के प्रति किया जागरूक

बरेली, अमृत विचार : ऑल इंडिया रियल फार कल्चरल एजुकेशनल वेलफेयर सोसाइटी ने बुधवार को गुलाब राय इंटर कॉलेज में आयोजित होली मिलन समारोह में लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक किया। अध्यक्ष रजनीश सक्सेना ने रक्तदान के लाभ बताए। इस मौके पर बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव अग्रवाल, अभिषेक सक्सेना, संजीव अवस्थी, हरजीत कौर, बलजीत कौर, रवि सक्सेना, सौरभ सक्सेना, अभिषेक शर्मा, धीरज कुमार, परवेश आदि मौजूद रहे।

केवट प्रसंग का मंचन कर निकाली शोभायात्रा

बरेली, अमृत विचार : ब्रह्मपुरी में चल रही रामलीला में बुधवार को केवट प्रसंग का मंचन कर कलाकारों ने लोगों का मनमोह लिया। लीला के मंचन के बाद क्षेत्र में नाव के साथ यात्रा निकाली गई, जो नरसिंह मंदिर से शुरू होकर मलूकपुर चौराहा, सौदागरान से होते हुए कूंचा सीताराम, बड़ा बाज़ार, नीम की चढ़ाई, साहूकारा पहुंची। इस दौरान जगह जगह रामभक्तों ने यात्रा पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर पर अखंड भारत गौरव ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने यात्रा का स्वागत किया। प्रवक्ता विशाल मेहरोत्रा, अध्यक्ष सर्वेश रस्तोगी, महामंत्री राजू मिश्रा, अंशु सक्सेना, पंकज मिश्रा, राजकुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे

मदरसा दारुल उलूम मजहर-ए-इस्लाम में रोजा इफ्तार

बरेली, अमृत विचार : बिहारीपुर स्थित मदरसा दारुल उलूम मजहर-ए-इस्लाम में रोजा इफ्तार का आयोजन हुआ। मदरसे के मीडिया प्रभारी जुबैर रजा खालिदी के अनुसार यहां जरूरतमंद, गरीबों और मुसाफिरों के लिए रमजान भर रोजा इफ्तार का आयोजन होता है। दारुल उलूम मजहर-ए-इस्लाम की नींव आला हजरत के छोटे बेटे मुफ्ती आजम हिंद ने रखी थी। इस मदरसे से पढ़कर निकले छात्र कई देशों के नामवर उलमा बने। दीन की खिदमत का यह सिलसिला 90 साल बाद भी जारी है। मदरसे के प्रबंधक एवं मुफ्ती ए आजम ट्रस्ट के अध्यक्ष नबीरा आला हजरत मौलाना अनस रजा खान की सरपरस्ती में बुधवार को रोजा इफ्तार कराया गया। इस मौके पर नवासा ए आला हजरत सैयद शोएब मियां ने कहा कि रोजेदार को इफ्तार करना बहुत सवाब का काम है। सकलैन रजा दानिश, हसनैन रजा नूरी, सैयद राजा अली, अरमान रजा खान, फाजिल रजा, आरिश रजा, अख्तर रजा, अब्दुल मन्नान, जुबैर रजा, हस्सान रजा, इमरान रजा, कमर रजा खान, अजीम रजा आदि मौजूद रहे।

बेसिक शिक्षा : बजट का करते रहे इंतजार, निपट गई परीक्षा

स्कूलों में शिक्षकों को खुद करनी पड़ी परीक्षा सामग्री की व्यवस्था

बरेली, अमृत विचार : बजट के इंतजार में ही परिषदीय स्कूलों में वार्षिक परीक्षाएं संपन्न हो गईं। अंतिम दिन बुधवार को कक्षा एक से आठवीं तक के बच्चों की मौखिक परीक्षा हुई। 30 मार्च को स्कूलों में बच्चों का परीक्षाफल वितरित किया जाएगा।

21 मार्च से परिषदीय स्कूलों में वार्षिक परीक्षाएं शुरू हुई थीं। विभाग की ओर से बजट जारी नहीं होने के कारण शिक्षकों को कापी, पेन आदि जरूरी परीक्षा सामग्री की व्यवस्था खुद करनी पड़ी।

यूपी प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष नरेश गंगवार का कहना है कि परीक्षा के लिए स्कूलों को बजट जारी न होना दुर्भाग्यपूर्ण है। यूटा के जिलाध्यक्ष भानू प्रताप सिंह ने कहा कि परीक्षा के लिए स्कूलों को बजट मुहैया नहीं करा पाने के पीछे विभागीय लापरवाही मुख्य वजह है। यूपी जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के मंडल अध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार शर्मा का कहना है कि परीक्षा बजट के लिए संगठन की ओर से फिर से मांग की जाएगी।

रहपुरा चौधरी उच्च प्राथमिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा देते बच्चे। ● अमृत विचार

> बजट को लेकर यहां से शासन को पत्र भेजकर मांग की गई थी। जिला स्तर पर बजट जारी करने का कोई प्रावधान नहीं है। इस संबंध में दोबारा से पत्र भेजा जा रहा है। **संजय सिंह**, बीएसए

15 रुपये प्रति छात्र के हिसाब से मिलती है धनराशि

परिषदीय स्कूलों में वार्षिक और अर्द्धवार्षिक परीक्षा के लिए उच्च प्राथमिक स्कूल में प्रति छात्र 15 और प्राथमिक स्कूल में प्रति छात्र सात रुपये के हिसाब से बजट उपलब्ध कराया जाता है, अंतिम बार 2021 शैक्षिक सत्र में बजट जारी हुआ था। फिलहाल, तीन वर्षों से बजट नहीं मिला है।

पीएचडी प्रवेश परीक्षा सात अप्रैल को प्रस्तावित

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय की पीएचडी प्रवेश परीक्षा 7 अप्रैल को प्रस्तावित है। अब यूजीसी ने नेट के साथ पीएचडी को भी शामिल किया है और इसे सत्र 2024-25 से लागू किया जाएगा। विश्वविद्यालय की पीएचडी प्रवेश परीक्षा के लिए बरेली समेत पांच शहरों में केंद्र बनाए जाएंगे। परीक्षा के लिए करीब 23 सौ आवेदन आए हैं। परीक्षा के लिए आवेदन करीब छह महीने से मांगे गए लेकिन परीक्षा में देरी हुई। पहले 15 से 20 मार्च तक परीक्षा प्रस्तावित थी लेकिन होली की वजह से इसे बढ़ा दिया गया था। यूजीसी के सचिव ने बुधवार को निर्देश जारी किए कि छात्रों की सहूलियत के लिए अब नेट और जीआरएफ के साथ पीएचडी प्रवेश परीक्षा भी होगी। इसे तीन वर्गों में बांटा गया है।

एक अप्रैल से स्वीमिंग पूल के लिए होंगे रजिस्ट्रेशन

बरेली, अमृत विचार : स्पोर्ट्स स्टेडियम के नए सत्र में विभिन्न खेलों में प्रशिक्षण के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। प्रबंधन के अनुसार एक अप्रैल से लर्निंग और एडवांस स्वीमिंग पूल के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो जाएंगे। इसको लेकर तैयारियों को शुरू कर दी गई हैं।

क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी जितेंद्र यादव ने बताया कि एडवांस पूल खेल विभाग को हैंडओवर कर दिया गया है। वहीं, लर्निंग पूल में भी प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। पूल में सफाई का काम चल रहा है।

प्रशिक्षित कोच नहीं, सिर्फ एक जीवन रक्षक

लर्निंग और एडवांस स्वीमिंग पूल में प्रशिक्षित कोच और जीवन रक्षक की कमी है। वर्तमान में दोनों के लिए सिर्फ एक जीवन रक्षक है, जबकि कोच नहीं हैं। नियमानुसार लर्निंग पूल में कम से कम दो कोच और दो जीवन रक्षक, एडवांस पूल में चार कोच और जीवन रक्षक तैनात होना चाहिए। इनकी कमी से प्रबंधन को स्वीमिंग पूल संचालित करने में दिक्कत आ सकती है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार पूल में प्रशिक्षित कोच की तैनाती को लेकर खेल निदेशालय को पत्र लिखा गया है।

होली मिलन में गूंजे भजन

बरेली, अमृत विचार : श्री द्वारिकाधीश सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से बुधवार को नैनीताल रोड स्थित शिव पार्वती मंदिर में होली मिलन समारोह हुआ। इसमें गायक अंजली द्विवेदी ने श्याम बाबा के भजनों की प्रस्तुति दी। ट्रस्ट के रविन्द्र सिंह, रोहित अरोड़ा, विनोद, अजय यादव, विनय सिंह, कुलदीप साहू, धर्मेंद्र सिंह, संजय शर्मा आदि मौजूद रहे।

लिव-इन रिलेशनशिप पर महिलाओं की कानूनी स्थिति पर किया शोध

बरेली, अमृत विचार: रुहेलखंड विश्वविद्यालय से डॉ. उर्मिला देवी ने संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए), ब्रिटेन और भारत में लिव-इन रिलेशनशिप के तहत महिलाओं की कानूनी स्थिति : एक तुलनात्मक अध्ययन पर शोध किया है। उन्होंने शोध में पाया कि भारत में लिव-इन रिलेशनशिप के विभिन्न मुद्दों से निपटने के लिए कोई विशिष्ट कानून नहीं है। मेट्रो संस्कृति में इसको वास्तविक

विवाह माना जाता है और यह शहरी क्षेत्र में अधिक है। महिलाओं के अधिकारों से संबंधित सुरक्षात्मक कानून भारत की तुलना में संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन जैसे अन्य देशों में अधिक उदार हैं। शोध के मुताबिक लिव-इन रिलेशनशिप के संदर्भ में पैदा हुए बच्चों को माता-पिता दोनों से समर्थन पाने का अधिकार है। माता-पिता के रिश्ते की स्थिति के बावजूद, संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन और भारत में कानूनी प्रणालियां माता-पिता दोनों से वित्तीय सहायता के लिए बच्चों के अधिकारों की पुष्टि करती हैं। उन्होंने शोध में कई कानून संबंधी कई सुझाव दिए हैं।

सुंदरदीप कॉलेज ऑफ डासना गाजियाबाद की विभागाध्यक्ष डॉ. उर्मिला ने अपना शोध विश्वविद्यालय के विधि विभागाध्यक्ष डॉ. अमित सिंह के निर्देशन में शोध किया है।

चर्च में विशेष प्रार्थना

बरेली, अमृत विचार : चौकी चौराहा स्थित क्राइस्ट मेथोडिस्ट चर्च में दुखभोग सप्ताह के तहत बुधवार को मुख्य पादरी सुनील के मसीह ने बाइबिल के गीत गाकर प्रार्थना की। वहीं, पादरी प्रमादे नंदा ने श्रद्धालुओं के परिवार में सुख, शांति और समृद्धि के लिए विशेष प्रार्थना की। उन्होंने इस विशेष सप्ताह के बारे में लोगों को विस्तार से बताया।

मुख्य पादरी ने बताया कि गुरुवार को चर्च के संस्कार के अंतर्गत नवयुवक और युवतियों को चर्च की सदस्यता ग्रहण कराई जाएगी। यह मसीही समाज का विशेष संस्कार होता है, इसमें बच्चों को कई हफ्तों तक बाइबिल और चर्च के प्रति नियमों के बारे में बताया जाता है। पादरी एडमंड, डा. डोनाल्ड बी लाल आदि लोग उपस्थित रहे।

एनीमोमीटर हवा की गति भांपकर नियंत्रित करेगा ट्रेन की रफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● **इज्जतनगर मंडल के पहाड़ी क्षेत्र के स्टेशनों के आसपास लगेंगे एनीमोमीटर**

अमृत विचार : रेल प्रशासन ट्रेनों की रफ्तार बढ़ा रहा है। वंदे भारत जैसी सेमी हाईस्पीड ट्रेनें चलने लगी हैं। हवा से पड़ने वाले प्रभाव को रोकने और सुरक्षित यातायात के लिए रेलवे ने अब नया तरीका खोज लिया है। जिन इलाकों में हवा अधिक चलती है। वहां एनीमोमीटर लगाए जाएंगे। इज्जतनगर मंडल के कई पहाड़ी क्षेत्र के स्टेशनों के पास एनीमोमीटर लगाने की तैयारी है।

इज्जतनगर रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि एनीमोमीटर एक प्रकार की आपदा निवारण प्रणाली है, जिसे शून्य से 360 डिग्री और जीरो से 252 किलोमीटर प्रतिघंटा की सीमा के अन्दर वास्तविक समय में हवा की गति का डेटा प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है। अगर हवा की गति 72 से 130 किमी प्रतिघंटा होती है तो उसके अनुसार ट्रेन की गति निर्धारित की जाएगी। हवा की गति पता करने के लिए विभिन्न स्थानों पर एनीमोमीटर लगाए जाएंगे। जिसके माध्यम से आपरेशन कंट्रोल सेंटर हवा की निगरानी करेगा। उन्होंने बताया कि इज्जतनगर रेल मंडल के कई स्टेशन पहाड़ी क्षेत्र में हैं, वहां चलने वाली हवाओं के मुताबिक ट्रेन की रफ्तार को नियंत्रित करना बेहद टेढ़ी खीर होता है। मंडल के काठगोदाम, रामनगर, रानीखेत, टनकपुर जैसे स्टेशन पहाड़ी क्षेत्र में आते हैं। इन स्टेशनों के आसपास एनीमोमीटर लगाने की तैयारी चल रही है।

परास्नातक विषम सेमेस्टर के परिणाम जारी

बरेली, अमृत विचार: रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने परास्नातक विषम सेमेस्टर की परीक्षा के परिणाम जारी कर दिए हैं। छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर रोल नंबर से परिणाम देख सकते हैं। कई छात्रों का परिणाम नहीं दिख रहा है, जिससे वह परेशान हैं और विश्वविद्यालय में अवकाश होने की वजह से उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है।

विश्वविद्यालय ने एमएससी वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, सैन्य अध्ययन, पर्यावरण विज्ञान, गणित, भौतिक विज्ञान, सांख्यिकी, जंतु विज्ञान प्रथम सेमेस्टर और तृतीय सेमेस्टर के परिणाम जारी किए हैं। इससे पहले एमएसडब्ल्यू, एलएलएम और एमकॉम के भी परिणाम जारी किए गए।

32 स्कूलों में विकसित होंगी स्किल लैब

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● **लैब में इंजीनियरिंग, नर्सरी समेत कई ट्रेड का दिया जाएगा प्रशिक्षण**

अमृत विचार : लर्निंग बाई डूइंग कार्यक्रम के तहत जिले के 32 स्कूलों में स्किल लैब विकसित की जाएंगी। शुरुआती चरण में सभी ब्लॉक के दो-दो उच्च प्राथमिक स्कूलों में लैब विकसित की जाएगी।

शासन से प्रति स्कूल 29.5 हजार के हिसाब भी धनराशि भी जारी की जा चुकी है। अधिकारियों के मुताबिक स्किल लैब में बच्चों को कई गतिविधियों के माध्यम से सीखने का अवसर मिलेगा।

जूनियर स्तर के छात्रों को इंजीनियरिंग एंड वर्कशॉप, एनर्जी एंड एनवायरमेंट, एग्रीकल्चर, नर्सरी, गार्डनिंग और होम एंड हेल्थ ट्रेडों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा विज्ञान के रोचक प्रयोग से भी सिखाया जाएगा। चयनित स्कूलों में लैब की स्थापना, ट्रेड से जुड़ी टूलकिट और अन्य सामग्री जल्द आएगी।

इसके अलावा लैब के लिए रंगाई-पुताई, मरम्मत आदि भी कराई जा रही है। बीएसए संजय सिंह ने बताया कि शुरुआती चरण में स्किल लैब विकसित करने के लिए सभी ब्लॉक में दो-दो स्कूलों का चयन किया गया है। नए शैक्षिक सत्र से लैब में प्रशिक्षण शुरू होगा।

उर्स-ए-रहमानी के कुल की रस्म 29 को अदा की जाएगी

बरेली, अमृत विचार : आला हजरत के पोते रेहाने मिल्लत हजरत मौलाना रेहान रजा खान का 39 वां एक दिवसीय उर्स-ए-रहमानी 29 मार्च को दरगाह परिसर में मनाया जाएगा। उर्स का आगाज सुबह कुरानख्वानी से होगा। सुबह आठ बजे रजा मस्जिद में महफिल का आयोजन दरगाह प्रमुख सुब्हानी मियां की सरपरस्ती और सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां की सदारत में होगा। सुबह 9 बजकर 58 मिनट पर कुल शरीफ की रस्म अदा की जाएगी। मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि शाम पांच बजे नात और मनकबत होगी। खुसूसी दुआ के बाद सामूहिक रोजा इफ्तार होगा। मुफ्ती सलीम नूरी बरेलवी ने बताया कि महफिल में अकीदतमंद शिरकत करेंगे।

भीड़ से ट्रेनों का बुरा हाल

जंक्शन पर अवध असम एक्सप्रेस में भीड़ के कारण यात्रियों को चढ़ने में परेशानी से जूझना पड़ा। ● अमृत विचार

थनैला रोग से दुधारू पशुओं को बचाएगा आईवीआरआई

● **बायोलॉजिकल अलार्म डिवाइस के प्रोजेक्ट पर करेगा काम**

बरेली, अमृत विचार : भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) दुधारू पशुओं को थनैला रोग से बचाएगा। वह केंद्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान और राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान संस्थान हिसार (हरियाणा) के साथ मिलकर बायोलॉजिकल अलार्म डिवाइस से संबंधित प्रोजेक्ट पर काम करेगा।

इस संबंध में निदेशक डॉ. त्रिवेणी दत्त ने बताया कि वर्तमान में थनैला रोग किसी भी दुधारू पशु में होने के बाद पशु चिकित्सक उसका उपचार करते हैं, कई बार समय पर उपचार उपलब्ध नहीं होने पर पशु की मृत्यु तक हो जाती है। इस समस्या के समाधान के लिए रोग की पुष्टि से पहले जांच के जरिए बीमारी की पहचान करने को वैज्ञानिकों की टीम ने बायोलॉजिकल अलार्म डिवाइस पर प्रारंभिक काम शुरू कर दिया है।

रेफरल वेटेनरी पॉलीक्लिनिक के प्रभारी डॉ. अमरपाल ने बताया कि आरवीसी में सप्ताह में दो से तीन पशु थनैला रोग से ग्रसित पहुंचते हैं। यह रोग भैंस, भेड़, बकरी, ऊंटनी आदि पशुओं को प्रभावित करता है। इस रोग की पहचान दूध का थक्का, बदरंग, स्तन की सूजन और कड़ापन है। विशेषज्ञों के अनुसार थनैला की पूर्ण रोकथाम संभव नहीं है, जीवाणु प्रतिरोधी औषधियों को देकर इसके संक्रमण को कम किया जा सकता है।

विलादत ए इमाम हुसैन पर हुई महफिल

बरेली, अमृत विचार : इमामबाड़ा इमाम ए असर में ईशा की नमाज के बाद शिया समुदाय के हजरत इमाम हुसैन की यौमे विलादत पर महफिल आयोजित हुई। सदर हाजी सैय्यद इबादत हुसैन नकवी और मौलाना अहमद अब्बास नकवी ने महफिल की सदारत की।

अंजुमन के मीडिया प्रभारी सैय्यद शुजा नकवी ने बताया कि महफिल में इब्ने सैंथली, इकतेदार सिरसिवी, अनीस जरेलवी आदि ने कलाम पेश किए। कार्यक्रम में नईम हैदर, जरगाम हैदर, तौसीफ हैदर, एहतिशाम, वजाहत रजा, जैगम, नदीम, समीर, अरबाज, हसन, अम्बर, मीर मोहम्मद ताहिर, अली हमजा आदि मौजूद रहे।

बच्चों के दांतों में लगी चोट को गंभीरता से लेने की सलाह

● **इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज की ओर से ओरल हेल्थ माह में जागरूकता अभियान**

बरेली, अमृत विचार : बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेस की ओर से ओरल हेल्थ माह के तहत बच्चों के मुख स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस संबंध में प्रधानाचार्य प्रो. सत्यजीत ने बताया कि दंत स्वच्छता और सुरक्षा के महत्व को समझना महत्वपूर्ण है। विशेष रूप से बच्चों में दांतों की चोटों और उनके प्रबंधन पर ध्यान देना बेहद जरूरी है।

बच्चों में दांत की चोटें अक्सर खेलने के समय, दौड़ने या अन्य अप्रत्याशित घटनाओं के दौरान होती हैं। इन चोटों के परिणामस्वरूप अक्सर दांतों की जड़ों को नुकसान होता है, जिससे दांत या जड़ टूट सकती है। बच्चों में दांत की चोटों का प्रबंधन ठीक से किया जाना चाहिए।

सबसे पहले घाव को साफ कर साफ कपड़े से पोंछना चाहिए। घाव से खून बह रहा हो तो बच्चे को दंत चिकित्सक के पास ले जाने से पहले उस पर पट्टी बांधें। बच्चों में नियमित रूप से दांत साफ करने की आदत विकसित करनी चाहिए।

सुबह और शाम दांतों को ब्रश करने से बैक्टीरिया के संचय को रोका जा सकता है। बच्चों को मीठा, चिपचिपा और कार्बोहाइड्रेट युक्त भोजन खाने से रोकना चाहिए, क्योंकि ये दांतों के लिए हानिकारक हो सकते हैं।

मस्जिद दादा मियां में कुरान मुकम्मल

बरेली, अमृत विचार : खन्नू मोहल्ला स्थित मस्जिद दादा मियां में कुरान मुकम्मल हो गया। तरावीह की जमात में हाफिज मोहम्मद ने कुरान सुनाया। मुकम्मल कुरान के जश्न में मस्जिद कमेटी की ओर से नजराने से हाफिज और इमाम को नवाजा गया। मस्जिद के इमाम मो आजम मंजरी पूरनपुरी ने रमजान शरीफ की फजीलत बयां की। जुबैर रजा मंजरी ने सलाम पेश किया। इससे पहले रोजा इफ्तार का आयोजन हुआ। पम्मी खान वारसी, रजी अनवर, डॉ. वसी अनवर, बब्बू, हाजी नौशाद अली खां, डॉ. परवेज नूरी, फाहद जीशान, जफर अनवर, जावेद अहमद, शाहबाज खान, आमिर खान आदि मौजूद रहे।

समस्या आपकी समाधान

INTERNATIONAL SEXOLOGIST

- Growth Hormone
- Testosterone Hormone
- L.H Hormone
- F.S.H.Hormone
- Vitamin D
- Prolactin Hormone
- Suger/ • B.P
- ALL OLD DISEASES ONLINE TREATMENT POSSIBLE

सभी जाँच करवा कर WhatsApp पर करें और घर बैठे इलाज करवायें

नरेन्द्र कुमार-
मेरी शादी को 4 वर्ष हो चुके थे। मैं शीघ्रपतन रोग से पीड़ित था। कम्प्यूटर इंजीनियर होने के साथ-साथ जॉब में अपने पार्टनर से मिलता था तब मुझे 30 से 40 सेकेन्ड में मेरा शीघ्रपतन हो जाता था। एक दिन हम दोनो ने फैसला लिया और सीधे सिंह क्लीनिक पहुंचे दोनों ने इलाज करवाया। डॉ. सिंह ने जैसे मुझे दवाई दी मैं एक सप्ताह में ठीक हो गया। मुझमें वही जोश आने लगा जो जोश जवानी में आता था। आज मेरा वैवाहिक जीवन सफल हुथा। आज में जो कुछ हूं वो डॉ. सिंह की वजह से हूं।

पवन कुमार-
आयु 11 वर्ष बदायु बरेली, मेरा बेटा 11 वर्ष का हो चुका था शारीरिक एवं मानसिक रूप से देखने में ठीक था जन्म से लिंग एवं अण्डकोष छोटे थे जिसकी वजह से हम अत्यधिक परेशान रहते थे किस डाक्टर को दिखाएं एक दिन हमने अपने बच्चे को डॉ. वी.पी. सिंह को दिखाया पहले उन्होंने जाँच कराई और जाँच के बाद इलाज सही तरीके से करवाया 8 महीने में बच्चे के लिंग का विकास होने लगा और क्रमशः बेटा ठीक हो गया।

धन्यवाद..DR. V.P. SINGH

निःसंतान स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोगों से पीड़ित महिलायें ल्यूकोरिया पुरानी से पुरानी ल्यूकोरिया बांझपन आदि फलोपियन ट्यूब का बन्द होना IUI (इंट्रा यूटेराईन इन्सेमिनेशन, (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) IVF करवाना व पुरूषों में शुक्राणुओं का कम बनना आदि के लिए उचित परामर्श लें।

Singh Clinic™ An ISO 9001-2008 Certify Clinic
Marriage Counseling
Pre n Post Marriage & Married Counsltant
Dr. V.P. Singh
D.Lit. (Ayurveda)
स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोग विशेषज्ञ
International Sexologist

रायल कालोनी, पीलीभीत बाईपास रोड, सैटेलाइट बस स्टैण्ड से 1 किमी. आगे, सतीपुर चौराहा, बरेली
9837057107
9837343729
Website: sexologistvpsingh.com
Website: drvpsinghsexologist.com
Google Maps
FOLLOW US :

खून के आंसू

हकीम जहीर अहमद
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊ पर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।

वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येकः-

शनिवार रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693

बकायादार का कनेक्शन काटने पर बिजली विभाग टीम को पीटा

लैपटॉप तोड़ा, कमुआ कला में जेई की अगुवाई में लगा था शिविर

संवाददाता, बिथरी चैनपुर

- पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ लिखी रिपोर्ट

अमृत विचार : एक गांव में विद्युत टीम ने बकाया पर एक व्यक्ति की केबल काट दी। इससे गुस्साए युवक ने साथियों के साथ मिलकर टीम के साथ मारपीट की। आरोपियों ने टीम का लैपटॉप और मोबाइल भी तोड़ दिया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बकाया बिल के लिए बिजली विभाग अभियान चला रहा है। अधिकारियों ने 31 मार्च तक अधिक से अधिक बकाया वसूली के निर्देश दिए हैं। इसके तहत लोगों को फोन भी किए जा रहे हैं और जगह-जगह शिविर लगाए जा रहे हैं।

जेई संतोष शर्मा की अगुवाई में बुधवार को टीम ने बिल बकाया वसूली के लिए गांव कमुआ कला में शिविर लगाया। बताते हैं कि शिविर लगाने से पहले टीम ने गांव में बकाया पर होतम के घर की केबल काट दी। इस पर टीम और होतम की नोकझोंक हुई लेकिन यहां से टीम चली गई और शिविर लगाया। जेई का आरोप है कि शिविर के दौरान गांव के भरत, होतम और मोरध्वज आ गए और कर्मचारियों को गाली देते हुए मारपीट करने लगे।

विरोध करने पर आरोपियों ने उनका लैपटॉप और फोन तोड़ दिया। किसी तरह टीम ने अपनी जान बचाई और 112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस के आने से पहले ही आरोपी वहां से फरार हो गए।

जेई की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बिथरी चैनपुर इंस्पेक्टर संजय तोमर ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

बिजली के तार से टकराई सरिया, करंट से छात्र की मौत

आंवला, अमृत विचार : सरिया निकालने के दौरान करंट लगने से बारहवीं के छात्र की मौत हो गई।

आंवला-भमोरा रोड के मोतीपुरा गांव निवासी शिव सिंह का सड़क किनारे मकान बन रहा है। राजमिस्त्री ने दोपहर में सरिया मंगाई तो शिव सिंह का छोटा बेटा खेमपाल उर्फ छोटू (17) दीवार के पास रखी सरिया निकालने लगा। सरिया खींचने से वहां से जा रहा बिजली का तार छिल गया और सरिया में करंट आ गया। करंट लगने से खेमपाल बुरी तरह झुलस गया। परिजन उसे अस्पताल ले गए लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि खेमपाल बारहवीं में पढ़ता था। वह तीन भाई और एक बहन में सबसे छोटा था।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
BAREILLY Excellence towards profession
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
हेल्पलाइन नं0 9045372695 रिसेप्शन नं0 : 0581-2526012,11
कमरा नं. 1089A
ओ.पी.डी. समय : प्रातः 9.00 से 3.00 बजे तक

हृदय रोग विभाग की सुविधाएं
- अनुभवी चिकित्सकों द्वारा हृदय रोग का सम्पूर्ण इलाज व सुविधाएं
- इंजियोग्राफी
- एंजियोप्लास्टी
- पेसमेकर
- टी.एम.टी.
- होल्टर टेस्ट (Holter Test)
- बैलून बाल्बोटामी
- इकोकार्डियोग्राफी
- कार्डिएक रीसिंक्रनाइज़ेशन थेरेपी (CRT)
- इम्प्लांटेबल कार्डियोवर्टर-डीफिब्रिलेटर (ICD)

हृदय रोग के लक्षण
- क्या छाती में दर्द या भारीपन रहता है और चलने पर बढ़ जाता है?
- क्या आपके पैरों में सूजन आती हैं?
- क्या खाना खाने के बाद सीने या पेट में जलन या दर्द होता है?
- क्या चलने में साँस फूलती है, हाथों में दर्द होता है एवं अचानक बेहोशी आना।
- क्या चलने पर घबराहट होती है?
- क्या आपको डाइबिटिज (शुगर) या हाई कोलेस्ट्रोल, या हाई ब्लडप्रेशर की शिकायत है और साँस फूलती है?

इस प्रकार का कोई भी लक्षण होने पर तुरन्त परामर्श करें
रोहिलखण्ड मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर इलाज मुफ्त
इमरजेंसी एवं आई.सी.यू. सुविधा 24 घण्टे उपलब्ध अनुभवी चिकित्सकों की देखरेख में

रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें

इम्पैनलमेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)		इम्पैनलमेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)	
1. आयुष्मान भारत योजना	5. सी.ए.आर.आई. (CARI)	1. एचडीएफसी एर्गो	4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
2. राष्ट्रीय अभ्यता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)	6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)	2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड	5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)	7. आई.वी.आर.आई. (IVRI)	3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड	कंपनी लिमिटेड
4. केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS)	8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)		6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड

एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

गलत दिशा में आकर बाइक सवार ने छात्रा को मारी टक्कर

मीरगंज, अमृत विचार : गलत दिशा से आकर एक बाइक सवार ने कॉलेज जा रही छात्रा को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। छात्रा के पिता ने बुधवार को बाइक सवार के खिलाफ दर्ज कराई।

मीरगंज थाना क्षेत्र के गांव सिंघौली निवासी सफदर अली के मुताबिक उनकी बेटी भाई के साथ ई-रिक्शा से कॉलेज जा रही थी। जब वह रोड पार करके कॉलेज बस पर चढ़ने के लिए जा रही थी तभी गलत दिशा से आए एक नाबालिग बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने उसका निजी अस्पताल में इलाज कराया।

शादी के बाद भी प्रेमिका का पीछा नहीं छोड़ रहा युवक

फरीदपुर, अमृत विचार : प्रेमिका की शादी होने के बाद भी प्रेमी पीछा नहीं छोड़ रहा है। होली पर प्रेमिका जब मायके आई तो प्रेमी उससे मिलने रात में घर पहुंच गया। प्रेमिका के शोर मचाने पर मां जाग गईं और युवक को पकड़ लिया और फोन करके पुलिस को बुला ली। पुलिस ने प्रेमी को हिरासत में ले लिया। प्रेमिका की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने पूछताछ कर रही है। महिला ने बताया कि उनके घर पर बेटी और दामाद होली पर आए थे। दामाद किसी काम से बरेली चले गए और घर पर उनकी बेटी थी। रात में मोहल्ले का ही युवक उनके घर में घुस गया और बेटी से छेड़छाड़ करने लगा। बेटी के शोर मचाने पर वह पहुंची गई और पुलिस को सूचना दी।

Rohilkhand Ayurvedic Medical College and Hospital
(A Constituent College of Bareilly International University, Bareilly)
Sector 7, Ramganga Nagar Yojna, Dohra Road, Bareilly U.P.-243006
KSHARA SUTRA PG CERTIFICATE COURSE

Course Details :
- 45 days classes (30 days online+15 days offline)
- Seats : 15 (first come first serve)
- Minimum Qualification : MBBS, BAMS, BHMS, BUMS, BNYS Medical-Post Graduates/Graduates/Internees
- Organised by : Department of Shalya Tantra
- Last Date of Application : 30/03/2024
- Course Starting Date : 01/04/2024



IMPORTANCE OF COURSE
- क्षार सूत्र के व्यावहारिक ज्ञान को समझने के लिए।
- गुदारोगों की चिकित्सा में आत्मविश्वास प्राप्त करने के लिए।
- शल्य विशेषज्ञों द्वारा नियमित ऑनलाइन सत्र। (Regular online lectures)
- प्रत्येक प्रतिभागी को सीधा प्रशिक्षण। (hands on training)
- OPD, IPD and OT exposure.
- पूर्व में बाहर के असफल भगन्दर/Fistula cases के रोगियों के ऑपरेशन के लिए Modified Kshara Sutra Therapy द्वारा सफल इलाज

Special Clinical case discussion & doubt solving session



Well-equipped Operation Theatre, IPD Care, Direct Patient Examination

Contact No.: 8073903215, 8755922339 | E-mail : ramchorg@gmail.com | www.ramch.in

चार दिन बाद हुई बुजुर्ग के शव की पहचान

मीरगंज, अमृत विचार : चार दिन पहले ट्रेन की चपेट में आने से एक वृद्ध की मौत हे गई थी। बुधवार को परिजनों ने शव की शव शिनाख्त गांव जाम निवासी बुद्धसेन गंगवार (60) के रूप में की। मीरगंज में कुल्छा खुर्द गांव के पास बंद क्रॉसिंग के पास रविवार सुबह एक व्यक्ति का शव मिला था। परिजनों ने बताया कि वह रविवार को खेत पर जाने की बात कहकर गए थे लेकिन वापस नहीं आए। इससे पहले भी वह कई बार नाराज होकर रिश्तेदारी में चले जाते थे, इससे इस बार भी लगा कि वह कहीं चले गए होंगे। जब पता चला कि बुजुर्ग की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हुई तो शव की शिनाख्त की।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक

डा. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.F.R.H.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्वास्थ्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
● रजि. भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त
● 27 सालों से स्वास्थ्य एवं गुप्त रोगों का चिकित्सा अनुभव

पतले दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री/पुरूष तंदरूस्ती प्राप्त करें।
मोटे होने का रामवाण इलाज

नवयुवक-युवतियां 3 से 4 इंच तक लम्बाई बढ़ायें
विशेष चिकित्सा:- ●भूख न लगना ● कब्ज ●अपच ●गैस ● खाने के बाद शौचालय जाना ● शारीरिक अंगों का विकास रूकना ● पुलिस फोर्स एवं फिल्मों में आदि में भर्ती में नाप-तोल में कमी होना ● 3 से 4 इंच कद लम्बा करें। ● बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना मोटे व थुल-थुले व्यक्ति वजन कम करें। ● कील, मुंहासे, झाइयां, सफेद दाग दूर करें सावलांपन हटायें और सुन्दर बनें। ● बालो का झड़ना व टूटना एवं सफेद होना व गंजापन दूर करें। ●खूनी व वादी बवासीर का रामबाण इलाज।
शराबी को बिना लाये, बिना बताये शराब व अन्य नशा छुड़ायें।
नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनायें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनायें

सैक्स समस्याऐं
छिपाएं नहीं बताएं या मिलें
स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी
● शुरू से लाभ, 40 से 80 दिनों में इलाज सम्भव।
● हस्तमैथुन व धात जाने से नसों में खराबी।
● इन्द्री का ढ़ीलापन, पतलापन, छोटापन दूर करें।
● वीर्य में शुक्राणु निल होना या कम होना।
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसौली होना।
● योनि का ढ़ीलापन होना व सैक्स इच्छा कम होना।
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र पहले बन्द होना।
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
10 से 21 वर्ष शादी से पहले जिन बच्चों की इन्द्री का छोटापन, पतलापन, मोटापन का रामबाण इलाज के लिए उन माता-पिता से निवेदन है कि अवश्य मिलें। कहीं ऐसा न हो कि शादी के बाद पछताना पड़े। (25 वर्षों का अनुभव)
विज्ञापन साथ लाने पर मेडिसिन पर 10% की विशेष छूट
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांकः- 31 मार्च 2024, रविवार
21 अप्रैल 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

गुप्त रोगी मिलें
डा. मौर्य
जोश मर्दाना, कमजोरी, ताकत, शुक्राणु की कमी, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन
बरेली कृष्णा नगर मो. 7534002651

जड़ से इलाज तुरन्त आराम
नाइस चिकित्सालय
बच्चेदानी में गांठ, रसौली, फाइब्राइड, ब्रेस्ट में गांठ का इलाज मात्र 40 दिनों में
जोड़ों में दर्द, जोड़ ज्वाइन्ट का जाम होना, कमर दर्द, सर्वाइकल, साइटिका का जड़ से इलाज मात्र 10 मिनट में आराम पायें
इलैक्ट्रो होम्योपैथी द्वारा जड़ से इलाज किया जाता है।
परामर्श निःशुल्क
डायबिटीज पित्त की पथरी गुर्दे की पथरी
को जड़ से खत्म किया जाता है।
मिलने का समय : सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक
पीलीभीत बाईपास डोहरा रोड जे.पी. नगर कॉलोनी निकट चंद्रपुर गांव बरेली।
डॉ. प्रवीन कुमार (BEMS, MD.EH)
सम्पर्क करें : 8630450312, 8979543136

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

पेड़ से लटका मिला छेड़छाड़ के आरोपी युवक का शव

लड़की के परिवार से समझौता करने गया था, हत्या का आरोप

संवाददाता, बरेली/बहेड़ी

अमृत विचार : बहेड़ी थाना क्षेत्र के गांव सुकटिया के कब्रिस्तान में मंगलवार रात एक युवक का शव पेड़ पर लटका मिला। युवक के परिजनों ने गांव के ही कुछ लोगों पर हत्या कर शव पेड़ से लटकाने का आरोप लगाया है लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका। मृतक के चाचा ने थाना बहेड़ी में गांव के ही कुछ लोगों के खिलाफ तहरीर दी है।

● **पोस्टमार्टम में स्पष्ट नहीं हो सकी मौत की वजह**

> प्रथम दृष्टया मामला सुसाइड का लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।
> – **अरुण कुमार सिंह**, सीओ बहेड़ी

मोहम्मद सलीम

सुकटिया निवासी बाबू उर्फ नन्हें ने बताया कि गांव की एक युवती ने उनके भतीजे मोहम्मद सलीम के खिलाफ छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज कराया था। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद युवती के परिजनों ने समझौते का दबाव बनाते हुए एक लाख रुपये की मांग की गई। मंगलवार रात को घर से निकलते समय सलीम ने परिजनों को बताया कि वह दूसरे पक्ष के लोगों को रुपये देने जा रहा है। उसके पास 50 हजार रुपये थे।

देर रात तक सलीम घर नहीं आया तो उसकी तलाश शुरू की। काफी देर तक न मिलने पर परिजनों और ग्राम प्रधान ने सलीम के मोबाइल पर कॉल। घंटी बजने पर लोग कब्रिस्तान की ओर पहुंचे तो वहां पेड़ पर सलीम का शव लटका देखा। बाबू ने बताया कि उनके भतीजे के पैर मफलर से बंधे थे।

बेटे की गुमशुदगी से दुखी मां ने जान दी

बंडा, अमृत विचार : बंडा के मोहल्ला पसियापुर निवासी बादशाह की पत्नी सरोजा देवी (45) ने घरेलू कलह के चलते दोपहर बाद कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी।

परिवार के लोगों ने उन्हें बंडा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि सितंबर में उसका पुत्र रामप्रवेश (19) पंजाब में नौकरी करने गया था और घर वापस आते समय रास्ते से ही वह बस से उतरकर कहीं चला गया था। तब से अब तक वह वापस नहीं आया जिसको लेकर सरोजा बहुत परेशान रहा करती थी और आए दिन उसे याद करके रोती रहती थीं। शायद उसी की याद में उन्होंने कीटनाशक दवा का सेवन कर अपनी जीवन लीला को समाप्त कर दिया।

घरेलू कलह में युवक ने गोली मारकर दी जान

संवाददाता, खुटार

अमृत विचार: क्षेत्र के गांव मैनिया निवासी युवक ने बुधवार सुबह करीब 10:30 बजे तमंचे से गोली मारकर खुदकुशी कर ली। थाना पुलिस के साथ ही एएसपी ग्रामीण मनोज कुमार अवस्थी और सीओ पंकज पंत ने भी मौका मुआयना किया।

गांव निवासी सोनपाल ने बताया कि उसका पुत्र आशीष कुमार भारती(32)खुटार गुरुद्वारा के समीप एक दुकान में स्टील के विंडो, दरवाजे बनाने का काम करता था। बुधवार को वह दुकान नहीं गया था। सुबह खुटार जाने की बात कहकर घर से निकल गया। सुबह करीब साढ़े दस बजे घर से लगभग 150 मीटर की दूरी पर गन्ने के खेत की मेड़ के पास तमंचे से बेटे ने खुद को गोली मार ली। फायर की आवाज सुनकर परिजन पहुंचे। पड़ोसियों के साथ उसे घायल अवस्था में निजी वाहन से खुटार अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टर ने नाजुक हालत देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया लेकिन आशीष के दम तोड़ने का एहसास होने पर एंबुलेंस कर्मियों ने पुवायां अस्पताल में दिखवाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना घर पहुंची तो महिलाओं में कोहराम मच गया। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की।

भाजपा का झंडा लगी कार से कुचलकर पिता-पुत्र की मौत

संवाददाता, मिलक (रामपुर)

अमृत विचार : क्षेत्र में मंगलवार रात भाजपा का झंडा लगी कार की टक्कर से बाइक सवार मुरादाबाद के रहने वाले पिता-पुत्र की मौत हो गई। वे दोनों बरेली से घर लौट रहे थे।

मुरादाबाद महानगर के मोहल्ला करूला पीर बाजार कॉलोनी निवासी गुलाम हुसैन (40) पुत्र दानिश (14) के साथ बरेली में शेरगढ़ के रहने वाले अपने चचेरे भाई के घर मिलने गए थे। मंगलवार रात्रि भोजन के बाद दोनों बाइक से घर लौट रहे थे। रात्रि 11 बजे कोतवाली क्षेत्र में हाइवे स्थित निजी ढाबे के सामने किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे वे दोनों उछलकर हाइवे पर जा गिरे। हादसे के बाद हाइवे पर जाम लग गया। राहगीरों ने दोनों घायलों को हाइवे से हटाया। दोनों घायलों को एंबुलेंस से मिलक के सरकारी अस्पताल लाया गया। यहां डॉक्टर ने दानिश को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल गुलाम हुसैन को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां पहुंचने से पहले ही रास्ते में गुलाम ने भी दम तोड़ दिया। पुलिस ने दोनों के शव पोस्टमार्टम जिला अस्पताल भिजवाए। मृतकों की जेब से मिले मोबाइल नंबर पर संपर्क कर हादसे की सूचना परिजनों को दी गई। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजन दोनों के शव मुरादाबाद ले गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि चालक कार को छोड़कर फरार हो गया। उस पर भाजपा का झंडा लगा है।

किशोरी से छेड़छाड़ के आरोपी को जमानत नहीं

विधि संवाददाता, बरेली : किशोरी से छेड़छाड़ करने के आरोपी फतेहगंज पूर्वी के गांव टिसुआ के तहसील की जमानत अर्जी स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट हरिप्रसाद ने खारिज कर दी। सरकारी वकील सरनाम सिंह ने बताया कि आरोपी 22 फरवरी को पीड़िता के घर में दीवार फांदकर घुस गया और छेड़छाड़ की। इस मामले में पुलिस ने छेड़छाड़, पॉक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था।

बीमारी से परेशान बुजुर्ग ने की खुदकुशी

● **शव पेड़ से लटका मिला, पुलिस ने किया मौका मुआयना**

न्यूरिया , अमृत विचार: बीमारी से परेशान होकर एक बुजुर्ग ने गले में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। उनका शव खकरा पुल के पास आम के बाग में पेड़ पर लटका मिला। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने मौका मुआयना किया।

न्यूरिया क्षेत्र के ग्राम कल्लिया निवासी श्यामलाल (55) मंगलवार सुबह दवा लेने जाने को कहकर घर से निकले थे। इसके बाद वह देर शाम तक घर नहीं लौटे तो परिवार वालों ने उनकी तलाश शुरू कर दी। इस दौरान ग्रामीणों से पता चला कि श्यामलाल मैजिक में बैठकर मझोला की तरफ जाते देखे गए थे। चालकों से जानकारी करने पर पता चला कि श्यामलाल खकरा पुल से 25 मीटर की दूर टनकपुर रोड मैजिक से उतरे थे। बुधवार सुबह परिवार वालों ने खकरा पुल की तरफ तलाशना शुरू किया। आम के बाग में एक पेड़ पर श्यामलाल का शव लटका हुआ था। उनकी सूचना पर न्यूरिया पुलिस मौके पर पहुंच गई। बेटे लालमन ने पुलिस को बताया कि श्यामलाल का कुछ माह पूर्व एक्सीडेंट हो गया था। इसमें उनके कूल्हे के पास फ्रैक्चर हो गया था।

सैलानी में फायरिंग करने वाला अरमान गिरफ्तार

बरेली, अमृत विचार : सैलानी स्थित एक होटल में फायरिंग करने के आरोपी अरमान निवासी चकमहमूद को बारादरी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 315 बोर तमंचा और एक कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर अमित कुमार पांडेय ने बताया कि 23 मार्च की रात में सैलानी के एक होटल में फायरिंग हुई थी। इसके बाद भगदड़ मच गई थी। इस मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। सूचना मिली कि फायरिंग का आरोपी अरमान बाहर जाने की फिराक में शहामतगंज चौराहा पर खड़ा था, तभी उसे पकड़ लिया गया।

आरोपी अरमान

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत वाईपास रोड, बरेली
विशाल एण्डोस्कोपी शिविर
सहयोग से : बरेली ओब्स्टेट्रिक गाइनकालजी सोसाइटी
दूरबीन विधि द्वारा बच्चेदानी के आपॅरेशन

दिल्ली, मुम्बई, अहमदाबाद, चेन्नई, बैंगलौर एवं विदेश के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ द्वारा दूरबीन विधि से स्त्री रोग सम्बन्धित समस्त ऑपरेशन
जल्द से जल्द पंजीकरण कराकर इस सुविधा का लाभ उठायें।
ऑपरेशन दिनांक 19 अप्रैल 2024
पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) 31 मार्च 2024 तक ही किये जायेंगे। प्रथम 10 पंजीकृत मरीजों को प्राथमिकता दी जायेगी।
लैप्रोस्कोपी द्वारा दूरबीन विधि से ऑपरेशन
1) बच्चेदानी निकालने का ऑप्रेशन (हिस्ट्रेक्टमी)
2) रसौली निकालने का ऑप्रेशन (मायोमेक्टमी)
3) अण्डेदानी की रसौली निकालने का ऑप्रेशन (ओवेरियन सिस्टैक्टॉमी)
4) बांझपन की दूरबीन विधि द्वारा जांच
5) बन्द ट्यूब खोलने का ऑप्रेशन
6) बच्चेदानी की बनावट सम्बन्धी जन्मजात बीमारियों का इलाज ऑप्रेशन
हिस्ट्रोस्कोपी का दूरबीन द्वारा ऑपरेशन
1) ऐशरमैन का इलाज
2) बच्चेदानी के अन्दर की रसौली (हिस्ट्रोस्कोपिक मायोमेक्टोमी)
3) ट्यूब खोलना (हिस्टेरोस्कोपी कम्युलेशन)
4) बच्चेदानी के अन्दर जन्मजात विकृति ठीक करना
5) बच्चेदानी के अन्दर का पॉलिप निकालना (हिस्टेरोस्कोपिक पॉलीएटोनी)
रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें : 9997015620, 9081800900
कमरा नं. 1178, स्त्री रोग विभाग, रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, बरेली
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

तेज आवाज में डीजे बजाने का विरोध करने पर किया हमला

बरेली, अमृत विचार : इज्जतनगर में तेज आवाज में डीजे बजाने का विरोध करने पर दबंगों ने युवक पर लाठी-डंडे और धारदार हथियार से हमला कर दिया। थाना पुलिस ने रिपोर्ट नहीं दर्ज की तो पीड़ित ने बुधवार को एसएसपी कार्यालय में शिकायत की। तुलाशेरपुर निवासी प्रियंका ने बताया कि होली के दिन उनका पड़ोसी डीजे बजा रहा था। इसी दौरान उनके देवर सुनील के मोबाइल पर फोन आया तो सुनील ने आवाज कम करने को कहा तो पड़ोसी ने गाली गलौज की। विरोध करने पर लाठी डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। आरोपियों ने उनके पति को भी पीटा। जब वह पति और देवर को बचाने पहुंची तो उनपर भी हमला कर दिया।

तेज आवाज में डीजे बजाया, विरोध करने पर पीटा

मीरगंज, अमृत विचार : तेज आवाज में डीजे बजा रहे युवकों ने विरोध करने पर एक ग्रामीण के साथ मारपीट की। पीड़ित ने तहरीर देकर आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कराई। हरि ओम शर्मा जिला प्रमुख सचिव भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) निवासी मोहल्ला गांधी नगर थाना शाही ने बताया कि मंगलवार रात 9:15 बजे उसके मोहल्ले के 6- 7 लोग तेज आवाज में डीजे बजा रहे थे, उसकी मां सावित्री देवी हार्ट की मरीज है, जिससे उनकी तबीयत बिगड़ने लगी तो डीजे बंद करने का अनुरोध किया तो सभी लोग नहीं माने और डीजे की आवाज बढ़ा दी और मारपीट करने लगे और जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। उसने परेशान होकर थाने में तहरीर दी। थाना प्रभारी सतीश कुमार नैन ने बताया कि हरिओम शर्मा की तहरीर के आधार पर आरोपियों अनिकेत चंद्रा, अभिषेक चंद्रा, सौरभ चंद्रा, विक्की चंद्रा, शिवम चंद्रा, अर्जुन चंद्रा, एवं किरण चंद्रा निवासी मोहल्ला सुभाष नगर थाना शाही के विरुद्ध बुधवार को रिपोर्ट दर्ज की गई हैं।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

पति के उत्पीड़न से तंग महिला ने की आत्महत्या

बरेली, अमृत विचार : भोजीपुरा के गांव शाहपुर इनायतउल्लाह में मंगलवार रात पति की पिटाई से परेशान महिला ने फंदे पर लटककर जान दे दी। परिजनों के मुताबिक लक्ष्मी का पति लक्ष्मण प्रसाद शराब पीने का आदी है। वह आए दिन शराब पीकर घर में झगड़ा करता है। मंगलवार को भी उसने लक्ष्मी की पिटाई की।

घर में घुसकर की मारपीट बाप-बेटा घायल

आंवला, अमृत विचार : एक परिवार के साथ कुछ लोगों ने घर में घुसकर मारपीट की, जिसमें बाप-बेटा घायल हो गए। पीड़ित ने पुलिस को शिकायत की है। कचुरडांडी गांव निवासी उदयवीर ने बताया बीते दिन आरोपी उसके घर में घुस आए और गाली देने लगे। विरोध करने पर उन लोगों ने मारपीट की। जिसमें वह और उसके पिता नत्थू लाल घायल हो गए। पीड़ित ने पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिए अस्पताल भेजा है।

अमृत विचार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम VANITA JOHRI था जिसे बदलकर अब मैंने VINITA JOHRI रख लिया है। भविष्य में मुझे VINITA JOHRI नाम से ही जाना व पहचाना जाये। **विनीता जौहरी पत्नी समीर जौहरी निवासी म.नं. 171, मो. खकरा शहर पीलीभीत।**

सूचना
मैंने अपने बड़े पुत्र मो. शाहरूख व शाहरूख का पुत्र मो. उवैस व पुत्रवधु निशा को गलत संगत, गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण इनसे सम्बन्ध विच्छेद करते हुए इनको अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। ये अपने कृत्यों व लेनदेन के स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता न होगा। **शहनाज बेगम पत्नी स्व. मो. नवी, निवासी-ग्राम अभयपुर, केसोपुर, थाना भोजीपुरा, तह. व जिला बरेली**

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

वाराणसी में होली मिलन समारोहों के साथ चटख हुआ भाजपा का रंग, कांग्रेस प्रत्याशी अजय राय बता रहे मैं काशी का बेटा

काशी में केसरिया छटा गहराई डमरू के साथ बज रही शहनाई



मनोज त्रिपाठी, कानपुर

अमृत विचार। बाबा विश्वनाथ की नगरी वाराणसी में होली मिलन समारोहों में शहनाई और शास्त्रीय संगीत की सुर और ताल के बीच चुनावी रंग चटख हो गया है। हालांकि यहां मतदान सातवें चरण में पहली जून को होना है, लेकिन चारों ओर केसरिया छटा बिखर चुकी है । लोगों के घरों पर राम मंदिर की स्थापना के समय लगाए गए भगवा ध्वजों के साथ अब भाजपा के झंडे लहरा रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रत्याशिता घोषित होने पर शहर भर में रंग, गुलाल और आतिशबाजी के साथ होली और दीपावली एक साथ मनायी थी। नौ मार्च को मोदी के शहर आने पर लोगो ने पुष्पवर्षा करते हुए इस बार जीत की हैट्रिक ही नहीं, देश में सबसे बड़ी विजय होने का शंखनाद किया था। 2014 के चुनाव में वाराणसी सीट पर नरेंद्र मोदी को पौने छह लाख वोट मिले थे, 2019 में करीब पौने सात लाख वोट मिलने से उनकी जीत का आंकड़ा और बढ़ गया था। इस बार मोदी का मुकाबला करने तीसरी बार मैदान में उतरे गठबंधन प्रत्याशी यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय को लेकर लोगों की उत्सुकता सिर्फ इतनी भर है कि वह कितने वोट बटोर पाएंगे । गौरतलब है कि वर्ष 2014 और 2019 के चुनाव में अजय राय तीसरे नंबर पर रहे थे। वर्तमान में वाराणसी जिले की सभी आठ विधान सभा सीटों पर भाजपा गठबंधन का कब्जा है। भाजपा के यहां बढ़ते ग्राफ को इसी से समझा जा सकता है कि 2009 में डॉ. मुरली मनोहर जोशी ने 30.5% वोट शेयर के साथ जीत हासिल की थी, जो 2014 में नरेंद्र मोदी के लिए 56.4% और 2019 में 63.6% तक पहुंच गई थी इस बार भाजपा का लक्ष्य यहां तीन चौथाई से ज्यादा वोट हासिल करने का है।

वाराणसी की सभ्यता, संस्कृति और आस्था का जिस तरह काशी विश्वनाथ मंदिर और गंगा नदी से अटूट रिश्ता है, कुछ वैसी ही पहचान अब प्रधानमंत्री मोदी ने इस शहर से जोड़ ली है। शिव भक्त होने के साथ मोदी ने खुद को बनारसी कहकर यहां के लोगों का दिल जीत लिया है। वाराणसी को मंदिरों का शहर, देश की धार्मिक राजधानी, शिव की नगरी, ज्ञान नगरी जैसे नामों से भी जाना जाता है। हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत का बनारस घराना यहीं विकसित हुआ है। संत कबीर, संत रविदास, वल्लभाचार्य, मुंशी प्रेमचंद, जयशंकर प्रसाद, आचार्य रामचंद्र शुक्ल, पंडित रवि शंकर, गिरिजा देवी, पंडित हरि प्रसाद चौरसिया और उस्ताद बिस्मिल्लाह खां जैसे नामों ने इस शहर का मान-सम्मान और बढ़ाने के साथ देश को दिशा दिखाने का भी काम किया है। वाराणसी से पहले भी कई दिग्गज जैसे उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलापति त्रिपाठी, भाजपा नेता डॉ. मुरली मनोहर जोशी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के बेटे अनिल शास्त्री चुनाव जीतकर संसद पहुंचे हैं। लेकिन जिस तरह काशी के लिए कहा जाता है कि यहां कण-कण में शंकर बसते हैं, उसी तरह आज कहा जा सकता है कि जन-जन में मोदी बसते हैं। 2014 में वाराणसी से नामांकन पत्र भरते समय उन्होंने कहा भी था कि न मुझे किसी ने भेजा है, न मैं यहां आया हूं...मुझे तो मां गंगा ने बुलाया है।

पिछली बार सपा और कांग्रेस के कुल वोटों से मोदी को मिले थे दोगुने वोट

- पिछले लोकसभा चुनाव 2019 में भाजपा से फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी से ही उतरे। उनके सामने कांग्रेस ने अजय राय और सपा ने शालिनी यादव को उतारा। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने सपा प्रत्याशी शालिनी यादव को 4,79,505 मतों से बड़े अंतर से शिकस्त दी। इस चुनाव में नरेंद्र मोदी को 6,74,664 वोट मिले। सपा उम्मीदवार शालिनी को 1,95,159 और कांग्रेस के अजय राय को 1,52,548 वोट मिले थे। शालिनी यादव अब भाजपा का दामन थाम चुकी हैं, ऐसे में इस बार सपा और कांग्रेस की तरफ से अजय राय एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मुकाबला करने उतरे हैं। मोदी के विरुद्ध यह उनका तीसरा जबकि लोकसभा सीट पर चौथा चुनाव है।

नेचर, कल्चर और एडवेंचर की त्रिवेणी बनने की तरफ बढ़े कदम

मोदी के नेतृत्व में काशी का भव्य और सामर्थ्य स्वरूप विकास की नई राह पर लगातार आगे बढ़ रहा है। योजनाओं और परियोजनाओं की सौगात ने सुविधाओं के साथ जिस तरह समृद्धि के नए द्वार खोल दिए हैं, उसे देखते हुए प्रधानमंत्री मोदी का यह कथन गलत नहीं लगता कि काशी नेचर, कल्चर और एडवेंचर का संगम बनने जा रही है। आज काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, फूड स्ट्रीट और रिवर फ्रंट देखकर लोग वाह वाह कर उठते हैं। मंदिरों और घाटों तक पहुंचने वाली तंग गलियों का चौड़ीकरण किया गया है। मंडुवाडीह फ्लाईओवर, कनवेंशन सेंटर, ऊर्जा गंगा पीएनजी परियोजना, रिंग रोड, बाबतपुर-वाराणसी फोरलेन, आईपीडीएस, कबीरचौरा के पास हेरिटेज वॉक ने शहर का नक़्शा बदल दिया है। राम नगर में स्थापित आईडब्ल्यूटी मल्टी मॉडल टर्मिनल के द्वारा गंगा में जल परिवहन के जरिये बनारस से हल्दिया तक मालवाहक जहाजों का आवागमन संभव हुआ है। मल्टी मोडल टर्मिनल देश में इनलैंड वाटर परिवहन का पहला प्रोजेक्ट है। इसके अलावा जल संपूर्ति योजना, खूबसूरत पार्क, चौकाघाट लहरतारा फ्लाईओवर, 140 एमएलडी एसटीपी जैसी परियोजनाएं भी विकास की नई गाथा गढ़ रही हैं।

केजरीवाल हो गए थे फेल अजय ने जमानत गंवाई

भाजपा के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार नरेंद्र मोदी के खिलाफ 2014 में आम आदमी पार्टी के अरविंद केजरीवाल और कांग्रेस से अजय राय मैदान में थे। मोदी ने केजरीवाल को 3,71,784 मतों से हरा दिया। इस चुनाव में नरेंद्र मोदी को 5,81,022 वोट मिले। दूसरे स्थान पर रहे अरविंद केजरीवाल के पक्ष में 2,09,238 लोगों ने वोट किया। कांग्रेस प्रत्याशी अजय राय तीसरे स्थान पर रहे, उन्हें 75,684 मिले और जमानत नहीं बच सकी। सपा और बसपा के प्रत्याशियों की भी जमानत नहीं बची। बसपा के विजय प्रकाश जायसवाल को 60,579 और सपा के कैलाश चौरसिया को 45,291 मत मिले थे। नरेंद्र मोदी 2014 में वाराणसी के साथ ही वडोदरा सीट पर भी चुनाव लड़े थे। वहां से 5,70,128 मतों से जीत मिलने के बाद भी उन्होंने प्रतिनिधित्व के लिए वाराणसी को चुना।

कांग्रेस व भाजपा दोनों एक-एक बार लगा चुकी हैं जीत की हैट्रिक

वाराणसी सीट पर अब तक दो बार जीत की हैट्रिक लग चुकी है। यहां से 1952, 1957 और 1962 में कांग्रेस के रघुनाथ सिंह लगातार जीते थे, उनके बाद भाजपा के शंकर प्रसाद जायसवाल 1996, 1998 और 1999 में तीन लगातार जीत का परचम फहरा चुके हैं। वर्ष 1967 के लोकसभा चुनाव में पहली बार वाराणसी सीट पर गैर कांग्रेसी उम्मीदवार भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के एसएन सिंह ने कांग्रेस के रघुनाथ सिंह को 18,167 मतों से हरा दिया था। हालांकि 1971 के चुनाव में फिर कांग्रेस ने वापसी की। शिक्षाविद् राजाराम शास्त्री ने कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ा और जनसंघ के कमला प्रसाद सिंह को 52,941 वोट से हराया। लेकिन 1977 की जनता लहर में कांग्रेस के राजाराम शास्त्री को लोकदल के टिकट पर उतरे चंद्रशेखर ने 1,71,854 वोट से मात दे दी। 1980 के चुनाव कांग्रेस से मैदान में उतरे प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलापति त्रिपाठी ने जनता पार्टी के प्रत्याशी समाजवादी नेता राज नारायण के खिलाफ 24,735 मतों से जीत दर्ज की। 1984 में भी कांग्रेस सीट बरकरार रखने में सफल रही। पार्टी के प्रत्याशी श्याम लाल यादव ने कम्युनिस्ट पार्टी के ऊदल को पराजित किया, पर 1989 में कांग्रेस के हाथ से यह सीट निकल गई। जनता दल के अनिल शास्त्री ने कांग्रेस के श्याम लाल यादव को 1,71,603 वोटों से हरा दिया।

पहली बार 1991 के चुनाव में भाजपा ने यहां खिलाया कमल

वर्ष 1991 के चुनाव में पहली बार वाराणसी सीट पर भाजपा को जीत मिली। भाजपा के शीश चंद्र दीक्षित ने माकपा के राजकिशोर को 40,439 मतों से शिकस्त दी। इसके बाद 1996 में भाजपा के शंकर प्रसाद जायसवाल ने जीत दर्ज करते हुए 1998 और 1999 में भी पार्टी की जीत का सिलसिला कायम रखा। 2004 के चुनाव में 15 साल बाद कांग्रेस ने राजेश कुमार मिश्रा की जीत के साथ यहां फिर वापसी की।



... जब डॉ. मुरली मनोहर जोशी ने माफिया मुख्तार अंसारी को हराया

- 2009 के लोकसभा चुनाव में वाराणसी सीट के परिणाम पर देश भर की नजरें लगी थीं। उस चुनाव में भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. मुरली मनोहर जोशी के मुकाबले बसपा ने बाहुबली मुख्तार अंसारी को उतार दिया था। प्रचार अभियान से लेकर मतदान के दिन तक भारी गहमागहमी रही। लेकिन जब नतीजे आए तो करीबी मुकाबले में डॉ. जोशी जीत दर्ज करने में सफल रहे। उन्होंने मुख्तार अंसारी को चुनाव में 17,211 वोटों से हरा दिया।

चुनाव में रोजगार का दम खम, फिर भी युवा बेदम

- पहाड़ के काम न आ सकी जवानी और यहां का पानी
- चुनावों में मुद्दा बनाकर गुमराह करना बना सभी दलों का शगल

अल्मोड़ा संसदीय सीट

रमेश जड़ौत, अल्मोड़ा

अमृत विचार : कहते हैं पहाड़ का पानी और पहाड़ की जवानी कभी यहां के काम नहीं आती। इस कहावत को चरितार्थ देश के हिमालयी रीजन के पहाड़ी जिले करते हैं। बीते 75 सालों में देश के सियासतदार और नीति नियंता इस कहावत को झुठलाने में लगातार नाकाम साबित हुए हैं। आजादी के बाद हर चुनावों में रोजगार सिर्फ एक सियासी मुद्दा बनकर रह जाता है। सियासतदार बेरोजगारी नाम की इस नाव पर पांव रख अपनी वैतरणी तो पार कर लेते हैं। लेकिन युवाओं की उम्मीदें कभी परवान चढ़ती नहीं दिखती। 2024 के चुनावों में एक बार फिर राजनैतिक दल रोजगार देने का दम खम तो भर रहे हैं। लेकिन सच्चाई यह है कि इन चुनावी वायदों के बीच आज पहाड़ का युवा बेदम हो चला है।

बात अल्मोड़ा संसदीय क्षेत्र की करें तो आजादी के बाद अब तक यहां अब तक कुल 18 और राज्य गठन के बाद से चार लोकसभा चुनाव हो चुके हैं और हर चुनावों में दलों ने बेरोजगारी को अपनी जीत के लिए ब्रह्मास्त्र की तरह प्रयोग किया। लेकिन चुनाव जीतने के बाद पहाड़ की जवानी की फिक्र करना हर कोई भूल गया। नतीजतन पहाड़ की जवानी के पास पहाड़ के बजाय महानगरों में पसीना बहाने के अलावा कोई चारा बाकी नहीं रहा। पिछले 18 लोकसभा चुनावों के परिणामों पर नजर डालें तो यहां मुख्य मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच रहा और बेरोजगारी के मुद्दे को भुनाकर कई सियासतदारों ने फर्श से अर्श तक सफर भी तय कर लिया। लेकिन नहीं बदली तो यहां के बेराजगारों की किस्मत। इस लोकसभा के चार पहाड़ी जिलों की बात करें तो यहां सिर्फ सेवायोजन कार्यालय में पंजीकृत बेरोजगारों की संख्या करीब एक लाख अस्सी हजार के आसपास है। जबकि हजारों युवा ऐसे भी हैं जिन्होंने कभी सेवायोजन कार्यालय में अपने आप को पंजीकृत ही नहीं कराया। बीते पांच सालों में इनमें से अगर कुछ युवाओं को रोजगार मिला भी होगा तो वह संख्या चंद युवाओं की है। बाकी युवा या तो महानगरों में रोजी रोटी के लिए संघर्ष कर रहे हैं, या फिर पहाड़ों में अस्थायी रोजगार कर जैसे-तैसे अपना जीवन यापन कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में अब जबकि चुनाव एक बार फिर दहलीज पर हैं, सत्ताधारी भाजपा बेरोजगारी दर कम होने और स्वरोजगार को बढ़ावा देने का दम भर कर मैदान में उतरी है तो कांग्रेस युवाओं को रोजगार की गारंटी का शिगूफा दिखाकर आकर्षित करने की कोशिश में है।

बेरोजगारों का जिलेवार आंकड़ा

अल्मोड़ा	72,053
बागेश्वर	33,104
पिथौरागढ़	56,596
चंपावत	17,838

(यह आंकड़े जनवरी 2024 के हैं जो सेवायोजन कार्यालयों से लिए गए हैं)

सेना की सेवा से भी हुआ मोहभंग

उत्तराखंड प्रदेश का सेना से गहरा नाता रहा है। एक दौर वह भी था कि जब पहाड़ के अधिकांश घरों का एक सदस्य सेना में जरूर भर्ती होता था। तब पहाड़ के युवाओं के लिए सेना भर्ती रोजगार का बेहतर अवसर भी हुआ करता था। लेकिन वर्तमान दौर में सेना की सेवाओं में आई तमाम तब्दीलियों के कारण अब सेना से भी युवाओं का मोहभंग होता जा रहा है। जिस कारण रोजगार के इस जरिए से भी उम्मीदें कम होती जा रही हैं।

टेनी के सामने हैट्रिक का मौका, साख बचाने की चुनौती

खीरी सीट का हाल

विकास शुक्ल, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: नदियों और जंगलों की थाती समेटे लखीमपुर खीरी की धरती पर खीरी सीट का चुनाव इस पर कुछ अलग ही है। किसान आंदोलन के बाद जिस प्रकार का माहौल केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री के खिलाफ था, उसमें उनके टिकट पर संदेह जताया जा रहा था। भाजपा नेतृत्व के उन पर तीसरी बार भरोसा जताने के बाद अब अजय मिश्र टेनी के सामने हैट्रिक की चुनौती है। इस सीट पर भाजपा और सपा में सीधी टक्कर होने की उम्मीद है। भाजपा के सामने जहां प्रतिष्ठा बचाने की चुनौती है, वहीं सपा वापसी के लिए जोर आजमाइश कर रही है।

जिले में खीरी और धौरहरा दो लोकसभा सीटें हैं। खीरी सीट पर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी तीसरी बार चुनावी मैदान में हैं। 2014 के बाद 2019 में भी अजय मिश्र टेनी को जीत हासिल हुई। जुलाई 2021 में मोदी मंत्रिमंडल के विस्तार में टेनी को केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री बनाया गया। मंत्री बनने के बाद तीन महीने बाद खीरी के निघासन विधानसभा क्षेत्र के तिकुनिया में हुई घटना से पूरे देश की सियासत में उबाल आ गया। कृषि कानूनों के खिलाफ किसान प्रदर्शन कर रहे थे। इस दौरान अजय मिश्र के बेटे आशीष मिश्रा की गाड़ी से कुचलकर चार किसान मारे गए। इस पर हिंसा भड़की तो चार अन्य की मौत हो गई। इस तरह आठ लोग मारे गए। किसान संगठनों से लेकर विपक्ष ने इसे मुद्द बनाकर सियरसी बढ़त लेने की कोशिश की लेकिन 2022 में विधानसभा चुनाव में जिले की आठों सीटों पर भाजपा ने परचम लहराकर विपक्ष को तगड़ा झटका दिया। खास बात यह रही कि सबसे बड़ी जीत निघासन विधानसभा में हुई, जहां घटना घटी थी। चर्चा होती रहीं, लेकिन कोई असर नहीं हुआ और टेनी का केंद्रीय मंत्री पद भी बरकरार रहा।

किसान आंदोलन के दौरान बेटे का नाम आने पर झेला तीखा विरोध

कब-कौन यहां से चुनाव जीता

वर्ष	प्रत्याशी	पार्टी
1952	रामेश्वर प्रसाद नेवटिया	कांग्रेस
1957	कुंवर खुशवक्त राय	प्रजातांत्रिक सोशलिस्ट पार्टी
1962	बालगोविंद वर्मा	कांग्रेस
1967	बालगोविंद वर्मा	कांग्रेस
1971	बालगोविंद वर्मा	कांग्रेस
1977	सूरत बहादुर शाह	भारतीय लोकदल
1980	बालगोविंद वर्मा	कांग्रेस
1984	ऊषा वर्मा	कांग्रेस
1989	ऊषा वर्मा	कांग्रेस
1991	गेंदन लाल कनौजिया	भाजपा
1996	गेंदनलाल कनौजिया	भाजपा
1998	रवि प्रकाश वर्मा	सपा
1999	रवि प्रकाश वर्मा	सपा
2004	रवि प्रकाश वर्मा	सपा
2009	जफ़र अली नकवी	कांग्रेस
2014	अजय मिश्र टेनी	भाजपा
2019	अजय मिश्र टेनी	भाजपा

अजय मिश्र टेनी, भाजपा।

लोकसभा चुनाव 2014 का परिणाम

प्रत्याशी	पार्टी	वोट मिले
अजय मिश्र टेनी	भाजपा	3,98,578
अरविंद गिरि	बसपा	2,88,304
जफर अली नकवी	कांग्रेस	1,83,940
रवि प्रकाश वर्मा	सपा	1,60,112

लोकसभा चुनाव 2019 का परिणाम

प्रत्याशी	पार्टी	वोट मिले
अजय मिश्र टेनी	भाजपा	6,09,589
पूर्वी वर्मा	सपा	3,90,782
जफर अली नकवी	कांग्रेस	92,155

खीरी लोकसभा में मतदाताओं का विवरण

वि.स. क्षेत्र	पुरुष	महिला	थर्ड जेंडर	कुल
पलिया	1,93,321	1,73,018	04	3,663,43
निघासन	1,88,373	1,62,933	0	3,51,306
गोला गोकर्णनाथ	2,11,418	1,90,917	24	4,02,359
श्रीनगर	1,73,998	1,52,150	04	3,26,152
लखीमपुर	2,20,534	1,95,765	10	4,16,309
कुल	9,87,644	8,74,783	42	18,62,469

नौ बार रहा कब्जा, लेकिन पहली बार मैदान से बाहर वर्मा परिवार

1962 से लेकर 2019 तक हर लोकसभा चुनाव में खीरी सीट पर वर्मा परिवार मैदान में रहा। 2009 से पहले तक नौ बार इस परिवार का कब्जा रहा। आजादी के बाद यहां से वरिष्ठ नेता बाल गोविंद वर्मा लंबे समय तक कांग्रेस के सांसद रहे। उन्होंने हैट्रिक भी लगाई। जनता ने उन्हें चार पर चुना। उनके निधन के बाद उनकी पत्नी ऊषा वर्मा लगातार दो बार सांसद रहीं। उनके बाद उनके बेटे रवि प्रकाश वर्मा ने सपा का दामन थामा और हैट्रिक लगाई। 2019 में रवि प्रकाश वर्मा की बेटी डॉ. पूर्वी वर्मा को सपा-बसपा गठबंधन का प्रत्याशी बनाया लेकिन वे हार गईं। इस बार वह कांग्रेस से टिकट मांग रहीं थीं, लेकिन गठबंधन के कारण सपा को यह सीट मिली। बहरहाल, 62 साल में पहली बार वर्मा परिवार चुनावी लड़ाई के बाहर रहेगा।

कल्पनाथ की तलाश | सपा ने दोबारा राजीव राय तो सुभासपा प्रमुख ने अपने बेटे अरविंद राजभर को मैदान में उतारा

घोसी में बसपा के दांव पर टिके दोनों गठबंधन के भाव

विनय जायसवाल, मऊ

अमृत विचार। बुनकरों की नगरी मऊनाथ भंजन के मतदाता एक बार फिर घोसी संसदीय सीट से अपने रहनुमा का चुनाव करने को तैयार हैं। औद्योगिक नगरी के रूप में पूरे भारत में पहचान रखने वाले मऊ नगर के मतदाताओं को कल्पनाथ राय जैसे सांसद की तलाश है जो न सिर्फ उनके यहां विकास की गंगा बहा सके बल्कि उनके सुख- दुख का साथी बन सके। हर चुनाव में घोसी सीट के सभी दलों के उम्मीदवार कल्पनाथ राय जैसा विकास कराने की बात तो करते हैं पर जीतने के बाद वे मतदाताओं की उम्मीदों पर खरे नहीं उतरते। इस बार बसपा अभी तक अपने उम्मीदवार का नाम तय नहीं कर सकी है तो भाजपा ने यह सीट अपनी सहयोगी दल सुभासपा को दी है। इंडिया गठबंधन में सपा ने यहां से राजीव राय को दूसरी बार मैदान में उतारा है। अब मतदाताओं के साथ ही सपा-कांग्रेस और भाजपा-सुभासपा को भी बसपा प्रमुख मायावती के निर्णय का इंतजार है। बसपा के उम्मीदवार को देखकर ही ये पार्टियां अपनी रणनीति तय करेंगी।

पांच विधानसभा क्षेत्रों को मिलाकर घोसी संसदीय क्षेत्र बना है। पूर्व के चुनावों में बाहुबली मुख्तार अंसारी का अच्छा खासा दखल यहां के चुनावों में हुआ करता था। मुस्लिम मतदाताओं को मुख्तार के फरमान का इंतजार रहता था। अब मुख्तार जेल में है। ऐसे में उसकी दखलंदाजी न के बराबर होगी। लेकिन यह साफ है कि जो दल भाजपा- सुभासपा के उम्मीदवार को हराने की स्थिति में होगा मुस्लिम मतदाता उसी के साथ जाएंगे चाहे वह सपा का उम्मीदवार हो या बसपा का। ऐसे में सपा और भाजपा से ज्यादा यहां के मुस्लिम मतदाताओं की निगाह बसपा के कदम पर लगी हुई है। 2014 की नरेंद्र मोदी लहर में भाजपा के हरिनारायण राजभर यहां से चुनाव जीतने में कामयाब रहे थे लेकिन पांच साल बाद जब 2019 में चुनाव हुए तो उन्हें बसपा के अतुल राय ने 1,22,568 वोटों से पटखनी दे दी। 2014 से पहले भाजपा इस सीट पर कभी नहीं जीती थी। इस चुनाव में जीत की वजह थी मुख्तार अंसारी का कौमी एकता दल से मैदान में उतरना। परिणाम यह हुआ कि यहां मुस्लिम वोट बड़े पैमाने पर मुख्तार के साथ गया और वह तीसरे स्थान पर रहा। बसपा के दारा सिंह चौहान को हराकर हरिनारायण राजभर सांसद बने थे, लेकिन 2019 में मुख्तार बसपा के साथ आए और नतीजा बसपा की जीत के रूप में सामने आया। इस सीट पर मुस्लिम मतदाताओं की तरह ही राजभर मतदाताओं की भूमिका भी अहम रहती है। यही वजह है कि सुभासपा प्रमुख ओपी राजभर ने इस सीट से अपने बेटे अरविंद राजभर को मैदान में उतारा है। कयास लगाए जा रहे हैं कि बसपा यहां से किसी मुस्लिम चेहरे पर ही दांव लगा सकती है।

भाकपा पांच बार, कांग्रेस चार बार, बसपा तीन मर्तबा जीती

इस संसदीय सीट पार भाकपा के उम्मीदवार पांच बार जीते तो कांग्रेस ने चार बार जीत दर्ज की है। सपा और भाजपा को एक- एक बार जीत मिली तो बसपा तीन बार यहां से अपने उम्मीदवार को संसद भेजने में कामयाब रही है।

कल्पनाथ राय की वजह से सुर्खियों में रही सीट

एक दौर था जब यह सीट पूर्व केंद्रीय मंत्री कल्पनाथ राय की वजह से सुर्खियों में आई। वे तीन बार कांग्रेस से राज्यसभा के सदस्य भी रहे। 1989 में कल्पनाथ राय इस सीट से सांसद बने थे। इसके बाद जब 1991 में चुनाव हुआ तो वे फिर कांग्रेस के सिंबल से मैदान में उतरे और जीते। लेकिन प्रधानमंत्री पीवी नरसिंहा राव के शासन में उन पर राज्यमंत्री के रूप में उन पर चीनी घोटाले का आरोप लगा और वे जेल गए। कांग्रेस से टिकट नहीं मिला तो वे 1996 में निर्दलीय मैदान में उतर गए। कल्पनाथ भारी मतों से जीते और कांग्रेस की इस सीट पर दुगर्ति हो गई। इसके बाद वे समता पार्टी में शामिल हुए और पुन: 1998 में संसद पहुंचे। कल्पनाथ राय को मऊ जिले में विकास पुरुष के रूप में जाना जाता है और आज भी यहां के मतदाताओं को उनके वास्तवितक उत्तराधिकारी की तलाश है जो विकास कर सके।

संदेशखाली का संदेश

ये हैं पश्चिम बंगाल के उत्तर चौबीस परगना जिला की बशीरहाट लोकसभा क्षेत्र से भाजपा की प्रत्याशी रेखा पात्रा। यह संदेशखाली घटना की प्रमुख पीड़ितों में शामिल हैं। रेखा जब प्रचार में निकलीं तो लोगों का समर्थन पाकर भावुक हो उठीं।

चुनाव कमाल का

- लोकसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है।इस दौरान यदि आप 50 हजार से अधिक धनराशि अपने साथ ले जाना चाहते चाहते हैं तो आपको बैंक साक्ष्य दिखाना पड़ेगा। यह सीमा अधिकतम दस लाख तक होगी। नकदी का स्रोत व प्रमाण पत्र न प्रस्तुत कर पाने की दशा में यह धनराशि जब्त की जा सकती है।आम लोगों और व्यापारियों को कैश ले जाने के कुछ रिकॉर्ड साथ में जरूर रखने चाहिए। जैसे कि ये पैसा किस लिए ले जाया जा रहा है और इसका सोर्स क्या है।इसके अलावा बड़े डिजिटल ट्रांजेक्शन पर भी नजर रखी जाती है। चुनाव आयोग के निर्देश पर किसी भी यूपीआई आधारित पेमेंट ऐप से रोजाना पचास हज़ार रुपये तक का ट्रांजेक्शन हो सकता है।

अटल सीट पर जीत का अंतर बढ़ाने की 'अटल' कोशिश

2014 में भाजपा प्रत्याशी को 5 लाख 61 हजार 106 मत और 2019 में मिले थे 6 लाख 33 हजार 26 मत

लखनऊ संसदीय सीट से भाजपा ने राजनाथ सिंह को बनाया है उम्मीदवार

स्वास्थ्य शिविर, रोजगार मेला, विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत योजनाओं का लाभ दिला हर वर्ग के लोगों तक पहुंचने का किया प्रयास

राजीव शुक्ला, लखनऊ





अमृत विचार: यूं तो भारतीय जनता पार्टी के बारे में कहा जाता है कि मौजूदा नेतृत्व हर वक्त चुनावी मोड में रहता है। ऐसे में जब चुनावी दुंदुभी बज चुकी हो तो भाजपा अन्य दलों से कहां पिछड़ने वाली है।

चाहे वह तैयारियां हों या फिर पार्टी कार्यक्रम अथवा जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने की बात। जहां विपक्ष अभी टिकट बंटवारे के पेच में उलझा हुआ है, वहीं भाजपा विपक्षी दलों से कहीं आगे निकलती दिख रही है। प्रदेश की राजधानी लखनऊ के संसदीय क्षेत्र को ही ले लीजिए।

देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की सीट। यहां पिछले वर्ष से ही भाजपा ने लोगों के बीच पैठ बढ़ा लोकसभा का रास्ता आसान करने की दिशा में जमीन पर अपना काम शुरू कर दिया था। यह जानते हुए भी कि मतदाताओं का स्नेह इस ''अटल'' सीट पर हमेशा जीत के ''अटल विश्वास'' पर कायम रहा है। बावजूद इसके पार्टी कार्यकर्ता जीत के इस अंतर को रिकार्ड की ओर ले जाना चाहते हैं। इसकी तैयारियां पिछले वर्ष से ही भाजपा ने शुरू कर दी थीं। मतदाता बढ़ाए जाने के चुनावी अभियान का श्रीगणेश तो किया ही पार्टी नेताओं ने लोगों के घरों तक पहुंचना भी शुरू कर दिया। भले की बहाना मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फार्म भरवाने का हो। प्रक्रिया पूरी हुई तो घरों तक इसकी जानकारी पहुंचाने में भी किसी तरह की कोताही नहीं बरती।

लक्ष्य छूते रहे, योजनाओं को घर-घर तक पहुंचा बढ़ते रहे आगे

यही नहीं केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का बखान किया। भाजपाइयों को जिले में दो लाख लोगों को ''नमो एप'' से जोड़ने का लक्ष्य दिया गया। लक्ष्य मिलने के साथ ही महानगर इकाई सक्रिय हुई। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी की टीम जीत के अंतर को बढ़ाने के मैदान में उतर पड़ी। लक्ष्य छुआ तो ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' में प्रदेश में ''पहला स्थान'' प्राप्त किया। मन की बात के प्रचार-प्रसार की बात आई तो दूसरा स्थान हासिल कर न केवल राजधानी की बल्कि प्रदेश की धमक भी बनाए रखी। फिर शुरू हुआ विधानसभा में ''प्रवास कार्यक्रमों'' का सिलसिला। लोगों के बीच बैठक कर उनकी समस्याएं जानीं और सुलझाने में लगे। इसका स्पष्ट आंकड़ा तो नहीं है लेकिन इन प्रयासों से जनता के बीच ''भरोसा'' बनाने में पार्टी सफल रही। विभिन्न अस्पतालों के सहयोग से ''स्वास्थ्य शिविर'' आयोजित किए गए। चुनाव की तिथियां घोषित होने से पहले लखनऊ ''विश्वविद्यालय'' में ''रोजगार मेले'' का आयोजन कर युवाओं को भी जोड़ने का सीधा प्रयास किया। माना जा रहा है कि चुनावी रणनीति के तहत ही भाजपा ने समाज के हर वर्ग से सीधे जुड़ने का प्रयास किया। 20 मई को लखनऊ संसदीय सीट पर मतदान होना है और चार जून को चुनाव परिणाम आएंगे। फिलहाल भाजपाइयों की मेहनत क्या रंग लाई यह तो आने वाला परिणाम ही बताएगा कि लखनऊ संसदीय सीट से प्रत्याशी राजनाथ सिंह के जीत का अंतर और मत प्रतिशत कितना बढ़ा।

तैयारी जीत की : वीआईपी सीट लखनऊ

2019 के चुनाव में लखनऊ संसदीय सीट पर प्रत्याशियों को मिले मत

प्रत्याशी	पार्टी	मिले मत
राजनाथ सिंह	भाजपा	633026
पूनम सिन्हा	सपा	285274
आचार्य प्रमोद कृष्णम	कांग्रेस	180011

वर्ष 2014 के चुनाव में लखनऊ संसदीय सीट पर प्रत्याशियों को मिले मत

प्रत्याशी	पार्टी	मिले मत
राजनाथ सिंह	भाजपा	561106
अभिषेक मिश्रा	सपा	56771
रीता बहुगुणा जोशी	कांग्रेस	288357
नकुल दुबे	बसपा	64449
सैय्यद जावेद अहमद जाफरी	आप	41429

मेरठ से भावनात्मक है मेरा रिश्ता : अरुण गोविल

अभिनेता अरुण गोविल

मेरठ। दूरदर्शन पर प्रसारित हुए लोकप्रिय धारावाहिक 'रामायण' में भगवान राम की भूमिका निभाने वाले मेरठ से भाजपा उम्मीदवार अरुण गोविल ने इस शहर के साथ अपने भावनात्मक संबंधों को जाहिर करते हुए बुधवार को कहा कि उनका जन्म मेरठ में हुआ था। उनके जीवन के शुरुआती 17 साल इसी शहर में बीते। गोविल ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा, ''मैं यहीं (मेरठ में) पैदा हुआ था। मैंने अपना बचपन यहीं बिताया। मेरे जीवन के पहले 17 साल इसी शहर में बीते। मैंने मेरठ में पढ़ाई की। मैं सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल का छात्र था। उसके बाद मैंने सरकारी इंटर कॉलेज में दाखिला लिया।" इस सवाल पर कि अगर वह मेरठ से लोकसभा चुनाव जीत गये तो क्या यहां की जनता को उनके फिर से दर्शन होंगे, गोविल ने कहा कि ''यह तो समय ही बताएगा।'' हालांकि उन्होंने यह भी कहा, ''मैंने अपने जीवन में कभी ऐसा कुछ नहीं किया, जिसके लिए कोई मुझे दोषी ठहरा सके। आज तक मैंने जो भी किया, जो भी करता रहा, वह सेवा का ही एक रूप था। अब यह लोगों की सेवा का ही एक और रूप होगा।'' राम मंदिर से जुड़े एक सवाल के जवाब में गोविल ने कहा कि रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के बाद आज पूरा देश और दुनिया राममय हो गई है। एक अन्य सवाल पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इतना काम किया है कि कोई उनका मुकाबला नहीं कर सकता। गोविल मंगलवार शाम को मेरठ पहुंचे और स्थानीय पार्टी नेताओं एवं भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय के पदाधिकारियों से मुलाकात की। गोविल पार्टी पदाधिकारियों के साथ औघड़नाथ मंदिर भी गए, जहां उन्होंने भगवान आशुतोष का जलाभिषेक किया। गोविल ने कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत द्वारा अभिनेत्री कंगना रनौत पर की गई कथित टिप्पणी पर कुछ कहने से इनकार कर दिया, और कहा कि "उनकी बात मेरे से मत पूछिये, उनकी बात उनसे ही पूछिये।

'एम-वाई' फैक्टर से जीतेंगे उप्र की सभी सीटें : रवि किशन

सांसद रवि किशन

गोरखपुर। गोरखपुर से भारतीय जनता पार्टी के सांसद रवि किशन ने बुधवार को कहा कि उनकी पार्टी "एम-वाई" फैक्टर की मदद से प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटें जीतेगी। उत्तर प्रदेश की राजनीतिक भाषा में 'एम-वाई' फैक्टर का तात्पर्य मुस्लिम और यादव समुदाय से है, जिन्हें पारंपरिक तौर पर गैर-भाजपा मतदाता माना जाता है। रवि किशन ने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा, "लोग मुझसे एम-वाई फैक्टर के बारे में कहते हैं कि वे भाजपा को वोट नहीं देंगे। देश में एक बहुत प्रमुख 'एम-वाई' फैक्टर है, जिसके बारे में आप नहीं जानते हैं, और वह है मोदी-योगी फैक्टर। यह 'एम वाई' फैक्टर राज्य की सभी 80 सीटों पर जीत सुनिश्चित करेगा। भारतीय जनता पार्टी ने रवि किशन को एक बार फिर गोरखपुर से लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया है। पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान उन्होंने कहा, "हमारी नीतियों से हर समुदाय के लोगों को लाभ हुआ है। इसे असली राम राज्य कहा जाता है। आप सभी ध्यान दें कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है, प्रधानमंत्री मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे, राजग गठबंधन देश में 400 सीटें और उप्र में सभी 80 सीटें जीतेगा।

जितिन प्रसाद, संजीव बालियान व आजम की प्रतिष्ठा दांव पर

भाजपा सांसदों की हैट्रिक तय करेगी पीएम मोदी की तीसरी ताजपोशी

मुरादाबाद व रामपुर में जेल से ही आजम ने दिखाई पार्टी को ताकत

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

लोकसभा चुनाव का पहला चरण

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के पहले चरण की आठ सीटों पर नामांकन के आखिरी दिन प्रत्याशियों की तस्वीर साफ हो गई है। भाजपा से केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ संजीव बालियान और प्रदेश के कैबिनेट जितिन प्रसाद की प्रतिष्ठा दांव पर है।

साथ ही जेल से ही आजम खान ने ऐसा दांव चला कि मुरादाबाद और रामपुर में आजम ने सपा में अपनी हैसियत का एहसास करा दिया।

मुजफ्फरनगर: बालियान की हैट्रिक अहम

मुजफ्फरनगर से लगातार दो बार सांसद रहने और दोनों बार मंत्री पद की जिम्मेदारी संभालने वाले डॉ संजीव बालियान को इस बार पीएम मोदी की तीसरी ताजपोशी के लिए खुद हैट्रिक लगानी होगी। पश्चिम उत्तर प्रदेश की मुजफ्फरनगर सीट जाट बेल्ट में आती है। 2013 के दंगों ने यहां भाजपा को क्लीन स्वीप का मौका दिया। इसबार भाजपा के साथ रालोद के आ जाने से मुख्य टक्कर सपा के हरेंद्र सिंह मलिक से मिलने वाली है। हालांकि बसपा के दारा सिंह प्रजापति भी कुछ कम नहीं हैं।

सहारनपुर: इंडिया-बसपा की लड़ाई में भाजपा को राघव पर भरोसा

बसपा के कब्जे से सहारनपुर सीट हासिल करने के लिए भाजपा ने लगातार तीसरी बार राघव लाल शर्मा पर भरोसा जताया है। राघव लाल पहली बार 2014 में भाजपा के टिकट पर यहीं से सांसद बने थे। जिन्हें 2019 में सपा-बसपा गठबंधन में बसपा के हाजी फजलुर्रहमान हराया। इसबार हालात थोड़े बदले हुए हैं, सांसद हाजी फजलुर्रहमान ने बसपा का दामन छोड़ दिया है, इसलिए बसपा ने माजिद अली को यहां से प्रत्याशी बनाया है। जबकि इंडिया गठबंधन से सीट कांग्रेस के खाते में जाने से इमरान मसूद तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं। आज तक उनको जीत का स्वाद नहीं मिला है। भाजपा को यहां कांग्रेस व बसपा की मुस्लिम वोटों की लड़ाई में राघव पर भरोसा है।

मुरादाबाद: इतिहास दोहराएंगे सर्वेश या सपा बचा लेगी सीट

भाजपा के लिए चुनौतियों से भरपूर मुरादाबाद सीट मुस्लिम बहुल होने के नाते सपा और कांग्रेस के प्रत्याशी ही जीतते आए हैं। हालांकि 2014 में भाजपा के सर्वेश सिंह ने सभी समीकरण तोड़ते हुए जीत दर्ज की थी। मगर, 2019 में उनको हार का सामना करना पड़ा। इस बार भाजपा ने फिर से सर्वेश पर भरोसा जताया है। सपा से सोमवार को नामांकन करने वाले सांसद डॉ. एसटी हसन को बुधवार रामपुर जान के लिए कहा गया, लेकिन वहां मोहिबुल्लाह नदवी के पक्ष में प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम चार्टर प्लेन से अधिकृत फार्म लेकर पहुंचे और नामांकन कराया। रुचि वीरा ने मुरादाबाद से बतौर सपा प्रत्याशी दावा करते हुए नामांकन किया। अब डॉ. हसन कहते हैं कि उन्हें बी फॉर्म मिल गया है। टिकट काटे जाने की पार्टी की तरफ से अधिकृत जानकारी नहीं दी गई है। उधर, बसपा ने मुहम्मद इरफान सैफी को उतारकर मुकाबला को रोचक बना दिया है। सपा का अंतरविरोध और बसपा की लड़ाई में वोटों का बंटवारा हुआ तो भाजपा की राह आसान हो सकती है।

कैराना सीट: बनेंगे नए रिकार्ड या बचेगी साख

कभी कैराना पलायन के मुद्दे पर देशभर में गरमाया हुआ था, लेकिन योगी सरकार में यहां गुंडई बीते दिनों की बात हो गई है। इस सीट पर भाजपा के प्रदीप चौधरी सांसद हैं। उनके सामने लगातार दो बार भाजपा सांसद रहे हरपाल सिंह के रिकॉर्ड की बराबरी करने की तो सपा की इकरा हसन के सामने विरासत को आगे बढ़ाने की चुनौती है। जबकि पहली बार चुनाव लड़ रहे बसपा के श्रीपाल सिंह राणा के सामने अपनी साख बचाना चुनौती होगी।

बिजनौर सीट: मिशन- 80 में रालोद को दिखाना होगा दम

इस सीट पर 2009 व 2014 में असफल रहे बसपा के मलूक नागर सांसद हैं। लेकिन इसबार मैदान में नहीं उतरे, उनकी जगह बसपा ने विजेंद्र सिंह पर दांव लगाया है। नागर एक बिजनेसमैन हैं, अक्टूबर 2020 में उनकी रियल एस्टेट से जुड़ी समूह कंपनियों और उनके सहयोगियों के खिलाफ आयकर छापे मारे गए थे। लोकसभा अध्यक्ष रहीं मीरा कुमार और मुख्यमंत्री रहीं मायावती भी इस सीट का एक-एक बार प्रतिनिधित्व कर चुकी है। इसबार भाजपा गठबंधन से रालोद प्रत्याशी चंदन चौहान मैदान में हैं। सपा ने दीपक सैनी को उतारा है। यहां रालोद को दिखाना होगा कि मिशन : 80 में उसका कितना दम है।

रामपुर सीट: अखिलेश पर दबाव बनाकर आजम ने साधे कई निशाने

ब्रिटिश साम्राज्य के दौरान सितंबर 1774 में रामपुर रियासत का उदय हुआ। यहां पर 1949 तक कुल 10 नवाबों ने शासन किया है। देश की आजादी के बाद 1952 में हुए आम चुनाव में देश के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद यहीं से चुनकर संसद तक पहुंचे थे। यहां नवाब खानदान के अलावा भाजपा के मुस्लिम चेहरे मुख्तार अब्बास नकवी, अभिनेत्री जयाप्रदा और सपा के फायर ब्रांड नेता आजम खान जीत हासिल कर चुके हैं। भाजपा ने सपा नेता आजम खान की गढ़ बन चुकी रामपुर सीट को उपचुनाव में घनश्याम सिंह लोधी को खड़ा करके फतह किया था। उन्हें फिर मैदान में उतारकर चुनौती पेश की है। मौजूदा दौर में आजम खान, उनके बेटे अब्दुल्ला आजम और पत्नी तजीन फात्मा जेल में हैं और चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित भी है। फिर भी आजम ने सीतापुर जेल से दबदबा दिखाते हुए सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर दबाव बनाकर एक तीर से कई निशाने साधे। रामपुर लोकसभा सीट से स्वार क्षेत्र के रजा नगर निवासी व दिल्ली पार्लियामेंट स्ट्रीट की जामा मस्जिद के इमाम मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी सपा के अधिकृत प्रत्याशी बन गए।

पीलीभीत सीट: जितिन प्रसाद की प्रतिष्ठा दांव पर

पीलीभीत लोकसभा सीट पर मतदाताओं की संख्या 18 लाख से ज्यादा है। भाजपा ने इसबार सांसद वरुण गांधी का टिकट काटकर प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद को उतारा है। यहां करीब 5 लाख मुसलमान और दो लाख कुर्मी निर्णायक माने जाते हैं, लेकिन गांधी परिवार की बहू मेनका गांधी ने जबसे कुर्मी बिरादरी के भानु प्रताप को हराया, तबसे लगातार जीतती आ रही भाजपा ने इसे हाट सीट बना दिया। मेनका गांधी के बाद उनके बेटे वरुण गांधी यहां से जीते। इसबार सपा ने कुर्मी बिरादरी के भगवत शरण गंगवार को उतारकर जितिन प्रसाद को कड़ी चुनौती पेश की है। बसपा के अनीस अहमद खां उर्फ फूल बाबू सपा की रणनीति में सेंधमारी करते दिख रहे हैं।

नगीना सीट: बदलते मिजाज में जातीय समीकरण हावी

नगीना लोकसभा सीट परिसीमन के दौरान वर्ष 2009 में गठित हुई थी। तबसे वोटरों के मिजाज को अभी तक कोई समझ नहीं पाया है। यहां न मोदी मैजिक काम आता दिखा हैं, न राष्ट्रीय राजनीति के मुद्दे। अब तक हुए तीन लोकसभा चुनाव में मतदाताओं ने हर बार अलग-अलग पार्टी के प्रत्याशी को जीत दिलाई है। जातीय समीकरणों से अबतक भाजपा, सपा और बसपा एक-एक बार जीत दर्ज कर चुकी है। यह सीट इसबार इसलिए खास है क्योंकि चर्चित दलित नेता चंद्रशेखर यहां से अपनी सियासी जमीन की तलाशने पहली बार चुनावी मैदान में हैं। भाजपा ने ओम कुमार, तो सपा ने मनोज कुमार को अपना प्रत्याशी बनाया है। वहीं, बसपा ने सुरेंद्र सिंह मेनवाल को अपना प्रत्याशी बनाया है।

सांसद बृजभूषण शरण सिंह के टिकट पर टिकी राजनीतिक दलों की निगाहें

भाजपा प्रत्याशी के इंतजार में सपा-बसपा में खामोशी

उमानाथ तिवारी, गोंडा

प्रत्याशी नदारद, जनता के बीच हो रही चुनावी चकल्लस

अमृत विचार : सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा के साथ साथ समाजवादी पार्टी व बहुजन समाज पार्टी ने भले ही अभी अपने पत्ते नहीं खोले हैं लेकिन कैसरगंज की जनता के बीच चुनावी चकल्लस चरम पर है। हर कोई मौजूदा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के राजनैतिक भविष्य पर चर्चा करता दिखाई दे रहा है। चौक चौराहों पर उम्मीदवार की ही चर्चा है। भाजपा किसे टिकट दे रही है तो सपा से उम्मीदवार कौन होगा इस पर आम जनता भी बहस कर रही है। करनैलगंज के रहने वाले राम सुरेमन का कहना है कि जो भी उन्हे पार्टी से कोई मतलब नहीं है। प्रत्याशी ईमानदार और साफ स्वच्छ छवि कि होना चाहिए ताकि वह आम लोग उससे आसानी से मिल सकें और क्षेत्र का विकास हो। वहीं परसपुर के बृजमन सिंह का कहना है कि अब सभी दलों को अपना पत्ता खोल देना चाहिए। देरी से उम्मीदवारों को नुकसान उठाना पड़ सकता है।

अमृत विचार: कैसरगंज से बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह का इंतजार बढ़ता ही जा रहा है। पार्टी से उनके टिकट को लेकर अभी सस्पेंस बरकरार है। इस सस्पेंस ने कैसरगंज सीट को प्रदेश की सबसे हॉट सीट की कतार में लाकर खड़ा कर दिया है। भाजपा प्रत्याशी का ऐलान न होने से विरोधी पार्टियों ने भी अभी अपने पत्ते नहीं खोले हैं। समाजवादी पार्टी व बहुजन समाज पार्टी ने प्रत्याशी चयन को लेकर खामोशी ओढ़ रखी है। माना जा रहा है कि सपा व बसपा की दावेदारी भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी चयन पर निर्भर है। इसलिए दोनों ही पार्टियां अपना प्रत्याशी घोषित करने से परहेज कर रही हैं। पार्टियों की यह खामोशी चुनाव लड़ने वाले दावेदारों के साथ साथ उनके समर्थकों की धड़कनें बढ़ा रही है।

कैसरगंज लोकसभा सीट से बृजभूषण शरण सिंह भारतीय जनता पार्टी से मौजूदा सांसद हैं। बृजभूषण शरण सिंह पार्टी के कद्दावर नेता हैं। अलग अलग सीटों से छह बार सांसद चुने जा चुके हैं। वर्ष 1999 से वह एक भी चुनाव नहीं हारे हैं और पिछले दो चुनावों में वह कैसरगंज से जीत हासिल कर चुके हैं, लेकिन इस लंबे राजनैतिक जीवन के बावजूद इस बार उनकी दावेदारी संकट में है। पार्टी ने अभी तक उनकी दावेदारी का ऐलान नहीं किया है। राजनैतिक हलकों में चर्चा है कि इस बार उनका टिकट कट सकता है। इसके पीछे महिला पहलवानों की तरफ से लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोप और उनका बड़बोलापन माना जा रहा है। पार्टी के अंदर खाने में यह चर्चा है कि अगर बृजभूषण शरण सिंह को भाजपा टिकट देती है तो इससे महिलाएं नाराज हो सकती हैं।

महिला शक्ति के दम पर चुनाव लड़ रही पार्टी इस आधी आबादी को नाराज नहीं करना चाहती। इसके अलावा समय समय पर उनके तरफ से दिए गए विवादास्पद बयान भी टिकट में बाधा बने हैं। इधर भाजपा प्रत्याशी का ऐलान न होने से सपा व बसपा भी खामोश बैठी हैं। दोनों पार्टियां भाजपा उम्मीदवार का इंतजार कर रही हैं। अगर भाजपा अपने मौजूदा सांसद को टिकट नहीं देती और उनके स्थान पर किसी नए चेहरे को चुनाव मैदान में उतारती है तो सपा बृजभूषण शरण सिंह को मौका दे सकती है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव इस बात को एक प्रेस कांफ्रेंस में कह भी चुके हैं। हालांकि सांसद बृजभूषण शरण सिंह की तरफ से इस संबंध में कुछ नहीं कहा गया है। वह भाजपा से अपनी दावेदारी को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त हैं। अपने समर्थकों के साथ लगातार क्षेत्र भ्रमण कर रहे हैं, बावजूद इसके सपा और बसपा वेट एंड वॉच की स्थिति में है और वह बीजेपी उम्मीदवार का इंतजार कर रही हैं।

वीआईपी सीट कैसरगंज

कैसरगंज लोकसभा सीट पर मतदाताओं की संख्या

विधानसभा	कुल मतदाता	महिला	पुरुष	अन्य
पयागपुर	387399	204829	18254	16
कैसरगंज	389690	206010	183676	04
कटरा बाजार	396936	211098	185825	13
कर्नलगंज	334203	177854	156327	22
तरबगंज	371773	198148	173607	18
योग-	1880001	997939	881989	73

बृजभूषण शरण सिंह, सांसद -कैसरगंज

कैसरगंज से कब कौन बना सांसद

1952	शकुंतला नायर	भारतीय जन संघ
1957	भगवान दीन मिश्रा	कांग्रेस
1952	शकुंतला नायर	भारतीय जन संघ
1957	भगवान दीन मिश्रा	कांग्रेस
1962	बसंत कुंवरि	स्वतंत्र
1967	शकुंतला नायर	भारतीय जन संघ
1971	शकुंतला नायर	भारतीय जनसंघ
1977	रुद्रसेन चौधरी	जनता पार्टी
1980	राणा वीर सिंह	कांग्रेस
1984	राणा वीर सिंह	कांग्रेस
1989	रुद्रसेन चौधरी	भाजपा
1991	एलएनमणि त्रिपाठी	भाजपा
1996	बेनी प्रसाद वर्मा	सपा
1998	बेनी प्रसाद वर्मा	सपा
1999	बेनी प्रसाद वर्मा	सपा
2004	बेनी प्रसाद वर्मा	सपा
2009	बृजभूषण शरण सिंह	सपा
2014	बृजभूषण शरण सिंह	भाजपा
2019	बृजभूषण शरण सिंह	भाजपा

वोट कैसे डालें, बताएगी वोटर गाइड

प्रत्येक परिवार को बीएलओ कराएंगे उपलब्ध, निर्वाचन आयोग करा रहा मुहैया

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में मतदाता पर्ची के साथ हर घर पर एक वोटर गाइड भी दी जाएगी। यह बीएलओ हर घर तक पहुंचाएगा। इस वोटर गाइड में बताया गया है कि वोट कैसे डालें। इस बार जिला प्रशासन को यह वोटर गाइड सीधे निर्वाचन आयोग से मिलेगी। अभी तक इस गाइड को स्थानीय स्तर पर छपवाया जाता था। इस गाइड के साथ ही मतदाता पर्ची भी घरों तक पहुंचेगी।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव 2024 में प्रत्येक परिवार के लिए मतदाता मार्गदर्शिका (वोटर गाइड) तैयार की है। मतदाता मार्गदर्शिका मतदान से पहले प्रत्येक परिवारों को घर-घर जाकर बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) के माध्यम से वितरित की जाएगी। मतदाता मार्गदर्शिका (वोटर गाइड) का वितरण मतदाता शिक्षा और निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) की दृष्टि से मतदाताओं को जागरूक करने और निर्वाचन प्रक्रिया से भलीभांति अवगत कराने के लिए किया जाएगा। मतदाता मार्गदर्शिका (वोटर गाइड) में 'मतदान कैसे करें' व मतदान के लिए 'अनुमोदित पहचान अभिलेख' क्या होंगे, इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। साथ ही वोटर गाइड में ईवीएम और वीवी पैट का उपयोग करते हुए वोट देने की प्रक्रिया भी बताई जाएगी तथा मतदान केंद्र के आसपास व मतदान के दौरान 'क्या करें' और 'क्या न करें' के संबंध में मतदाताओं को जानकारी मिलेगी। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील पांडेय ने बताया कि वोटर गाइड सीधे आयोग से छपकर आ रही है। उन्होंने बताया कि अब इसे प्रति परिवार मतदाता पर्ची के साथ वितरित कराया जाएगा जिससे लोगों को इसकी मदद मिल सके।



इस तरह की होगी वोटर गाइड।

मतदान केंद्र पर आधारभूत सुविधा बताई जाएंगी

मतदाता मार्गदर्शिका के माध्यम से मतदान केंद्रों पर उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं की जानकारी भी मतदाताओं को दी जाएगी। मतदाता मार्गदर्शिका में मतदाता की जानकारी के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की वेबसाइट एवं हेल्पलाइन के साथ-साथ अन्य महत्वपूर्ण नंबर व पोर्टल की जानकारी भी प्रदान की जाएगी। मतदाता सूची में अपना नाम ढूंढने तथा अपना पोलिंग स्टेशन पहुंचाने के लिए भी मतदाता को शिक्षित करने के लिए मतदाता मार्गदर्शिका में वेबसाइट एवं पोर्टल की जानकारी प्रदान की जाएगी।

मतदाता पर्ची पर होगा बूथ का नजरी नक्शा

मतदाताओं की सुविधा के लिए निर्वाचन आयोग ने मतदाता पर्ची के पीछे पोलिंग बूथ का नजरी नक्शा भी प्रिंट कर उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। मतदाता पर्ची का साइज भी पहले की तुलना में बड़ा होगा। मतदाता पर्ची के पीछे पोलिंग बूथ के नजरी नक्शा के अलावा, बूथ नंबर, चुनाव की तिथि एवं समय, हेल्पलाइन नंबर, बीएलओ का नाम एवं मोबाइल नंबर सहित मतदाता के मार्गदर्शन के लिए महत्वपूर्ण सूचनाएं मुद्रित की जा सकेंगी। यह मतदाता पर्ची मतदान तिथि से एक हफ्ते पहले बीएलओ वोटर गाइड के साथ घर-घर पहुंचाएंगे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

अतितृष्णा न कर्तव्या तृष्णां नैव परित्यजेत् ।
शनै : शनैश्च भोक्तव्यं स्वयं वित्तमुपार्जितम् ॥

अधिक इच्छाएं नहीं करनी चाहिए पर इच्छाओं का सर्वथा त्याग भी नहीं करना चाहिए। अपने कमाए हुए धन का धीरे-धीरे उपभोग करना चाहिए॥

संपादकीय

सतर्क रहने की जरूरत

पूरी दुनिया में आतंकवाद का खतरा मंडरा रहा है। आतंकवाद सबसे बड़ी समस्या और चुनौती बना हुआ है। 22 मार्च को मॉस्को के बाहरी इलाके में स्थित क्रोकस सिटी हॉल पर हुए आतंकवादी हमले में कम से कम 137 लोग मारे गए। वैश्विक स्तर पर खौफनाक आतंकी संगठन माने जाने वाले इस्लामिक स्टेट खुरासान ने रूस में की गई गोलीबारी की जिम्मेदारी ली। यह संगठन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आतंकवादी घोषित किए गए गुट 'इस्लामिक स्टेट' का ही अंग है। इस चरमपंथी संगठन को 'आईएसके' कहा जाता है जो इस्लामिक स्टेट खुरासान का संक्षिप्त रूप है। इसका पूरा ध्यान अफगानिस्तान, ईरान और पाकिस्तान पर केंद्रित है। खुरासान एक समय फारसी साम्राज्य का हिस्सा हुआ करता था, जो अब ईरान, अफगानिस्तान और मध्य एशियाई मुल्कों में विभाजित है। इसी खुरासान के हवाले से आइसिस से संबद्ध रहा आतंकी संगठन 'आईएसआईएस-के' का जन्म हुआ। सीरिया युद्ध के समय दुनिया को बताया गया कि इनका सफाया किया जा चुका है। मगर, यह एक धोखा था। ये ऐसे आतंकी हैं, जो पाकिस्तान-अफगानिस्तान, सेंट्रल एशिया और दुनिया के विभन्न देशों में पैर पसार चुके हैं। विभिन्न सरकारें और एजेंसियां इनका दुरुपयोग करने में लगी हैं। ऐसे में क्या भारत को आइसिस-खुरासान से सतर्क रहने की जरूरत नहीं है। मास्को में हुए आतंकी हमले से भारत को भी सतर्क रहने की आवश्यकता है। आईएस से निपटने के लिए विभिन्न देशों को उन भू-राजनीतिक स्थितियों पर ध्यान देने की जरूरत है जो आईएस को फिर से संगठित होने में मदद कर रही हैं। जब तक तालिबान विविध आबादी वाले कट्टरपंथी अफगानिस्तान पर अपना एकमात्र पश्तूनों वाला शासन जारी रखेगा और पश्चिम एशिया के कुछ हिस्सों में अस्थिरता, युद्ध एवं अराजकता का माहौल बना रहेगा, तब तक आईएस जैसे समूह फलने-फूलने और हमले करने के रास्ते ढूंढते रहेंगे।

आतंकवाद को समाप्त करने के लिए वैश्विक स्तर पर ठोस व साझा प्रयास करने की जरूरत है। इसमें आतंकी वित्तपोषण और इससे संबद्ध चुनौतियों के चलते हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि आतंकवादियों का समर्थन करने वाले देशों को जवाबदेह ठहराया जाए और इस समस्या से संगठित तरीके से निपटा जाए। आतंकवाद को वैश्विक घटना मानने के बावजूद आतंकवाद की अंतर्राष्ट्रीय रूप से स्वीकृत परिभाषा देने के लिए पूर्व में किए प्रयास बेकार साबित हुए हैं। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर आतंकवाद की चुनौती को परास्त करना चाहिए। आतंकवाद की एक सार्वभौमिक परिभाषा को स्वीकार करना और आतंकवाद के प्रायोजक राष्ट्रों पर वैश्विक प्रतिबंध लगाना शांतिपूर्ण विश्व व्यवस्था का मार्ग प्रशस्त कर सकता है।

गणतंत्र में लोकतंत्र, प्रजातंत्र और जनतंत्र

कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

भारत में दुर्भाग्य से पश्चिमी समझ की जिस डेमोक्रेसी को स्वीकार किया गया है,उसमें लोकविमुखता का खोट है। अधिकांश लोग सामंतवाद के वायरस से अभी भी मुक्त नहीं हैं। आजकल के मंत्री ही राजा,जमींदार या नवाब हैं। निर्वाचक जनता उनकी ड्योढ़ियों पर नाक रगड़ती है। तब वे जन दर्शन देते हैं। जनतंत्र के पुरोधा तंत्र का हिस्सा हो गए हैं।

भारत में पश्चिमी नस्ल की डेमोक्रेसी के संवैधानिक अंतरण के बाद हिंदी में कई तरह के अनुवाद इस्तेमाल होते हैं। दरअसल डेमोक्रेसी शब्द का चरित्र परत दर परत व्यावहारिक होता है। विदेशी विचारों के आयात का यह भी एक तिलिस्म है कि दरअसल भारत के लोग समझ ही नहीं पा रहे हैं कि उनके लिए जम्हूरियत का असली अमल क्या है? डॉ. भीमराव अंबेडकर ने सबसे पहले जवाहरलाल नेहरू को टोका था कि उनके संविधान के मकसद वाले भाषण में डेमोक्रेसी शब्द का उल्लेख नहीं होकर भारत में रिपब्लिक अर्थात् गणतंत्र की स्थापना करना कहा गया था।

गणतंत्र और डेमोक्रेसी में साफ-साफ फर्क है। नेहरू ने शायद पुरानी यूनानी सभ्यता के छोटे-छोटे रिपब्लिक को ध्यान में रखकर उसका भारत के भविष्य प्रशासन के लिए सायास उल्लेख किया होगा। अंबेडकर और नेहरू की पश्चिमी दृष्टियों में कई समानताएं होने के बाद भी बहुत बारीक अंतर भी रहे हैं। संविधान के पंडित अपनी व्याख्या में इस दृष्टि भेद का फलक विस्तृत करने उस स्पेस में नहीं जाना चाहते। इससे कई तरह के सवाल उठते हैं। इसमें संदेह नहीं कि किसी भी अन्य नेता के मुकाबले गांधी भारत में ग्रामीण गणतंत्र की स्थापना के पक्ष में थे। वह एक तरह से यूनानी प्रकारांतर से समझा जा सकता है। हकीकत ऐसी नहीं थी। भारत में पंचायत को राज्यतंत्र की बुनियादी इकाई के रूप में अमल में किया गया है। उसकी बैठकें पूरे ग्राम समाज के सामने होने से उसका जनसमर्थन के संदेह की कोई गुंजाइश नहीं थी।

गांधी साहित्य में डेमोक्रेसी का हिंदी अर्थ प्रजातंत्र लिखा गया है। गांधी भारत के इतिहास में सामंती शासन की प्रजा के अधिकारों और समझ को लेकर सूक्ष्म जानकारियों से लैस थे। उन्होंने कई बार रेखांकित किया है कि बहुत निचले स्तर पर भी यदि जनता में एका हो तो राजा की आज्ञा को चुस्त-दुरुस्त किया जा सकता है। इसके लिए उन्होंने असहयोग और सिविल नाफरमानी जैसे नए राजनीतिक अहिंसक हथकंडे सुझाए थे। सामंती शासक के खिलाफ,नफरत, विद्रोह या सामाजिक क्रोध को गांधी ने उकसाने की कोशिश नहीं की थी। इसलिए प्रजातंत्र शब्द में सामंतशाही का

भग्नावशेष शामिल शरीक होता है। अन्य संविधान निर्माताओं के खिलाफ जाकर अंबेडकर ने पंचायत आधारित शासन प्रणाली को खारिज कर दिया। उन्होंने व्यक्ति अर्थात् निर्वाचक मतदाता को राज्यतंत्र खड़ा करने का बुनियादी आधार बनाया। यही कारण है बाद में मतदाता के वोट के आधार पर पंचायतें और नगर पालिका संस्थाओं से लेकर विधान सभाओं और संसद के लिए निर्वाचन हो रहे हैं। निर्वाचकों के ये प्रतिनिधि कम से कम पांच वर्ष के लिए सत्ता के केंद्र बन ही जाते हैं।

नए व्याकरणशास्त्री इसे जनतंत्र शब्द से संबोधित करते हैं। लगभग 130 करोड़ की आबादी के देश में कोई 50 प्रतिशत मतदाता हैं। बौद्धिक फरेब में यह माना जाता है कि उनकी ही हुकूमत चल रही है। ऐसी हुकूमतशाही में सामूहिकता नहीं होती। वह व्यक्तिवादी हो जाती है। उसे बमुश्किल कुछ सौ सदस्य संसद में और कुछ हजार विधायक विधान सभाओं में चलाते हैं। संविधान में अंग्रेजी के ज्ञानशास्त्र से सीधा उधार लेकर सामूहिक निर्णय की जिम्मेदारी और अधिकार मंत्रि परिषद के लिए कायम हुआ है। संविधान से इतर कई परंपराओं ने संविधान की समझ की काठी को कस दिया है। इसलिए देश और प्रदेश सामूहिक जिम्मेदारी के बदले प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्रियों के निर्देशों, विवेक और व्यक्तित्व के आधार पर चलते हैं। सामूहिकता का ढोंग पालते जरूर हैं। इस तरह पश्चिम समझ की बराबरी के लोगों में प्रथम के आधार पर समझे जाने वाले प्रधानमंत्री के बदले बराबरी रहित और व्यक्ति पूजा के केन्द्र प्रधानमंत्री में डेमोक्रेसी निहित हो गई है। डेमोक्रेसी का सही अनुवाद तो लोकतंत्र है अर्थात् होना चाहिए। लोक एक अद्भुत शब्द है। उसमें सब कुछ समाहित है। गैरमतदाता, बच्चे, मुफलिस, निरक्षर,संक्रामक बीमारियों से पीड़ित, भिखारी, मानसिक व्याधियों के शिकार,संन्यासी,गुमशुदा लोग, अनाथ और हर तरह के वंचित भी लोक का प्रामाणिक हिस्सा होते हैं। वे प्रतिनिधि नहीं चुनते, लेकिन चुने हुए प्रतिनिधि उनके लिए भी होते हैं। लोक ही सत्ता का लिहाफ होता है। निर्वाचित जनप्रतिनिधि लोक के प्रति लगातार उत्तरदायी होने की समझ विकसित कर सकते हैं।

भारत में दुर्भाग्य से पश्चिमी समझ की जिस डेमोक्रेसी को स्वीकार किया गया है,उसमें लोकविमुखता का खोट है। अधिकांश लोग सामंतवाद के वायरस से अभी भी मुक्त नहीं हैं। आजकल के मंत्री ही राजा,जमींदार या नवाब हैं। निर्वाचक जनता उनकी ड्योढ़ियों पर नाक रगड़ती है। तब वे जनदर्शन देते हैं। जनतंत्र के पुरोधा तंत्र का हिस्सा हो गए हैं। उन्हें जनवादिता का अर्थ ही समझ नहीं आता। वे वोट देने वाले निर्वाचक मतदाता को निरर्थक या शासक देह की केंचुल से ज्यादा कुछ नहीं समझते। देश की राजनीति बहुत से कूढ़मगज, एकांगी और आधी अधूरी समझ के नेताओं और नौकरशाहों के हवाले है। आजादी के इतिहास, देशज सांस्कृतिक परंपराओं,लोक जीवन की विविधताओं,पुश्तैनी समझ के समाज के आत्मिक प्रयोगों और अनुभवों की सांस्कारिता वगैरह को लेकर शासन की केंद्रीय एजेंसियों को कुछ अता-पता नहीं है। इसलिए सत्ता और शासित के अलग-अलग लोक बन गए हैं। पहले भी किले,उनकी प्राचीर और उनके अलग उपनिवेशों में रहते लोग जनता के लिए दर्शनीय वस्तुएं होते थे। आज भी वही हैं। मंत्रियों की कोठियों के अतिरिक्त अब उद्योगपतियों की हवेलियां भी उग गई हैं। वहां हुकूमत का तिलिस्म और तिलिस्म की हुकूमत की दिन-रात की आंखमिचौली होती है। तथाकथित हम भारत के लोग हैं,जो अंग्रेजी शब्द डेमोक्रेसी का हिंदी अर्थ बूझने में सिर फुटौव्वल कर रहे हैं। संविधान बनाने में भाषिक गलतियां हुई हैं। समझाया गया था राज्यतंत्र का ताला होगा जिसे जनता की कुंजी द्वारा ही खोला और बंद किया जा सकेगा। हकीकत इसके उलट है। जनता के विवेक के ताले को पांच बरस के लिए सत्ता की कुंजी से बंद कर दिया जाता है। दार्शनिक परिकल्पना यह है कि सत्ता की सरिता जन उद्गम से लेकर जनकल्याण के विशाल महासागर तक जाती है। राजनीतिक मौसम की बेरुखी के कारण नदी का प्रवाह केवल चुनाव के वायदों की बरसात में जन आप्लावित होता है। बाद में सत्ता की सरिता जनदृष्टि में सूखती चली जाती है। वह जन निस्तार के लिए उपलब्ध नहीं होती। शब्दों की गफलत से जनाधिकारों को किस तरह वंचित और निरर्थक बनाया जा सकता है,भारत उसका एक उदाहरण है।

संविधान बनाने में भाषिक गलतियां हुई हैं। समझाया गया था राज्य तंत्र का ताला होगा जिसे जनता की कुंजी द्वारा ही खोला और बंद किया जा सकेगा। हकीकत इसके उलट है। जनता के विवेक के ताले को पांच बरस के लिए सत्ता की कुंजी से बंद कर दिया जाता है। दार्शनिक परिकल्पना यह है कि सत्ता की सरिता जन उद्गम से लेकर जनकल्याण के विशाल महासागर तक जाती है। राजनीतिक मौसम की बेरुखी के कारण नदी का प्रवाह केवल चुनाव के वायदों की बरसात में जन आप्लावित होता है। बाद में सत्ता की सरिता जनदृष्टि में सूखती चली जाती है। वह जन निस्तार के लिए उपलब्ध नहीं होती। शब्दों की गफलत से जनाधिकारों को किस तरह वंचित और निरर्थक बनाया जा सकता है,भारत उसका एक उदाहरण है।

प्रसंगवश

समाचार की नई परिभाषा

यह केवल देशद्रोह ही नहीं,संपूर्ण मानवता के विरुद्ध दुरभिसंधि और अपराध है कि समाचारों का मुक्त प्रवाह प्रयत्नपूर्वक अवरुद्ध कर दिया गया अथवा उसे विकृत कर दिया गया।

मैं मीडिया की क्लास लेता था। प्रारंभ में ही विद्यार्थियों से पूछा करता था-प्रतिक्षण कोटि-कोटि घटनाएं घट रही हैं,गांव और गली से लेकर राजधानी तक, देश और विदेशों तक। अब विचार करके बतलाओ कि इनमें से कौन सी घटना समाचार बन सकती है? फिर अपनी बात समझाता कि इन कोटि-कोटि घटनाओं में से जो भी घटना व्यक्ति,समाज और विश्व के लिए जीवन का कोई संदेश दे सके बस,वही घटना हमें संकलित करनी है और उसे संदेश का रूप देना है,किंतु आज विभिन्न चैनलों को देख रहा हूं। समाचार की परिभाषा ही बदल गई है। कल तक हम लोग अपनी-अपनी कक्षाओं में बतलाया करते थे कि समाचार एक संदेश होता है।

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

वह परिभाषा अब आउट ऑफ डेट हो गई है। आज की नई परिभाषा है कि 'समाचार एक सौदा होता है,इस हाथ दे और उस हाथ ले।' अब पत्रकारिता या मीडिया लोकतंत्र का खंभा नहीं रहा,अब वह मीडिया घरानों के स्वार्थ के लिए लोकतंत्र की बुनियाद को हिलाने के लिए विस्फोटक बन चुका है। समष्टि हित के विरुद्ध व्यष्टिहित का साधक। सर्वथा अविश्वसनीय, लेकिन यह शुरुआत तो ग्लोबलाइजेशन के मुखौटे में हुई थी। उस समय सूचना क्रांति के नाम से यहां हरियाणा साहित्य अकादमी के सेमिनार में मैंने कहा था कि यदि इस पर सामाजिक नियमन नहीं हो सका तो यह मीडिया देशद्रोह की सीमा तक जा सकता है।

यह केवल देशद्रोह ही नहीं,संपूर्ण मानवता के विरुद्ध दुरभिसंधि और अपराध है कि समाचारों का मुक्त प्रवाह प्रयत्नपूर्वक अवरुद्ध कर दिया गया अथवा उसे विकृत कर दिया गया।

घोषणा पत्र में शामिल करें पर्यावरण के मुद्दे

डॉ.मनमोहन प्रकाश
स्वतंत्र पत्रकार

पर्यावरण संरक्षण के मुद्दे को हल्के में न लेते हुए उसके स्थाई निदान के लिए चुनाव के दौरान और चुनाव के बाद भी निरंतर संवाद और प्रयास करते रहें।

लोकसभा चुनाव-2024 की तारीखें घोषित हो चुकी है। इसी संदर्भ में सभी राजनैतिक पार्टियां जीत दिलाने वाले प्रत्याशियों के चयन के साथ ही उनकी जीत सुनिश्चित करने के लिए चुनावी सभाओं,रैलियों,मीटिंगों को आयोजित करने की तैयारी में व्यस्त हैं। राजनैतिक पार्टियों द्वारा मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए लोकलुभावन वादों का सहारा लेने से भी कोई परहेज नहीं है।

सभी राजनीतिक पार्टियों द्वारा अपने चुनावी घोषणा पत्र को आकर्षक,मतदाता हितैषी, गरीब हितैषी,विकासोन्मुखी बनाने के प्रयास हो रहे हैं। स्थान विशेष/राज्य विशेष के मतदाताओं से जुड़े मुद्दों को,समस्याओं को भी चुनावी घोषणापत्र में जगह देने पर विचार चल रहा है। इतना ही नहीं लगभग सभी पार्टियां देश से गरीबी हटाने,महंगाई को कम करने,भ्रष्टाचार को खत्म करने,रोजगार उपलब्ध कराने,सरकारी नौकरियों में इजाफा करने के साथ,रिक्त पदों को भरने की चर्चा पूर्व चुनावों के प्रचार में करती आई है।

हमेशा की तरह इस बार भी चुनावी घोषणा पत्र में और प्रचार के दौरान गरीबों के लिए विभिन्न लाभकारी योजनाओं के साथ जल कर, बिजली कर, माफ करने का जिक्र हो सकता है, किसानों के ऋणों को माफ करने को स्थान मिला सकता है,कुछ चीजों पर सब्सिडी की भी बात हो सकती है,गैस-पैट्रोल आदि के दाम भी चुनाव के कारण कम होते दिखाई दे रहे हैं,किंतु पर्यावरण विषय प्रचार माध्यमों से लगभग नदारद दिखाई दे रहा है,आगे भी शायद दिखाई दे तो कोई आश्चर्य नहीं। वो भी तब जब चुनाव ग्रीष्म ऋतु में हो रहे हैं और इस ऋतु की शुरुआत में ही कई छोटे-बड़े शहर पानी की किल्लत से जूझते नजर आ रहे हैं। नदी,जलाशय,भूमिगत जलस्रोत दम तोड़ते दिखाई दे रहे हैं। जनता नलों से जल आपूर्ति के स्थान पर टैंकरों से जल आपूर्ति पर निर्भर रहने के लिए मजबूर है तथा शुद्ध पेयजल के लिए पानी की केन/बोतल आदि पर निर्भरता बढ़ सकती है। किसानों को पराली जलाकर नई फसल के लिए खेतों की जमीन तैयार करने के अलावा कोई रास्ता भी नजर नहीं आ रहा है। स्थानीय स्तर पर कचरे का चोरी छुपे जलाने का सिलसिला थम नहीं रहा है। नदी,जलाशय आदि जल स्रोतों में कभी जनता द्वारा,कभी उद्योगों आदि द्वारा दूषित जल को छोड़ने की आदत में सुधार होता दिखाई नहीं दे रहा है। न ही जनता पानी के उपयोग के संदर्भ में मितव्ययिता का पाठ पढ़ने को तैयार है।

विकास के नाम पर पेड़-पौधे का कटना भी जारी है। चोरी-छिपे जंगलों से पेड़ों का कटना भी रूकने का नाम नहीं ले रहा है। इतना ही नहीं खाद्य पदार्थों का दूषित या मिलावटी रुप में बजारों में बिकना भी जारी है। कुल मिलाकर जो शुद्ध हवा,पानी, भूमि, वातावरण, खाद्य पदार्थ मतदाता और उनके परिवारों को जिंदा रखते हैं,स्वस्थ रखते हैं,उम्र में वृद्धि करते हैं,विभिन्न आवश्यक वस्तुओं को उपलब्ध कराते हैं,उन्ही की चर्चा चुनाव प्रचार से गायब दिखाई दे रही है। कोई भी प्रत्याशी और पार्टी पर्यावरण सुधार हेतु,प्रदूषण मुक्त शुद्ध प्राणवायु, जल, जमीन, उर्वरक, कृषि भूमि तथा खाद्य पदार्थों के लिए, खिसकते पहाड़ों के लिए, सिकुड़ते जंगल और कृषि भूमि के लिए,दम तोड़ती नदियों,सिमटते तालाबों-जलाशयों के लिए,साथ छोड़ते या यूं कहें और गहराई में उतरते भू-जल के लिए लोकसभा चुनाव 2024 में पर्यावरण आवाज बनेगा? क्या कोई प्रत्याशियों को,राजनीतिक पार्टियों को पर्यावरणीय समस्याओं के निदान के लिए रोडमैप के साथ,कारगर योजनाओं के साथ मतदाताओं के सामने जाने के लिए प्रेरित करने का साहस करेगा?

वस्तुतः इस लोकसभा चुनाव में पर्यावरण के मुद्दों को उठाना सही नजर आता है,क्योंकि हाल ही में स्विस संस्था द्वारा जारी विश्व के देशों की वायु प्रदूषण की रिपोर्ट ने सभी देशवासियों (भारतीयों) की चिंता बढ़ाई है। वहीं बैंगलोर में जल समस्या से निपटने के लिए दूसरे प्रदेशों के कर्मचारियों से घर से काम लेने के अनुरोध की चर्चा ने देश में गहराती पेयजल समस्या की ओर सभी छोटे-बड़े शहरों का ध्यान आकर्षित किया है।

अतः पर्यावरण संरक्षण के मुद्दे को हल्के में न लेते हुए उसके स्थाई निदान के लिए चुनाव के दौरान और चुनाव के बाद भी निरंतर संवाद और प्रयास करते रहें। मतदाता और देश की जनता पर्यावरण विषय को चुनावी प्रचार में,चुनावी घोषणापत्र में प्रमुखता से जगह दिलाने में सफल हो जाते हैं तो भविष्य में इस समस्या का समाधान सुनिश्चित है।

सोशल फोरम

वोटों का खेल

मर्लिन मुनरो की कई मूर्तियां विदेशों में जगह-जगह लगी हुई हैं,जो अगर भारत मे लग जाएं तो हमारी संस्कृति खतरे में पड़ जाएगी। इसे हम पश्चिम की नकल करार दे इसकी भर्त्सना करेंगे,लेकिन क्या ये बात हैरान करने के साथ तकलीफ देने वाली नहीं है कि हर गली,मोहल्लों, कस्बों,शहरों के चौक-चौराहों पर धर्म स्थल बना अपनी संस्कृति बचाने का दिखावा करने वाले लोग दरअसल दुनिया में सबसे ज्यादा पोर्न देखने वाले लोग हैं।

1100 साल पूर्व चंदेल वंश के लोगों ने खजुराहो की मूर्तियां बनाई। देखा जाए तो उस समय के पश्चिम के मुकाबले हमारे पूर्वज बहुत खुले विचारों के रहे होंगे। अब सवाल है कि आखिर इतने खुले विचारों वाले लोग यहां तक कैसे पहुंच गए? शायद एक सोची समझी नीति के तहत खुली हुई विचारधारा की भारतीय संस्कृति पर इसके अतीत को लाद दिया गया और हमारा अतीत हम पर इतना भारी पड़ गया कि हम आजतक इससे पीछा नहीं छुड़ा पा रहे हैं। अब हाल ये है कि हम जो दिखते हैं,वो है नहीं और हम जो नहीं हैं,वही हम दिखते हैं। अपने संस्कृति प्रधान देश की हकीकत ये है कि इस देश में हर 15 मिनट में एक स्त्री के साथ बलात्कार होता है और छेड़छाड़ की घटनाएं तो इससे कहीं ज्यादा हैं। इसमे भी अधिकतर बलात्कार उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान में होते हैं,जहां संस्कृति बचाने का दावा सबसे ज्यादा किया जाता है।

तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

बहरहाल मेरे एक मित्र का मानना है कि जिस दिन विदेशों जैसी मूर्तियां बनाने से वोट मिलने लग जाएंगे उस दिन विदेशी भी हमारी मूर्तियां देख शर्मा जाएंगे। आखिर हम वात्स्यायन के देश के लोग हैं। अपना हुनर भूले नही हैं। जरूरत पड़े तो हम इरोटिक में भी विश्व गुरु बनकर दिखा सकते हैं। फिलहाल तो जरूरत वोटों की है। खेल वोटों का है।

-फेसबुक वॉल से

हमने एक दुनिया को मोबाइल में सिमटते देखा है

हफीज किदवई
लेखक

यह बदलाव जो हमने देखे हैं,देख रहे हैं और देखेंगे भी, वह हैं हमारी दास्तान। हम जिस दास्तान के तुर्रम खां बनते हैं,उस घूमती हुई दास्तान के एक हिस्सा भर हैं।

हमें लगता है धरती की सबसे किस्मत वाली जेनरेशन रहे हैं हम या फिर हम सबसे बड़े बदलावों को देखने वाले लोग हैं। हमने गांव में बिना लाइट के लालटेन और लैंप देखे,खाना पकाने को चूल्हे और अंगीठी देखी। पेट्रोमैक्स और स्टोव देखा। हीटर और गैस चूल्हा देखा। टेलीफोन देखा,पेजर देखा,मोबाइल की हर किस्म देखी। रेडियो सुना,पॉडकोस्ट सुने। बड़ी और मोटी-मोटी फिल्म के कैसेट देखी,वीसीआर देखा,पर्दा और प्रोजेक्टर देखा। सिंगल स्क्रीन सिनेमा से मल्टीस्क्रीन सिनेमाहॉल देखे। 7 डी फिल्में देखी। खेत से आए घर में उबले भुट्टे खाए,तो अमेरिकन भुट्टे भी देख लिए। ज्वार को खुद भुनवाया तो दुनिया का हर तरह का कॉर्न देख और खा लिया। पिसा कोयला,दातून,चूल्हे की पकी मिट्टी, गुल,हुक्के की राख,कोलगेट पाउडर,लालदंत मंजन और फिर तरह-तरह के टूथपेस्ट इस्तेमाल किए।

हम वह लोग हैं,जिन्होंने मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री बने देखा। अब्दुल कलाम को राष्ट्रपति बने देखा। सुनीता विलियम्स और कल्पना चावला की चाल देखी। मदर टेरेसा, दलाई लामा, क्वीन एलिजाबेथ, सद्दाम हुसैन, यासर अराफात, जनरल गद्दाफी समेत दुनिया के तमाम टॉप लीडर देखे। अपने यहां सोमनाथ चटर्जी, मुलायम, लालू, काशीराम, शरद, करुणानिधि, बाल ठाकरे, मौलाना अली मियां, कल्बे सादिक तो न जाने कितने ही तरह के इतिहास बनाते लोग देखे। अमेरिका में दोनों तरह के बुश और लादेन के चैप्टर को देखा। हमने दुनिया को करवट लेते देखा है। तरक्की की तरफ बढ़ती अपनी मिट्टी को,धर्म के दलदल में फंसते देख रहे हैं। दुनिया को टेक्नोलॉजी में चैलेंज देने वाली अपनी पीढ़ी को नारे लगाकर भीड़ बनते देखा है। हमने दुनिया का नक्शा बनते बिगड़ते देखा है। हमने लता मंगेशकर, कपिल देव, इमरान खान, सचिन तेंदुलकर, पेले, मैराडोना, शारापोवा, विश्वनाथन आंनद, पंकज आडवाणी, हुसैन बोल्ट, जिदान, दिलीप कुमार, शाहरुख खान, हेलन, आशा पारिख, ऋषि कपूर,वहीदा रहमान,सलमान,आमिर, दिव्या भारती,श्री देवी,ऐश्वर्या को भी देखा है। हमारे सामने हैरी पॉटर आकर हिट हुई। हमने ही सुपर हीरो को बनते देखा है।

हम दुनिया की वह जेनरेशन है जिसने सिल बट्टे पर पिसी चटनी और मैकडोनाल्ड के पिज्जा,दोनों खाए हैं। हमें दोनों पसंद हैं। हमने तराने की तरह गा-गाकर पहाड़े याद किए हैं और अब हिसाब को चुटकियों में करने के लिए एआई का भी इस्तेमाल कर रहे हैं। हमने तख्ती और खड़िया इस्तेमाल की है और फिर बोलकर आईपैड पर लिखा भी है। हमने कोडैक के कैमरारोल और रील का धुलना देखा है, फिर डिजिटल कैमरे, डीएसएल आर के साथ अपने हाथ में बेहतरीन कैमरे देखे हैं। हमने बैंक में तांबे का टोकन लेकर पैसे भी जमा किए हैं और अब ऑनलाइन ट्रांजेक्शन भी करते हैं। अपने कजिंस के साथ अंताक्षरी खेलकर रात-रात जागें भी हैं और अब रील देखकर उन्हीं कजिंस को इग्नोर भी करते देखा है। हमने जुगनू भी देखे हैं और अब उन्हें न देख पाने की तड़प भी देख रहा हूं। हम बैलगाड़ी पर भी बैठें हैं और दुनिया की तेज तरीन गाड़ियों पर भी हाथ आजमाए हैं। पोलियो को होते और उसे खत्म करते हुए देखा है। हमने बरगद के घने पेड़ को बोनसाई बनते देखा है। हमने एक भरी पूरी दुनिया को एक मोबाइल में सिमटते देखा है।

यह बदलाव जो हमने देखे हैं,देख रहे हैं और देखेंगे भी, वह हैं हमारी दास्तान। हम जिस दास्तान के तुर्रम खां बनते हैं, उस घूमती हुई दास्तान के एक हिस्सा भर हैं। हमने मौत की खबर को तार से जाते हुए और उसे सुनकर बेहोश होते इंसानों को देखा है और अब लाइव लोगों को मरते हुए देख जरा भी अफसोस न करने वाले उन्हीं लोगों को देख रहे हैं। हमने इंसान से हैवान बनते देखा है। हमने एक दुनिया को एक मोबाइल में सिमटते देखा है। हम है वह खुशकिस्मत लोग,जिन्होंने जिंदगी का हर जायका चखा है।

अश्लीलता फैलाते ओटीटी प्लेटफार्म

विभिन्न ओटीटी प्लेटफार्म हमारे समाज को दूषित करने में लगे हुए हैं। ओटीटी प्लेटफॉर्म पर धड़ल्ले से अश्लीलता परोसी जाती है,जो कहीं न कहीं हमारे समाज की नैतिकता और मूल्यों को प्रभावित कर रही है। ओटीटी प्लेटफॉर्म के द्वारा इरोटिक कंटेंट के नाम पर लगातार पोर्न कंटेंट परोसा जा रहा है जिसका हमारे समाज पर बहुत ही नकारात्मक असर पड़ता है। इरोटिक का अर्थ सेक्स को मानवीय संवेदना के तौर पर पेश करना होता है,लेकिन पोर्न और इरोटिक के बीच के बारीक से फर्क को मिटाकर कलात्मक के नाम पर सिर्फ नग्नता और अश्लीलता को ओटीटी प्लेटफॉर्म के माध्यम से परोसा जा रहा है। यहां अश्लीलता का बाजार सज चुका है, जिस पर अंकुश लगाना बहुत जरूरी है।

सोनम लववंशी
स्वतंत्र लेखिका

बीते दिनों इसी दिशा में सरकार ने एक अहम फैसला लेते हुए देश के भीतर 18 ओटीटी प्लेटफॉर्म को बैन कर दिया है। द ग्लोबल स्टैटिक्स डॉट कॉम की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 45 करोड़ ओटीटी सब्सक्राइबर्स हैं। ओटीटी कंटेंट में वल्गेरिटी,न्यूडिटी और ड्रग्स एब्यूज को इस हद तक ग्लैमराइज किया जा रहा है कि बच्चे इसके मोहजाल से खुद को रोक नहीं पाते हैं। आजकल ओटीटी पर प्रसारित होने वाली 10 में से 8 वेब-सीरीज या शो ऐसे होते हैं,जिन्हें हम परिवार के साथ नहीं देख सकते हैं। इन शो और वेब सीरीज में अश्लील दृश्यों के साथ-साथ अभद्र भाषा परोसी जा रही है। अब तो स्तर इस हद तक गिर गया है कि स्टूडेंट्स और टीचर्स तक के रिश्ते को भी असभ्य तरीके से दिखाया जा रहा है जिसका समाज पर नकारात्मक असर हो रहा है। एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार 2016 से 2020 के दौरान भारत में ओटीटी पर पोर्नोग्राफिक यानी अश्लील कंटेंट 1200 प्रतिशत से ज्यादा तेजी से बढ़े हैं,जो बालमन से लेकर बड़े-बुजुर्ग सभी को प्रभावित कर रहे हैं और जिसकी वजह से सामाजिक ताना-बाना बिगड़ रहा है। ऐसे में सरकार द्वारा ओटीटी प्लेटफॉर्म को इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एक्ट के तहत सेक्शन 67 और 67 (ए) के भारतीय दंड संहिता के सेक्शन 292 और महिलाओं के अश्लील प्रतिनिधित्व (निषेध) अधिनियम,1986 की धारा 4 का उल्लंघन करने के आरोप में प्रतिबंधित किया गया है।

टेक्नोलॉजी की नित नई उपलब्धि से भले ही दुनिया हथेली में सिमट कर रह गई है,लेकिन इस टेक्नोलॉजी ने हमारे आसपास से क्या कुछ नहीं छीना है? गौर करेंगे तो हम देखते हैं कि इसी तकनीक ने बच्चों की मासूमियत को छीन लिया है। इसी तकनीक ने अब मानवीय मूल्यों से भी खेलना शुरू कर दिया है,जो एक सभ्य समाज के लिए बेहद दुखद और त्रासदीपूर्ण है। ऐसे में तकनीक ने भले हमें सक्षमता प्रदान की है,लेकिन इसी सक्षमता के साथ हम सभी मानसिक रूप से रुग्ण बनते जा रहे हैं। आज हमारे टीनएजर्स इसी तकनीक की वजह से मानसिक रूप से कमजोर और दूषित मानसिकता के शिकार हो रहें हैं। उनके भीतर अपराधिक प्रवृत्ति जन्म ले रही है। देखा जाए तो देश-दुनिया में इंटरनेट की लत से छुटकारा दिलाने की कोई बेहतर नीति नहीं है। इंटरनेट पर क्या देखा जा रहा है? कोई पता लगाने वाला नहीं है,यह खतरनाक स्थिति है।

एक नजर

टेंपो पलटने से साइकिल सवार समेत चार घायल

आंवला, अमृत विचार : टेंपो साइकिल को टक्कर मारने के बाद अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में साइकिल सवार समेत 4 लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। आंवला-बदायूं रोड के सिकरोडा गांव की मोड़ के समीप टेंपो ने साइकिल को टक्कर मारने के बाद अनियंत्रित होकर पलट गया। साइकिल सवार रमाकांत निवासी बीहट आंवला और टेंपों में बैठे फुंदन नगर निवासी रत्नलाल, विद्यावती, बदायूं के नवादा निवासी नन्हेंलाल घायल हो गए।

दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

भुता, अमृत विचार : भुता पुलिस ने बुधवार को मुखबिर की सूचना पर छापा मारकर दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष सतीश कुमार उपनिरीक्षक चेनूराम राणा मुखबिर की सूचना पर ग्राम गजनेरा तिराहे पर छापा मारकर ग्राम कोठा मक्खन निवासी दुष्कर्म के आरोपी लीलपाल को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दया गया।

रास्ते से अवैध निर्माण करने पर शिकायत

शीशगढ़, अमृत विचार : रास्ते में शौचालय का टैंक और चबूतरा बनाकर ग्रामीण ने कब्जा कर लिया। रास्ता संकीर्ण होने से ग्रामीणों को परेशानी हो रही हैं। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत खण्ड विकास अधिकारी शेरगढ़ से की है। गांव कुतकपुर निवासी दिनेश गंगवार, झांजन लाल, रवि कुमार, अनिल कुमार आदि ने बताया कि उनके गांव के भागीरथ ने अपने घर के सामने रोड पर शौचालय का टैंक और चबूतरा बनाकर कब्जा कर लिया।जिससे रोड पतली हो गया है। इसी रोड पर ग्राम निधि से प्रधान सीसी रोड का निर्माण करा रहे है। जब उन्होंने निर्माण हटाने को कहा तो उसने इंकार कर दिया और झगड़ा करने पर उतारू हो गया।

अनियंत्रित कार नाले में पलटी, सात लोग घायल

बीसलपुर, अमृत विचार : बरेली मार्ग पर अनियंत्रित कार रोड के किनारे नाले में पलट गई। इसमें एक ही परिवार के सात लोग घायल हो गए। बिलसंडा क्षेत्र के मोहल्ला पुरानी गल्ला मंडी निवासी विश्वनाथ गुप्ता ने बताया कि उनका परिवार होली के बाद बरेली घूमने गया था। लौटते समय। बीसलपुर-बरेली मार्ग पर उनकी कार हादसे का शिकार हो गई।

पुलिस ने दो को तमंचे समेत गिरफ्तार किया

शाहजहांपुर। कोतवाली पुलिस ने बुधवार सुबह ककरा पुल के पास से एक संदिग्ध को पकड़ा। आरोपी की पहचान चंदन निवासी अजीजगंज चौक कोतवाली के रूप में हुई। उसके कब्जे से तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। पुलिस आरोपी का चालान कर दिया। वहीं, अल्हागंज थाने के उप निरीक्षक नगेंद्र सिंह ने मंगलवार को दिन में तीन बजे एक अभियुक्त को तमंचा समेत गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया अभियुक्त अवनीश कुमार निवासी बगिया थाना अल्हागंज है। अभियुक्त के ऊपर पहले से मुकदमे दर्ज है।

पूरे दिन डीएम -एसएसपी का इंतजार करते रहे लोग

गुस्साए गांव वालों ने फिर दोहराई चुनाव से पहले पुल न बनने पर मतदान नहीं करने की चेतावनी

संवाददाता, नवाबगंज/ क्योलड़िया

- गांव पेहना पेहनिया में स्वीकृत पुल कहीं और कर दिया था शिफ्ट
- आयोग की वीडियो कॉन्फ्रेंस को बताया न आने का कारण

अमृत विचार: नवाबगंज के गांव पेहना -पेहनिया के लिए स्वीकृत पुल का निर्माण दूसरी जगह कराने का विरोध कर रहे लोग बुधवार को डीएम के आश्वासन के बावजूद मौके के निरीक्षण के लिए न पहुंचने पर और नाराज हो गए। उन्होंने इस पर पुरानी चेतावनी फिर दोहराई कि गांव में चुनाव से पहले पुल बनना नहीं शुरू हुआ तो वे मतदान नहीं करेंगे।

पिछले दिनों गांव के लोगों के मतदान के बहिष्कार के एलान पर ही प्रशासनिक मशीनरी हरकत में आई थी। इसके बाद तहसील के अधिकारी गांव पहुंचे और संबंधित विभागों के अधिकारियों को बुलाकर ग्रामीणों के सामने बात की तो गलत रिपोर्ट लगाए जाने की बात सामने आई जिस पर एसडीएम नवाबगंज ने सेतु निगम

मतदान का बहिष्कार करने वाले ग्रामीण अधिकारियों का इंतजार करते हुए।

और पीडब्लूडी विभाग से सही रिपोर्ट तलब कर सीडीओ को भेजी जिस पर समाज कल्याण विभाग ने शासन को पत्र भेजकर ग्रामीणों की मांग को जायज बताते हुए प्रस्तावित स्थान पर पुल की आवश्यकता बताते हुए कार्रवाई को कहा है। वहीं यहां के लोगों को सूचना मिली कि बुधवार को जिलाधिकारी और एसएसपी प्रशासनिक अमले के साथ गांव आ रहे हैं तो पुल की मांग कर रहे लोग पैनी नजर सामाजिक संस्था की अध्यक्ष के साथ पेहना में एकत्र होकर अधिकारियों की राह देखते रहे पर चुनाव आयोग की वीसी का कार्यक्रम आने के चलते प्रशासनिक अमला गांव नही पहुंचा, इससे ग्रामीणों में आक्रोश है। इस दौरान पैनी नजर सामाजिक संस्था की अध्यक्ष एड. सुनीता गंगवार ने कहा कि यहां के लोग 10 साल से कई बार प्रदर्शन कर जनप्रतिनिधियों के साथ ही प्रशासन से मांग कर रहे थे कि यहां पुल तत्काल बनवाया जाए पर ग्रामीणों की सुनने के बजाय जनप्रतिनिधि सियासी रोटियां सेंकते रहे, वहीं प्रशासनिक अमला भी मौन साधे बैठा रहा। ग्रामीणों ने मजबूर होकर चुनाव आयोग से लेकर सभी अधिकारियों को ज्ञापन भेजकर चेतावनी देनी पड़ी कि चुनाव से पूर्व पुल का निर्माण नहीं हुआ तो वह मतदान का बहिष्कार करेंगे। इस पर संस्था अध्यक्ष ने कहा कि भदपुरा क्षेत्र में ऐसे कई पुलों की आवश्यकता है जो गांव नदियों के किनारे हैं नदियों के कटाव के कारण उनका आना-जाना पूरी तरह से अवरोध है इतनी गंभीर समस्या पर भी कोई जनप्रतिनिधि सुनने को तैयार नहीं है प्रशासन देखने को तैयार नहीं है सुनीता गंगवार ने कहा कि वह जनता के साथ इस जन समस्या की लड़ाई समाधान तक लड़ेंगी।

एसडीएम बोले- शासन के आदेश का इंतजार

एसडीएम गोविंद सिंह मौर्य ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों का पेहना जाने का कार्यक्रम था पर चुनाव आयोग की वीसी के चलते कार्यक्रम निरस्त करना पड़ा। वहीं ग्रामीणों की मांग को ध्यान में रखते हुए सीडीओ ने शासन को पुल निर्माण को आवश्कता बताते हुए कई गांवों को इसका लाभ होने की बात कहते हुए शासन को पत्र भेजा गया है। शासन के आदेश का इंतजार है।

बड़ागांव चौकी के पास दो दिन से तड़प रही है गाय

संवाददाता, गुलड़िया

अमृत विचार : प्रदेश सरकार गोवंशीय पशुओं की सुरक्षा और संरक्षा के लिए लगातार प्रयास कर रही हैं। इसके बाद भी निचले स्तर पर लापरवाही बरती जा रही हैं। कुछ ऐसा ही मामला आंवला के बड़ागांव चौकी के पास से सामने आया हैं।

बड़ागांव पुलिस चौकी के सामने एक गाय दो दिन से पड़ी हुई है, जिसकी लोगों ने वीडियो बनाकर वायरल कर दी। ग्रामीणों का आरोप है कि चौकी पास रहने के बाद भी कोई जिम्मेदार उसके इलाज के लिए आगे नहीं आया। वहीं इस विषय में बड़ागांव चौकी इंचार्ज दीपक कुमार को दो बार फोन किया गया, मगर उनका फोन रिसीव नहीं हुआ। गुलड़िया के प्रधान ज्ञान चांद ने बताया की जिस जगह गाय पड़ी है वह हमारे रकबे में नहीं आती है वह बड़ागांव में आता है। बड़ागांव प्रधान के बेटे अनिल कुमार ने बताया की बड़ागांव पुलिस चौकी के सामने गुलड़िया रकबा आता है हमें कोई सूचना देगा तभी तो पता चलेगा और यह तो पुलिस को देखना चाहिए कि चौकी के सामने गाय पड़ी है दो दिन से उन्होंने किसी चिकित्सा अधिकारी को सूचना क्यों नहीं की। इसके अलावा केसरपुर में एक सांड़ चार दिन से घायल पड़ा है। पंचायत और पशु विभाग में से किसी ने भी सुध नहीं ली है। मोहल्ले के वृद्ध आविद हुसैन चारा पानी दे रहे हैं, लेकिन प्रधान ने कोई ध्यान नहीं दिया है। वहीं डॉ. संजय वर्मा का कहना है कि की हमारे पास बड़ागांव चौकी से सूचना मिली थी हमने दवाइयां दे दी हैं, गाय को उठाने का काम बीडीओ और ग्राम प्रधान का है।

नाली चोक होने से सड़क पर जलभराव

संवाददाता, देवरनियां

अमृत विचार : नगर पंचायत देवरनियां के वार्ड दो के रहवासी सड़क पर बह रहे कीचड़ के बीच से निकलने को मजबूर हैं। इस रास्ते से छात्र और नमाजी रोज गुजरते हैं।

बुधवार को लोगों ने नगर पंचायत पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन कर सीएम पोर्टल पर शिकायत की। मोहल्ले वासियों का कहना है कि नाली काफी दिनों से ब्लाक हो चुकी है, सफाई होने पर फिर से ब्लॉक हो जाती है। नगर पंचायत प्रशासन की ओर से स्थाई समाधान नहीं कराया जा रहा है। पिछले दो दिनों से सफाई न होने से यह दिक्कत और बढ़ गई है। लोगों ने बताया कि दस साल से यहां समस्या बनी हुई है, मगर स्थाई समाधान नहीं हो सका है। पिछले दिनों इसकी शिकायत नगर

सड़क पर भरे गंदे पानी के बीच से निकलती छात्राएं। ● अमृत विचार

- नगर पंचायत अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाकर लोगों ने किया प्रदर्शन

पंचायत कार्यालय में शिकायत की जा चुकी है, फिर भी किसी ने गौर नहीं किया। बुधवार को सीएम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई हैं। मोहल्ले वासी अजीममुद्धीन, मोहम्मद नासिर, डॉ. आसिफ सलमानी, जहीर बेग, राईसुद्धीन, बाबू बेग, मोहम्मद ताहिर ने बुधवार को इस समस्या को लेकर प्रदर्शन भी किया।

> पूर्व चेयरमैनों ने इस पर गौर किया होता तो यह समस्या न होती। नाला सफाई न होने से यह समस्या है। हमारे संज्ञान में आज यह मामला आया है। साप्ताहिक बाजार का दिन होने से आज नाला सफाई नहीं हो सकी। गुरुवार सफाई कराकर समस्या से निजात दिलाई जाएगी।
>
> -मोहम्मद कलीम, चेयरमैन

सख्ती के बाद भी कोटेदार कम दे रहे राशन

संवाददाता, आंवला

अमृत विचार : राशन घटतौली रोकने के लिए सरकार ने नई तकनीकी के इलेक्ट्रिक कांटे कोटेदारों को दिए है, इसके बाद भी कोटेदारों ने सरकार की मंशा पर पलीता लगाने के लिए नया तरीका तलाश लिया है।

अब कोटेदारों ने पहले से तौले खाद्यान्न को पुनः तौलकर राशनकार्ड धारकों की फिंगरप्रिंट ले रहे हैं, जबकि कार्ड धारकों को अपने निजी कांटों से तौलकर प्रति यूनिट एक से दो किलो खाद्यान्न कम दे रहे हैं। इस मामले की शिकायत पूर्ति कार्यालय को भेजी गई है।मझगवां ब्लॉक के गांव खैलम देहजागीर निवासी

निजी कांटे पर राशन तौलता कोटेदार।

मोहम्मद आरिफ शेख ने बताया कि उसके गांव का कोटेदार सरकार के दिए गए नए कांटे से खाद्यान्न से तौलने के स्थान पर निजी कांटे से तोलकर दे रहा है। कोटेदार प्रति

- अंगूठा लगवाने के बाद निजी कांटे से राशन तौल कर देने का आरोप अधिकारियों से शिकायत

यूनिट एक से दो किलो खाद्यान्न कम दे रहा है। विरोध करने पर अपशब्दों का इस्तेमाल कर धमकी देता है। राशनकार्ड धारकों ने कोटेदार की करतूतों की वीडियो बना ली। उसने बताया कि नए कांटे की तकनीकी का फायदा उठाते हुए कोटेदार ने एक कट्टे में राशन भर लिया है। कार्ड धारकों से अंगूठा लगवाकर अपने पहले से भरे राशन को तौल लेता है और राशन देने के लिए अपने निजी कांटे से तौलता है। ग्रामीण ने पूर्ति कार्यालय को शिकायत भेजकर कार्रवाई की मांग की है।

मतदान स्थल पर छाया-पानी के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश

संवाददाता, नवाबगंज

अमृत विचार: जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने बुधवार को नवाबगंज क्षेत्र के अतिसंवेदनशील मतदेय स्थलों लभेड़ा उर्फ बुलन्दनगर, टांडा सादात, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज व जेपीएन इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया।

मातदान केंद्रों पर छाया, पानी आदि की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश अधीनस्थों को दिए। अधिकारियों ने पीलीभीत सीमा पर इनायतपुर गांव के पास एसएसटी/ एफएसटी नाका टीम को वाहनों की चेकिंग की वीडियोग्राफी करने व संदिग्ध वाहनों को ही रोकने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधानों व बीएलओ को मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करने को प्रेरित करने की अपील भी की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने नवाबबगंज के गांव प्राथमिक विद्यालय टांडा सादात व राजकीय हाईस्कूल टांडा सादात मतदान केन्द्र पर पूर्व के निर्वाचनों में मतदान प्रतिशत कम होने के कारण निरीक्षण किया गया साथ ही मतदाताओं से संवाद भी किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम प्रधान को निर्देश दिए।

दूसरी जगह तय हुआ युवक का रिश्ता तो युवती ने दी जान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : एक युवती का रिश्ता बुआ के बेटे से तय हुआ था। इसके बाद युवती उससे बात करने लगी थी। लेकिन युवक के परिजनों ने उसका रिश्ता दूसरी जगह तय कर दिया।

युवती के परिजन युवक के घर बात करने गए लेकिन काफी मनाने के बाद भी उसके परिजनों ने शादी करने से इंकार कर दिया। इससे युवती इतनी आहत हो गई कि रात में घर में फंदा लगाकर जान दे दी। मामला थाना हजरतपुर क्षेत्र के एक गांव का है। एक युवती अपनी बुआ के बेटे से शादी करना चाहती थी। परिजनों ने मना कर दिया तो वह जिद करने लगी। तकरीबन तीन महीने पहले युवती के पिता युवक के घर पर रिश्ते की बात करने गए थे। युवती के पिता के अनुसार युवक पक्ष ने दोनों की शादी के लिए हां कर दी थी। युवक और युवती की फोन पर बात शुरू हो गई। होली से चार दिन पहले युवती को पता चला कि युवक के परिजनों ने उसकी शादी दूसरी जगह तय कर दी है। वह परेशान हो गई और अपने परिजनों को इस बारे में बताया। युवती के पिता परिजनों के साथ युवक के घर गए। युवक के परिजनों ने कहा कि वह पहले ही युवक की शादी तय कर चुके हैं। युवती के पिता घर लौट आए इससे युवती अवसाद में आ गई और रात में जान दे दी।

संचारी रोग नियंत्रण के लिए प्रधानों-सभासदों से चर्चा

मीरगंज, अमृत विचार : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बागीश कुमार ने बताया कि बुधवार को ब्लॉक सभागार में ग्राम प्रधानों एवं पंचायत सहायकों का संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत अभिमुखीकरण (जागरूक) किया गया। डॉ. रोहन दिवाकर चिकित्सा अधिकारी ने अभिमुखीकरण में गावों में साफ -सफाई व्यवस्था रखने के लिए बताया।अभियान के अंतर्गत आशाएं एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर साफ सफाई के बारे में बताएंगी। ग्राम प्रधानों से अभियान के अंतर्गत सहयोग की अपेक्षा की गई।

संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 अप्रैल से प्रारंभ होकर 30 अप्रैल तक चलेगा एवं इसके अंतर्गत 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलेगा। दस्तक के अंतर्गत आशाएं एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर साफ सफाई के बारे में जागरूक करेंगे।इस दौरान बीडीओ कुलदीप कुमार कुशवाह, एडीओ पंचायत महेश गंगवार, एडीओ कृषि राजेश चौहान, सचिव एम. अनस, सुदीश कुमार, प. सहा. पारुल राजपूत आदि मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त नगर पंचायत में कस्बे के सभी वार्ड के सभासदों एवं सफाई कर्मचारियों का भी अभिमुखीकरण किया गया। इस दौरान धनेश्वर गिरी, बीपीएम पुनीत सक्सेना, बीसीपीएम प्रेमपाल, एन पी एस पी प्रतिनिधि मोहम्मद इकरार, राजीव गिरी, विकास शर्मा, मो. तस्लीम ब्रजेश शर्मा, अनमोल, रवि, आदि उपस्थित रहे।

बदले मौसम से बढ़ी मरीजों की संख्या

शेरगढ़, अमृत विचार : बदलते मौसम की वजह से लोगों में सर्दी -जुकाम, बुखार, दमा और एलर्जी की समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। इस वजह से सीएचसी में इलाज के लिए मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही हैं। बुधवार को सीएचसी में नए और पुराने तकरीबन 500 मरीज इलाज कराने पहुंचे, डॉक्टरों ने परामर्श के दवा वितरित की। सीएचसी में पर्चा बनवाने के लिए मरीजों की कतारें लगी रहीं। चिकित्सकों के माने तो इन दिनों रोजाना 400 से 500 मरीजों का पंजीकरण किया जा रहा है, पहले यह संख्या 200 से 250 के करीब थी। चिकित्सा अधिकारी डॉ. शैबर अली ने बताया कि बुधवार को 285 नए मरीजों का पंजीकरण किया गया ,जबकि 217 पुराने पर्चों के मरीजों को दवाएं वितरित की गईं।

हादसे में पति की मौत, पत्नी घायल : शाहजहांपुर अस्पताल के बाहर सड़क पार कर बुजुर्ग को कार ने टक्कर मार दी,उसकी मौत हो गई। पत्नी घायल हो गई।

सांड़ से टकराई कार, महिला के गर्भस्थ शिशु की मौत

संवाददाता, खुटार

अमृत विचार: खुटार के गांव औरंगाबाद का युवक प्रसव पीड़ा होने पर आठ माह की गर्भवती पत्नी को कार से पुवायां के अस्पताल ले जा रहा था। पुवायां के गांव गंगसरा में कार सांड़ से टकरा गई। हादसे में दंपती घायल हो गए। गर्भवती के पेट में पल रहे आठ माह के शिशु की मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायलों को पुवायां अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने शिशु की मौत की पुष्टि की। घटना से दंपती को गहरा सदमा पहुंचा है।

औरंगाबाद गांव निवासी परवेज की पत्नी सबीना आठ माह की गर्भवती थीं। उसका इलाज पुवायां से चल रहा था। बुधवार दोपहर बाद करीब पांच बजे सबीना के पेट में दर्द शुरू हो गया। परवेज कार से उसे लेकर पुवायां जा रहा था। वह गंगसरा में गोमती नदी के पुल पन्नघट के पास पहुंचे, अचानक सड़क पर सांड़ आ गया। कार उससे टकरा गई और कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कार में सवार परवेज और उनकी पत्नी सबीना गंभीर घायल हो गए। आसपास मौजूद लोग पहुंच गए। जानकारी पाकर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। परिजनों ने परवेज और सबीना को पुवायां निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने घायल परवेज की मरहम पट्टी कर छुट्टी दे दी। सबीना के पेट में पल रहे बच्चे की स्थिति अल्ट्रासाउंड कर देखी जिसके बाद डॉक्टर ने शिशु की मौत की पुष्टि कर दी।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी
अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
☎ 0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

सार-संक्षेप

नवाबगंज में बेटी ने पिता को दी मुखाग्नि

नवाबगंज, अमृत विचार : नगर के एक व्यक्ति का बीमारी से निधन हो गया। उन्हें कोई बेटा नही था तीन बेटियां हैं। बड़ी बेटी ने पिता की अंतिम यात्रा में शामिल हुई मुखाग्नि दी। बेटी को मुखाग्नि देते देख श्मशान में मौजूद लोगों की आंखों से आंसू निकल पड़े। नगर के मोहल्ला कहारन निवासी हरि शंकर 50 वर्ष लम्बे समय से बीमार चल रहे थे कि मंगलवार की शाम को उनका निधन हो गया। उन्हें मुखाग्नि देने को लेकर लोगों में बातें होने लगी, इस दौरान हरि शंकर की बेटियों ने अपने पिता को मुखाग्नि देने की बात कही। अंतिम यात्रा की तैयारी हुई तो बड़ी बेटी राखी पिता की अंतिम यात्रा के साथ श्मशान भूमि पहुंची और उन्हें मुखाग्नि दी। हरि शंकर को कोई बेटा नहीं है उन्हें तीन बेटियां ही हैं। राखी और दीक्षा प्राइवेट नौकरी करके परिवार का पालन पोषण करती है तो छोटी कुमकुम अपनी मां शकुंतला के साथ घर पर रहती है।

बच्चों के शैक्षिक विकास में सक्रिय भागीदारी निभाएं

शेरगढ़, अमृत विचार : समग्र शिक्षा अभियान के तहत विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों का एक दिवसीय प्रशिक्षण ब्लॉक संसाधन केंद्र डेलपुर में हुआ। समिति सदस्यों को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों का बोध कराते हुए बच्चों के शैक्षिक विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने पर जोर दिया गया। प्रशिक्षण में एआरपी ओम सक्सेना, नीरज कुमार तथा येजेंद्र पाल सिंह ने शिक्षकों एवं एसएमसी के सदस्यों को बच्चों के शैक्षिक विकास में अपनी जिम्मेदारी निर्वाह करने का पाठ पढ़ाया। प्रशिक्षण में शिक्षक मोहम्मद एजाज रिजवी, अमर बाबू, राजीव सिंह, ममता रावत, वैशाली सिंह, सुमन यादव, मनीष सक्सेना, ताहिर शाह, मोहम्मद उमर, नियाज अहमद, मोहम्मद मोहसिन खान समेत अन्य मौजूद रहे।

पुलिस ने मीरगंज में किया फ्लैग मार्च

मीरगंज, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर पुलिस की तैयारियां जोरों पर हैं। बुधवार को पुलिस और केंद्रीय बल पुलिस क्षेत्र अधिकारी डॉक्टर दीपशिखा अहिबरन सिंह के नेतृत्व में मिलकर फ्लैग मार्च निकाला। संयुक्त बल ने घनी आबादी और संवेदनशील इलाकों से गुजरते हुए असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश दिया कि चुनाव प्रभावित करने का प्रयास किया तो खैर नहीं है।पुलिस ने अर्द्धसैनिक बलों के फ्लैग मार्च कर आगामी लोक सभा चुनावों में निडर होकर आम जनमानस से निष्पक्ष मतदान करने की अपील करते हुए थानाध्यक्ष कुंवर बहादुर सिंह ने बताया की भड़काऊ पोस्ट वायरल करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। तहसीलदार आशीष कुमार सिंह ने कस्बे और गावों में भ्रमण कर मतदान के संबंध में लोगों से जानकारी ली, और चुनाव निष्पक्ष कराने की बात कही।

अधिवक्ता का मुंशी छुट्टा सांड़ के हमले में घायल

बदायूं। शहर से लेकर गांवों तक छुट्टा गोवंशीय पशुओं का आतंक है। सड़क पर लोगों पर हमला कर रहे हैं। बुधवार दोपहर कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र में जिला कारागार के सामने एक सांड़ ने अधिवक्ता के गांव मझिया निवासी मुंशी चंद्रपाल पर हमला कर दिया। वह सड़क पर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद पुलिसकर्मी और राहगीर दौड़कर पहुंचे। छुट्टा गोवंश को भगाया। पुलिस की गाड़ी से चंद्रपाल को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। हालत गंभीर बनी हुई है।

'निधि आपके निकट' में 22 मामलों का निस्तारण

फरीदपुर अमृत विचार : कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के क्षेत्रीय कार्यालय बरेली की ओर से निधि आपके निकट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। खंडेलवाल एडिबल ऑयल में कार्यक्रम का आरंभ जिला नोडल अधिकारी रमेश चंद्र ने किया। उन्होंने संगठन की ओर से चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया एवं सेवानिवृत्त हो रहे सदस्यों को उनके पीपीओ (पेंशन भुगतान आदेश) की प्रति प्रदान करने के साथ साथ भविष्य निधि सदस्यों एवं पेंशनर आदि की समस्याओं का समाधान कराया। कार्यक्रम के दौरान मुकेश कुमार डीपीए एवं प्रवेश राय सामाजिक सुरक्षा सहायक ने समस्त आगंतुकों को केवाईसी ई-नॉमिनेशन डिजिटल जीवन प्रमाण व बीमा संबंधित जानकारी भी दी गई। क्षेत्रीय कार्यालय बरेली से संबंधित समस्त मामलों का निपटारा कार्यक्रम के दौरान ही टीम द्वारा कर दिया गया।टीम ने प्रतिष्ठान की एचआर अनुभाग की गतिशील रूप से किए गए ई-नोमिनेशन कार्य की सराहना की।

बार एसोसिएशन का होली मिलन समारोह संपन्न

आंवला, अमृत विचार : आंवला बार एसोसिएशन सभागार में होली मिलन समारोह हुआ, जिसमें अधिवक्ताओं ने एक दूसरे के गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान बार अध्यक्ष अगरपाल सिंह, महासचिव गजेंद्र सिंह चौहान, नेकपाल सिंह, निर्दोष चतुर्वेदी, हरेंद्र सिंह, आर्येन्द्र सिंह मिंटू, बीपी श्रीवास्तव, प्रमोद सिंह तोमर, सतीश शर्मा, इंद्रभान सिंह, प्रदीप सिंह, राधा कृष्ण समेत बार के अधिकांश अधिवक्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन बार उपाध्यक्ष अतुल कुमार सिंह एडवोकेट ने किया।

शीशगढ़ में कैंसर से दो ही दिन में दूसरी मौत

शीशगढ़, अमृत विचार : कस्बा शीशगढ़ में कैंसर से लगातार दूसरे दिन एक व्यक्ति की मौत हो गई, इससे लोगों में दहशत है।स्थानीय लोगों ने प्रशासन पानी की जांच कराने की मांग की हैं। लोगों का कहना है कि पानी कुछ देर के लिए बर्तन में रखे जाने के बाद पीला हो जाता हैं।ग्रामीणों को आशंका है कि गंदे पानी की वजह से कैंसर लोगों में फैल रहा हैं। बसीर अहमद इदरीशी (60) का मंगलवार देर शाम दिल्ली के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गईं। भतीजे अजरुद्दीन ने वताया कि उनके चाचा बसीर अहमद को 5 माह पूर्व दिल्ली में डाक्टर ने जांच के बाद गले के कैंसर की पुष्टि की थी।दिल्ली के निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था।इलाज के दौरान मंगलवार को उनकी मौत हो गईं। तीन माह पूर्व चचेरे भाई जलालुद्दीन के मुंह के कैंसर से मौत हो चुकी हैं। उनका इलाज लखनऊ के पीजी अस्पताल में चल रहा था।सोमवार को मोहल्ला पड़ाव निवासी गंठा इदरीशी 40 वर्ष की दिल्ली के अस्पताल में ब्लड कैंसर से इलाज के दौरान मौत हो चुकी है। तीन माह में तीन कैंसर रोगियों की मौत से कस्बे के लोगों में दहशत है।

खुराफाती तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर

भुता, अमृत विचार : हज समिति के प्रतिनिधि हाजी हुसैन राजा व पूर्व फौजी ने नवागत थाना अध्यक्ष सतीश कुमार से त्योहारों को लेकर चर्चा की। थाना अध्यक्ष ने सभी पदाधिकारी को आश्वासन दिया कि हमारी खुरापाती तत्वों पर पहले से ही पैनी नजर बनी हुई है इस मौके पर जाकिर अली, यासीन मौलाना, राजा साहब, मास्टर इश्तियाक, दुबे जी आदि लोग उपस्थित रहे।

सार-संक्षेप

नौ महीने पहले चूहे ने कुतर दी थी उंगली, अब हुई मौत

बदायूं, अमृत विचार : नौ महीने पहले सड़क हादसे में घायल युवक की पैर की उंगली मेडिकल कालेज में चूहे ने कुतर दी थी। परिजन घर में ही उपचार कर रहे थे। बुधवार को उनकी मौत हो गई। दातागंज क्षेत्र के मोहल्ला बुद्धबिहार निवासी रामसेवक गुप्ता 7 जून 2023 को सड़क हादसे में घायल हो गए थे। परिजन इलाज कराने दिल्ली ले गए। कोई फायदा न होने पर घर ले आए थे। हालात गंभीर होने पर 30 जून को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां 8 दिन इलाज चला। फिर आईसीयू में शिफ्ट किया गया। जहां चूहे ने उनके पैर की उंगली कुतर दी। शिकायत करने पर कॉलेज प्रशासन ने पल्ला झाड़ लिया। शिकायत शासन तक पहुंची। अगले दिन कॉलेज प्रशासन ने उनकी छुट्टी कर दी। परिजन किसी तरह घर पर उनकी मरहम पट्टी करा रहे थे। रामसेवक कोमा जैसी स्थिति में पहुंच गए। बुधवार को उनकी मौत हो गई। परिजनों में कोहराम मचा है।

उखड़ गई टेंट सिटी, होटल-धर्मशाला फुल

अयोध्या, अमृत विचार : राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद भक्तों के लिए बनीं तीन प्रमुख समेत कई टेंट सिटी अब उखड़ गई हैं। होटल और धर्मशालाओं पर हाउस फुल के बोर्ड लगे हैं। ऐसे में प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहले जन्मोत्सव में आने वाले भक्तों के लिए मठ-मंदिर ही ठौर बनेंगे। मठ-मंदिर भी इसके लिए तैयार हो रहे हैं। ज्यादा भीड़ हुई तो इसके लिए भी मशक्कत करनी पड़ सकती है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के पहले चैत्र राम नवमी मेले में अमूमन 20 से 25 लाख श्रद्धालुओं की भीड़ अयोध्या आती थी। प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहला राम नवमी मेला नौ अप्रैल से शुरू होने वाला है। तैयारियां जोरों पर हैं। इस बार श्रद्धालुओं की भीड़ ज्यादा होने की संभावना है। तर्क यह है कि प्राण प्रतिष्ठा के दो महीने बाद भी भीड़ कम होने का नाम नहीं ले रही है। रोज करीब एक लाख श्रद्धालु दर्शन के लिए अयोध्या आ रहे हैं। ऐसे में राम जन्मोत्सव पर करीब 35 लाख भक्त आने की संभावना है। उनके लिए मठ मंदिर ही ठौर बनेंगे। रामनवमी पर राम मंदिर में दर्शन के लिए लाखों श्रद्धालु पहुंचेंगे। इनको नियंत्रित करने के लिए व्यवस्था बनाई जा रही है। ट्रस्ट परिसर के निकट 20 हजार दर्शनार्थियों के लिए होल्डिंग एरिया तैयार कर रहा है।

चुनाव से औद्योगिकरण पर असर नहीं

लखनऊ, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटे अधिकारियों का रुटिन कामकाज भी डर्रे पर है। प्रदेश के औद्योगिकरण के लिए इकाईयां लगा रहीं कंपनियों को नीति के तहत घोषित करोड़ों रुपये की छूट का अनुदान तेजी से जारी हो रहा है। ऐसे तमाम मामलों का औद्योगिक विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की ओर से रोजाना निस्तारण हो रहा है। खाद्य प्रसंस्करण नीति 2017 के तहत कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में गठित स्टेट लेबल इंपावर्ड कमेटी की बैठक में पहले प्रदेश के विभिन्न जिलों में लग रहीं इकाईयों को अनुदान स्वीकृत किए गए थे। इसके तहत कानपुर देहात की मे. डैरा बिल्टी साल्यूशन प्रालि. की एक्सपेलर इकाई को 41.18 लाख पूंजीगत अनुदान भेजा गया है।

महिला मित्र से मिलने आए पुलिस कांस्टेबल की मौत

नोएडा,एजेंसी : गौतमबुद्ध नगर जिले के बिसरख थाना क्षेत्र में स्थित एक सोसाइटी में रहने वाली महिला मित्र से मिलने आए प्रदेश पुलिस के एक कांस्टेबल की संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने बुधवार को बताया कि गोली कांस्टेबल की सरकारी पिस्तौल से लगी है। पुलिस उपायुक्त (मध्य नोएडा) सुनीति ने बताया कि कुलदीप सिंह (26) मूल रूप से जालौन जिले का निवासी था और ललितपुर जिले में तैनात था। उन्होंने बताया कि कुलदीप मंगलवार शाम को बिसरख क्षेत्र में स्थित एक सोसाइटी में रहने वाली अपनी महिला मित्र से मिलने आया था। आज उसका शव महिला मित्र के फ्लैट में मिला। सुनीति ने बताया कि मौके पर विधि विज्ञान की टीम को बुलाया गया है, पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि शुरुआती जांच में जानकारी मिली है कि मृतक कांस्टेबल की शादी उसके घर वालों ने कहीं और तय कर दी थी जबकि वह अपनी महिला मित्र से शादी करना चाहता था और इसी बात से परेशान था।

पूर्व विधायक विजय मिश्र की करोड़ों की संपत्ति हुई कुर्क

प्रयागराज के अल्लापुर में भदोही पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई

संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : प्रयागराज शहर में बुधवार को भदोही पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। शहर के अल्लापुर में स्थित पुराना साकेत हॉस्पिटल की बिल्डिंग वो भारी संख्या में पहुंची भदोही पुलिस ने बुधवार को कुर्क कर दिया। यह संपत्ति ज्ञानपुर के पूर्व बाहुबली विधायक विजय मिश्र की बताई गई है। विजय मिश्र इस समय फिलहाल जेल में बंद हैं। उनके खिलाफ भदोही और प्रयागराज समेत उत्तर प्रदेश के के कई जिलों में तमाम आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। भदोही पुलिस ने यह कार्रवाई गैंगस्टर एक्ट के तहत की है।

बतादेकि भदोही के जिला मजिस्ट्रेट विशाल सिंह की अदालत ने बीते 15 मार्च को प्रयागराज के बाघम्बरी गृह संस्थान योजना भवन संख्या 48 आधुनिक सुविधाओं से युक्त तीन मंजिला भवन, जो कि साकेत हॉस्पिटल को कुर्क करने का आदेश दिया था। इस भवन की कीमत लगभग 35 करोड़ पांच लाख रुपये बताई गई है। विजय मिश्रा ने अपने दामाद हरिशंकर मिश्रा के नाम से खरीदा था। बुधवार को अल्लापुर में स्थित पुराना साकेत हॉस्पिटल की बिल्डिंग वो भारी संख्या में पहुंची भदोही पुलिस ने कुर्क कर दिया। पुलिस ने माफिया विजय मिश्र के इस करोड़ों की संपत्ति को कुर्क करने के साथ ही मुनादी भी कराई है। माफिया के कई करीबियों के साथ बेटी सीमा मिश्रा और भतीजे पूर्व ब्लाक प्रमुख मनीष मिश्र की भी करोड़ों की संपत्ति कुर्क किया जा चुका है।

विजय मिश्रा पर दर्ज हैं 83 मुकदमें

पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक पूर्व विधायक विजय मिश्रा के ऊपर हत्या, लूट, छिनैती, मारपीट, संपत्ति हड़पने समेत दुष्कर्म सहित 83 मामले दर्ज हैं। विजय मिश्रा इन दिनों आगरा की जेल में दुष्कर्म के मामले में बंद है। जिला मजिस्ट्रेट ने सरिता विहार नई दिल्ली के पास कोपिया बिल्डिंग के दूसरे तल पर आधुनिक सुविधाओं अब युक्त भवन जिसकी कीमत लगभग 70 करोड़ और आनंद लोक नई दिल्ली के प्रथम तल आधुनिक सुविधाओं वाले भवन जिसकी कीमत आठ करोड़ रुपये है। उसे कुर्क करने आदेश दिया है। जिला मजिस्ट्रेट की अदालत के आदेश के तहत जिले की पुलिस ने प्रयागराज और नई दिल्ली पहुंचकर स्थानीय पुलिस व प्रशासन के सहयोग से संपत्तियों को कुर्क कर लिया। अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. तेजबीर सिंह ने बताया कि जिला मजिस्ट्रेट के आदेश के बाद प्रयागराज और नई दिल्ली पहुंचकर आधुनिक सुविधाओं से युक्त करीब 113 करोड़ की संपत्ति को कुर्क किया गया है।

7 साल की बच्ची से नशे में धुत युवक ने की दरिंदगी

बाराबंकी, अमृत विचार : जिले में 7 साल की बच्ची से नशे में धुत युवक ने दरिंदगी की। बच्ची की चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने बच्ची के परिजनों को मामले की सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजन बच्ची की हालत को गंभीर देख दंग रह गए। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल के बाद आरोपी को हिरासत में ले लिया। बच्ची को इलाज के लिए स्थानीय सीएचसी पर ले जाया गया जहां से उसे बाराबंकी जिला महिला अस्पताल भेजा गया है।

मामला बाराबंकी जिले के फतेहपुर थाना क्षेत्र का है जहां 7 साल की एक बच्ची घर के पास खेल रही थी। इसी दौरान गांव का ही रहने वाला नशे में धुत 30 वर्षीय युवक उसे बहला-फुसला कर अपने घर ले गया। वहां आरोपी ने मासूम के साथ दरिंदगी की। इस दौरान बच्ची की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। लोगों ने बच्ची की हालत देखी तो इसके बाद उसके परिजनों को सूचना दी।

छेड़छाड़ का विरोध करने पर महिला खिलाड़ी पर हमला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लक्ष्मीबाई अवार्ड से सम्मानित की जा चुकी हैं महिला वेट लिफ्टर

अमृत विचारः राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता और प्रदेश के सर्वोच्च खेल पुरस्कार लक्ष्मीबाई अवार्ड से सम्मानित वेट लिफ्टर से छेड़छाड़ की गई। विरोध पर आरोपी युवक ने मारपीट की और धारदार हथियार से हमला कर महिला खिलाड़ी को गंभीर रूप से घायल कर दिया। खिलाड़ी की शिकायत पर पुलिस ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र निवासी वेट लिफ्टर ने दी तहरीर में बताया कि 25 मार्च को वह खुर्दही बाजार की ओर गई थी। वहां थार सवार युवक ने उन पर भद्दे कमेंट किए। विरोध के बाद भी वह नहीं माना। वहां पहुंचे महिला खिलाड़ी के दो दोस्त ने भी युवक को अभद्रता करने से रोका। वह नहीं माना तो डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। युवक महिला वेट लिफ्टर से मारपीट करने लगा तथा विरोध पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे महिला खिलाड़ी गंभीर रूप से घायल हो गई। बचाने आए खिलाड़ी के दोस्तों के साथ भी आरोपी ने मारपीट की। इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी अंजनी कुमार मिश्र ने बताया कि आरोपी युवक का नाम प्रत्युश शुक्ला है।

सपा विधायक इरफान के खिलाफ आज आ सकता है फैसला

कानपुर, अमृत विचार : सपा विधायक इरफान सोलंकी के खिलाफ आगजनी मामले में गुरुवार को फैसला आ सकता है। ऐसे में कचहरी में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। पुलिस ने सुरक्षा कड़ी कर दी है। एमपीएमएलए सेशन कोर्ट के विशेष न्यायाधीश सत्येंद्र नाथ त्रिपाठी ने फैसले की तारीख 28 मार्च नियत की थी। जाजमऊ की डिफेंस कॉलोनी में स्थित एक प्लॉट में रहने वाली नजीर फातिमा के घर में सात नवंबर 2022 को आग लग गई थी। मामले में विधायक इरफान, उनके भाई रिजवान, मो. शरीफ, शौकत अली व इजराइल आटे वाला के खिलाफ मुकदमे की सुनवाई चल रही है। इरफान के अलावा रिजवान, शौकत अली व इसराइल आटे वाला कानपुर जेल में ही बंद हैं।

पब्लिक नोटिस

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सुधा पत्नी श्री अनिल कुमार, निवासी 108, बिहारीपुर, सिविल लाइन्स, बरेली ने एक किता आवासीय मकान नम्बर 70 रकबई 33.22 वर्ग मी. वाकै बिहारीपुर सिविल लाइन्स पर. तह. व जिला रेली जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 14.03.2024 वही संख्या-1 जिल्द संख्या-15016 पृष्ठ सं. -187 से 204 तक क्रमांक 4548 स.र. बरेली में हुई इकरारी अनिल कुमार पुत्र राम दयाल से द्वारा दान प्राप्त की थी को हिन्दूजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड, बरेली में बंधक कर ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन किया है, उक्त सम्पत्ति के बंधक करने के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस प्रकाशन के 7 दिन के भीतर अपनी आपत्ति व्यक्तिगत रूप से समस्त दस्तावेजों साक्ष्यों सहित मेरे कार्यालय में सामान्य कार्य दिवस की सामान्य कार्य अवधि में प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि में आपत्ति प्राप्त न होने पर यह मानते हुये कि इस विषय में किसी को कोई आपत्ति नहीं है उपरोक्त लोन जारी कर दिया जायेगा।

अमिताभ भंज, एडवोकेट
कार्यालय चैम्बर नं. 11, बड़ा वकालतखाना, सिविल कोर्ट, बरेली। सूचीबद्ध अधिवक्ता

व अदालत अपर जिला जज, सप्तम, बरेली
प्रकीर्ण वाद सं. 424/2018

श्रीमती बीना सिंह (मृतक) आदि .....प्रार्थीगण बनाम आदित्य प्रताप सिंह आदि .....विपक्षीगण

1. श्रीमती राजेश कुमारी उर्फ राजश्री सिंह कथित पत्नी स्व. प्रदीप कुमार सिंह निवासी-मकान सं. 155, सिविल लाइन्स (अंश), मालगोदाम रोड, बदायूँ 110 बी, सिविल लाइन्स, बरेली (जैसा कि वाद पत्र में दिया है) 2. कु. हिमांगनी अवयस्क पुत्री स्व. प्रदीप कुमार सिंह 3. श्रीमती सीमा कुमारी पत्नी स्व. प्रदीप कुमार सिंह अवयस्क कु. हिमांगनी द्वारा उसकी प्राकृति संरक्षिका और सगी माता श्रीमती सीमा कुमारी दोनों निवासीगण 110-बी, सिविल लाइन्स, बरेली

चूंकि मुसम्मी श्रीमती बीना सिंह (मृतक) आदि ने एक प्रकीर्ण वाद सं. 424/2018 श्रीमती बीना सिंह (मृतक) आदि बनाम आदित्य प्रताप सिंह आदि मय धारा-5 म्याद अधिनियम सी.पी.सी. के दायर किया है लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है आप बतारीख 29.03.2024 को असालतन या मारफत किसी वकील के जो मुकदमा हाजा से बखूबी वाकिफ हो जो मुकदमा हाजा को जवाबदेही कर सके मय कागजात मुसलका के हाजिर हो वरना आपकी गैर मौजूदगी में हाजा फैसला होगा। आज बतारीख 27.03.2024 को मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया है। **जज**

मेरठ, मथुरा, गाजियाबाद में बोले मुख्यमंत्री- परिवार पहले मानने वाला पक्ष माफिया राज को देता है प्रश्रय

लोस चुनाव फैमिली फर्स्ट व नेशन फर्स्ट के बीच

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/मथुरा/मेरठ

अमृत विचारः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि चुनावी समर में दो पक्ष स्पष्ट नजर आ रहे हैं। एक के लिए फैमिली फर्स्ट है तो मोदी के पक्ष के लिए नेशन फर्स्ट है। एक पक्ष अपने कृत्यों से माफिया राज को प्रश्रय देता है तो प्रधानमंत्री का पक्ष कानून के राज को प्रभावी ढंग से लागू करता है। एक पक्ष भ्रष्टाचार को बढ़ावा देता है तो एक पक्ष जीरो टालरेंस का पक्षधर है। एक तरफ फैमिली फर्स्ट की बात करने वाले लोग हैं तो दूसरी तरफ 140 करोड़ लोगों को परिवार मानने वाले मोदी हैं। मुख्यमंत्री ने बुधवार से चुनाव प्रचार की कमान संभालते हुए मथुरा में भाजपा उम्मीदवार हेमामालिनी के पक्ष में वोट देने की अपील की। सम्मेलन में कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण, सांसद तेजवीर सिंह, महापौर विनोद अग्रवाल और नीलश्याम सिंह आदि मौजूद रहे।

मथुरा में सभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी। ● अमृत विचार

मेरठ इतिहास में दर्ज नहीं होता, इतिहास रचता है

मेरठ। अरुण गोविल आज मेरठ की पहचान बनने जा रहे हैं। अरुण गोविल अब मेरठ में इतिहास रचेंगे, क्योंकि मेरठ इतिहास में दर्ज नहीं होता, बल्कि इतिहास रचता है। ये बातें मुख्यमंत्री ने चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी के नेताजी सुभाष चंद्र बोस प्रेक्षागृह में आयोजित प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में कही।

उत्तराखंड

किच्छा के बरौर नदी में नहाते समय दो बच्चों की डूबने से जान गई

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार : बरौर नदी में नहाने के दौरान दो बच्चों की डूबने से मौत हो गई। शवों का पोस्टमार्टम न कराने को लेकर परिजनों ने कई घंटे हंगामा किया।

कोतवाली अंतर्गत वार्ड नंबर 2, ग्राम मलपुरा के अफरोज मलिक का नौ वर्षीय पुत्र फैजान तथा फैसल मलिक का आठ वर्षीय पुत्र आतिफ अन्य बच्चों के साथ बरौर नदी में नहाने गए थे। इस दौरान फैजान और आतिफ नदी में डूब गए। मौके पर मौजूद अन्य बच्चों ने शोर मचाते हुए मदद को गुहार लगाई। सूचना जैसे ही गांव पहुंची लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। मौके पर ग्रामीणों का जमावड़ा लग गया। बच्चों के परिजनों एवं ग्रामीणों ने बरौर नदी में बच्चों की तलाश की। खोजबीन के बाद ग्रामीणों ने बेहोशी की हालत में फैजान एवं आतिफ को नदी से निकाला और किच्छा के सरदार बल्लभ भाई पटेल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

● पोस्टमार्टम न कराने को लेकर कई घंटे हंगामा

पुलिस ने बच्चों का पोस्टमार्टम करने के लिए पंचनामा भरने की प्रक्रिया शुरू की तो परिजनों ने पोस्टमार्टम से इनकार कर दिया। पुलिस ने परिजनों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माने। बाद में पुलिस अधिकारियों से बात करने के बाद परिजन पोस्टमार्टम को राजी हुए। जानकारी होने पर विधायक तिलक राज बेहड़ के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता भी पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए।

वीडियो वायरल करने की धमकी देकर किया दुष्कर्म

बाजपुर, अमृत विचारः महिला ने पड़ोसी ठेकेदार पर उसके साथ दुष्कर्म करने तथा बेटे व पति के साथ गाली-गलौज एवं मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

ग्राम रानी नागल निवासी महिला ने बुधवार को तहरीर देकर पुलिस को बताया कि पड़ोस में रहने वाला एक व्यक्ति लेबर की ठेकेदारी करता है, जिसके चलते वह अन्य श्रमिकों के साथ ठेकेदार के माध्यम से मजदूरी करने जाती थी। एक दिन ठेकेदार ने सायं के वक्त ट्राली से उतरते वक्त उससे छेड़छाड़ की। उसके बाद से उसने मजदूरी पर जाना बंद कर दिया। आरोप है कि पति की गैर मौजूदगी में एक दिन रात में वह अपने तीनों बच्चों के साथ घर में सो रही थी कि इसी बीच आरोपी कमरे में घुस गया और तमंचा निकालकर उसके बेटे के सिर पर रख दिया। शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी दी। उसके साथ दुष्कर्म किया और मोबाइल से वीडियो भी बना ली। इसके बाद वीडियो वायरल करने की धमकी देकर आरोपित ने कई बार उसके साथ दुष्कर्म किया। 26 मार्च की सुबह करीब 9 बजे आरोपी फिर से उसके घर आ धमका और अश्लील हरकते कर उसे खींचकर घर से बाहर ले जाने लगा।

गोमांस के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, एक हुआ फरार

बाजपुर, अमृत विचारः उत्तराखंड गोवंश संरक्षण स्क्वायड ने ग्राम हरलालपुर में संचालित एक मीट की दुकान पर छापेमारी कर एक क्विंटल 64 किलो गोमांस के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है, जबकि उनका एक साथी मौके से फरार होने में सफल रहा।

स्क्वायड के (कुमाऊं रेंज) प्रभारी एसआई प्रवीण सिंह की अगुवाई में गठित टीम ने बुधवार को मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई कर ग्राम हरलालपुर में एक घर में संचालित हो रही मीट की दुकान पर छापेमारी की। बताया जाता है कि टीम को देखकर वहां मौजूद तीन तस्करों ने भागने का प्रयास किया, जिनमें से घेराबंदी करके दो आरोपितों को दबोच लिया, जबकि उनका तीसरा साथी फरार होने में सफल रहा। पूछताछ में आरोपितों ने अपने नाम दुमोला रोड थाना गंज रामपुर (उप्र) निवासी फैसल पुत्र अनीस व मुड़िया कलां बाजपुर निवासी आरिश पुत्र यूसुफ बताया। फरार साथी का नाम केलाखेड़ा निवासी साबिर पुत्र फिदा हुसैन बताया।

पर्यटकों से गुलजार सरोवर नगरी

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचारः गर्मी से राहत पाने के लिए अब लोग नैनीताल पहुंचने लगे हैं। वीकेंड पर सैलानियों की आमद से व्यापारियों के चेहरों पर भी रौनक देखने को मिल रही है। होली के लंबे अवकाश के बाद बुधवार को भी नैनीताल में सैलानियों की बड़ी संख्या देखने को मिली। इस दौरान माल रोड तल्लीताल, मल्लीताल पंत पार्क, भोटिया बाजार, सरियाताल, हिमालय दर्शन, स्नो व्यू, नयना पीक पर पर्यटकों की काफी संख्या देखने को मिली।

पंत पार्क में चहल कदमी करते सैलानी। ● अमृत विचार

लोकसभा चुनावः भाजपा से अजय भट्ट और कांग्रेस से प्रकाश जोशी ने किया नामांकन

ब्यूरो, हल्द्वानी/रुद्रपुर/देहरादून

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में नामांकन के आखिरी दिन बुधवार को पांचों सीटों पर नामांकन हुए। नैनीताल-ऊधमसिंह नगर संसदीय सीट से भाजपा से अजय भट्ट व कांग्रेस से प्रकाश जोशी ने शक्ति प्रदर्शन कर नामांकन कराया। अल्मोड़ा सीट पर कांग्रेस से प्रदीप टम्टा ने पर्चा भरा। हरिद्वार के लिए कांग्रेस से वीरेंद्र रावत ने नामांकन किया। पौड़ी के लिए कांग्रेस से गणेश गोदियाल ने नामांकन किया। चार सीटों पर बसपा प्रत्याशियों ने भी पर्चे भरे। गुरुवार को नामांकन पत्रों की जांच होगी।

वीरेंद्र रावत | प्रकाश जोशी | प्रदीप टम्टा | अजय भट्ट

- अल्मोड़ा सीट से कांग्रेस के प्रदीप टम्टा ने नामांकन किया
- पौड़ी व हरिद्वार सीट से गणेश गोदियाल व वीरेंद्र ने भरा पर्चा
- चार सीटों पर बसपा प्रत्याशियों ने भी ठोंकी ताल

रुद्रपुर में जिला निर्वाचन अधिकारी व रिटर्निंग ऑफिसर उदयराज सिंह और डेजिग्नेटेड रिटर्निंग आफिसर मनीष बिष्ट के समक्ष भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट व कांग्रेस के प्रकाश जोशी समेत सात उम्मीदवारों ने नामांकन किया। अजय भट्ट ने नामांकन के बाद गांधी पार्क में सभा की। अजय की रैली में सीएम पुष्कर सिंह धामी, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक, काबीना मंत्री सौरभ बहुगुणा आदि रहे। जबकि प्रकाश जोशी के समर्थन में निकाली गई रैली में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, विधायक तिलकराज बेहड़, सुमित हृदयेश आदि रहे। वहीं, बसपा के अख्तर अली, लोक जिम्मेदार पार्टी के जीवन चंद्र उप्रेती, अखिल भारतीय परिवार पार्टी के अखिलेश कुमार ने नामांकन किया। इस सीट पर 10 ने नामांकन किया है।

पौड़ी गढ़वाल सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल ने नामांकन के बाद रोड शो किया। बसपा से धीर सिंह ने भी नामांकन किया। भाजपा के टिकट पर अनिल बलूनी पहले ही नामांकन कर चुके हैं। टिहरी गढ़वाल संसदीय क्षेत्र के लिए अंतिम दिन भारतीय राष्ट्रीय एकता दल से बृजभूषण करनवाल, निर्दलीय प्रत्याशी सरदार खान, विपिन अग्रवाल, प्रेमदत्त सेमवाल, सुदेश तोमर ने नामांकन किए। जिला निर्वाचन अधिकारी देहरादून/डीएम सोनिका ने बताया कि कुल 11 प्रत्याशियों ने नामांकन किए हैं। पत्रों की जांच 28 को होगी। नाम वापसी 30 मार्च को और मतदान 19 अप्रैल को होगा और मतगणना 4 जून को होगी।

रजिस्ट्री सं.डी.एल.-33004/99 REGD. No. D.L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-12032024-252907
CG-DL-E-12032024-252907

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 1214] नई दिल्ली, मंगलवार, मार्च 12, 2024/फाल्गुन 22, 1945
No. 1214] NEW DELHI, TUESDAY, MARCH 12, 2024/PHALGUNA 22, 1945

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 12 मार्च, 2024

का.आ. 1276(अ).—केन्द्रीय सरकार ने, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उपधारा (1) के अधीन जारी की गई भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का.आ. 4851 तारीख 08/11/2023, जो भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खण्ड 3, उपखंड (ii) में प्रकाशित की गई थी, द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य के शाहजहाँपुर जिले में NH731 के कि.मी. 34.402 से कि.मी. 119.312 (सक्षम प्राधिकारी नगर मजिस्ट्रेट शाहजहाँपुर) तक के राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण (चौड़ा करने/ चार लेन का बनाने, आदि), अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के लिए उस अधिसूचना से उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा की थी;

और उक्त अधिसूचना का सार उक्त अधिनियम की धारा 3क की उपधारा (3) के अधीन तारीख 29/11/2023 को "द टाइम्स ऑफ इण्डिया (अंग्रेजी)" और तारीख 30/11/2023 "अमृत विचार (हिन्दी)" को दोनों में प्रकाशित किया गया था;

जबकि सक्षम प्राधिकारी को धारा 3—ग के तहत दायर आपत्ति प्राप्त हुई है, जिस पर विचार किया गया है और उसका उचित रूप से निपटान किया गया;

और सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट दे दी है;

अतः अब, केन्द्रीय सरकार, सक्षम प्राधिकारी की उक्त रिपोर्ट प्राप्त हो जाने पर और उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह घोषणा करती है कि उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जन किया जाना चाहिए;

और अब, केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (2) के अनुसरण में यह घोषणा करती है कि इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन पर, उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर आत्यन्तिक रूप से केन्द्रीय सरकार में निहित हो जाएगी।

अब, इसलिए, धारा 3जी की उप—धारा (3) के अनुपालन में सक्षम प्राधिकारी इन कार्यवाहियों के तहत अर्जित की जा रही भूमि में रूचि रखने वाले सभी भूमि मालिकों या व्यक्तियों को दी गयी अनुसूची में उल्लिखित भूमि के संबंध में अपने दावे प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित करता है। यहाँ नीचे सक्षम प्राधिकारी के कार्यालय में इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन की तारीख से 15 दिनों के भीतर (कार्यालय सक्षम प्राधिकारी/ नगर मजिस्ट्रेट शाहजहाँपुर) में आमंत्रित करता है।

नीचे दी गयी अनुसूची में निर्दिष्ट भूमि में रूचि रखने वाले सभी व्यक्तियों (भूमि के मालिक और अन्य इच्छुक व्यक्ति को उक्त भूमि पर अपने दावे प्रस्तुत करने के लिए कहा जाता है (उनका हिस्सा, भूमि का क्षेत्रफल, उससे जुड़ी कोई भी संपत्ति जैसे) संरचनाएं/पेड़ आदि और प्रासंगिक अभिलेखों के साथ ऐसी भूमि में संबंधित हित की प्रकृति बताएं। उक्त भूमि मालिकों या उसमें रूचि रखने वाले व्यक्तियों को अपने बैंक खातों का विवरण भी प्रस्तुत करना होगा, जिसमें वे अपनी मुआवजा राशि जमा करना चाहते हैं। निम्नलिखित सांकेतिक प्रारूप में दावे प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

गॉव/शहर का नाम	भूस्वामी का नाम/हितबद्ध व्यक्ति	भू-सर्वेक्षण संख्या	भूमि के क्षेत्रफल में उनका हिस्सा	भूमि में स्थित कोई संरचना/पेड़/टयूबवेल	बैंक का नाम /शाखा जिसमें वे खाता धारक हों।	बैंक खाता सं. का विवरण, बैंक शाखा का आई.एफ.एस.सी. (I.F.S.C.)कोड

कार्यालय सक्षम प्राधिकारी/नगर मजिस्ट्रेट शाहजहाँपुर।

अनुसूची

उत्तर प्रदेश राज्य के हरदोई जिले में NH 731 के कि.मी. 34.402 से कि.मी. 119.312 (सक्षम प्राधिकारी नगर मजिस्ट्रेट शाहजहाँपुर) के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना सहित अथवा संरचना रहित विवरण।

जिलाः शाहजहांपुर
https:// egazette.gov.in
Publication date: 12 मार्च 2024
https://egazette.gov.in/(S(grzgnqlc5lw2bkudb4ugyqca))/ViewPDF.aspx
https://bhoomirashi.gov.in/auth/revamp/showfile.cshtml?TAB=bGFfVGhyZWVEX2ZpbGVz&fk=bm90aWZpY2F0aW9uX2lk&fkid=NTQxODQ=&EncHid=1789846342&type_id=1

फा. सं. 17001/1/2018/PIU&Brly/3D]
अभय जैन, उप. सचिव

नोट : इस अधिसूचना की वास्तविक प्रति सीएएलए/पीआईयू/पीएमयू/आरओ/ईडी के कार्यालय में भी उपलब्ध है और भूमि मालिक वहां भी अधिसूचना देख सकते हैं।

आश्रम पद्धति विद्यालय के लिए 36,778 ने किया आवेदन

लखनऊ, अमृत विचार : समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में संचालित 94 आश्रम पद्धति विद्यालयों में विभिन्न कक्षाओं में दाखिले के लिए गुरुवार को परीक्षा होगी। दाखिले के लिए 6790 सीटों के सापेक्ष 36778 आवेदन आए हैं। अप्रैल से शुरू होने वाले जौनपुर के दो और अयोध्या के एक विद्यालय के लिए भी परीक्षा होगी। बता दें कि समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं और इसमें लगभग 32 हजार छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि कक्षा छह, सात, आठ, नौ और 11वीं में रिक्त सीटों के लिए दाखिला परीक्षा होगी। उन्होंने बताया कि जौनपुर में दो और अयोध्या में एक नए आश्रम पद्धति विद्यालय में भी कक्षा छह, सात और आठ में दाखिले के लिए परीक्षा होगी। सबसे अधिक आवेदन कक्षा छह के लिए आए हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक विद्यालय के हिसाब से 70 बच्चों का दाखिला भी होगा।

एसबीआई में ग्राहकों के खातों से करोड़ों की हेराफेरी, हंगामा

शाखा प्रबंधक ने जालसाजी कर ग्राहकों के डिपोजिट के अगेंस्ट लोनिंग करके निकाला पैसा

संवाददाता, प्रतापगढ़

अमृत विचार : एसबीआई की लीलापुर शाखा में ग्राहकों के फिक्स्ड डिपॉजिट, म्यूचुअल फंड, एसबीआई इंश्योरेंस के अगेंस्ट लोनिंग करके शाखा प्रबन्धक ने करोड़ों रुपये की हेराफेरी की। मामले कि जानकारी होने पर तत्कालीन मैनेजर पर आरोप लगाते हुए ग्राहकों ने बैंक पहुंचकर जमकर हंगामा किया। इस दौरान गुस्साए लोग पुलिस से भिड़ गए। सीओ के आने पर बताया गया कि मैनेजर को निलंबित कर विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। करीब चार घंटे हंगामे के बाद लोग शांत हुए।

लीलापुर स्थित एसबीआई की शाखा में ग्राहकों ने फिक्स्ड डिपॉजिट, म्यूचुअल फंड, एसबीआई इंश्योरेंस में अपने पैसे जमा किये हैं। लीलापुर थाना के घरौरा निवासी हनुमान प्रसाद तिवारी ने इस बैंक में अपना 20 लाख रुपए फिक्स्ड कर रखा है।

एसबीआई लीलापुर में प्रदर्शन करते ग्राहक व हाथ जोड़कर एसओ से कार्रवाई की मांग करते ग्राहक। ● अमृत विचार

जमीन आदि के काम से वह 18 मार्च को बैंक पहुंचे और अपने फिक्स्ड डिपॉजिट की रकम के भुगतान की बात मैनेजर जयनाथ सरोज से की। आरोप है कि मैनेजर ने कुछ कागज पर हस्ताक्षर कराया और उनके फिक्स्ड डिपॉजिट पर लोनिंग की बात करने लगे। आशंका होने पर पीड़ित ने विरोध जताया तो उसके फिक्स्ड डिपॉजिट पर 18 लाख का लोन होने और ओडी के जरिए भुगतान हो जाने की बात उजागर हुई। जानकारी होते ही हनुमान ने यह बात अन्य ग्राहकों को बताई। खाताधारकों की छानबीन में बृजेश, सविता, निशा, नरेंद्र, मो. असफाक, सुभाष समेत कई ग्राहकों के साथ 10 करोड़ से अधिक की जमा रकम पर ब्रांच मैनेजर द्वारा उक्त तरीके से हेराफेरी की बात सामने आई। शिकायत मुख्य शाखा तक पहुंची तो 20 मार्च को ब्रांच मैनेजर जयनाथ सरोज को निलंबित करके विभागीय जांच शुरु हो गई। इसके बाद शिखर अग्रवाल को कार्यभार दिया गया। एक गार्ड का भी ट्रांसफर कर दिया गया। फेराफेरी का यह मामला अन्य ग्राहकों तक पहुंचने ओर बुधवार को बैंक खुलते ही बड़ी संख्या ग्राहक पहुंचे और हंगामा करने लगे। लोग ब्रांच मैनेजर के चैंबर में घुसकर उनसे अपने अपने खाते का डिटेल मांगने लगे। हंगामे की सूचना पर एसओ लीलापुर नरेंद्र सिंह पहुंचे और ग्राहकों को बाहर निकालने का प्रयास किया तो लोगों की उनसे नोकझोंक हुई। सीओ राम सूरत सोनकर ने ग्राहकों किसी तरह शांत कराया। करीब चार घंटे बाद हंगामा शांत हुआ। इस संबंध में राम सूरत सोनकर, सीओ लालगंज ने बताया कि फिक्स डिपॉजिट को शाखा प्रबन्धक ने लोन में तब्दील कर दिया है, खाते का पैसा शून्य है। इस बात को लेकर ग्राहक हंगामा कर रहे थे। एसओ की सूचना पर पहुंचकर शाखा प्रबन्धक शिखर अग्रवाल से बात की। उन्होंने बताया कि मामला उच्च अधिकारियों को बता दिया गया है। विभागीय मीटिंग चल रही है, इसके बाद निर्णय लिया जाएगा। आरोपी ब्रांच मैनेजर जयनाथ सरोज को निलंबित कर दिया गया है। इसके बाद ग्राहकों से बातकर उन्हें समझाया गया। तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

सपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी ने किया ट्वीट

एसबीआई में लीलापुर में हेराफेरी की बात सामने आने पर कुछ ग्राहकों ने समाजवादी पार्टी से विधानसभा विश्वनाथगंज से प्रत्याशी रहे सौरभ सिंह से मामले को अवगत कराया। ग्राहकों से बात करने के बाद सौरभ ने फोन पर अफसरों से बात की। अफसरों ने बताया कि ग्राहकों का पैसा जाने नहीं पायेगा, सभी के साथ न्याय होगा। सौरभ ने शासन – प्रशासन को एक्स समेत अन्य सोशल साइट पर ट्वीट किया।

सार-संक्षेप

आईपीएस पीवी रामाशास्त्री की मूल कॉडर में वापसी

लखनऊ, अमृत विचार : 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी एवं यूपी में एडीजी कानून-व्यवस्था जैसी जिम्मेदारी संभाल चुके पीवी रामाशास्त्री को केंद्र सरकार द्वारा उनके मूल कॉडर में वापस भेज दिया गया है। पीवी रामाशास्त्री बीएसएफ में स्पेशल डीजी (ऑपरेशंस) के पद पर तैनात थे। उनका कार्यकाल पूरा होने से पहले वापस भेजा गया है। हालांकि पुलिस मुख्यालय के सक्षम अफसरों द्वारा इसकी पुष्टि नहीं की गई है। सूत्रों के मुताबिक पीवी रामाशास्त्री बृहस्पतिवार को राजधानी आकर डीजीपी मुख्यालय में अपनी ज्वाइनिंग देंगे। तत्पश्चात उन्हें किसी महत्वपूर्ण पद पर तैनाती दी जा सकती है। केंद्र सरकार द्वारा कार्यमुक्त करने के 48 घंटे के भीतर उनके वापसी करने को लेकर भी तमाम अटकलें लग रही हैं। चर्चा है कि उन्होंने खुद यूपी वापस जाने की इच्छा जताई थी। गौरतलब हो कि पीवी रामाशास्त्री आईपीएस अधिकारियों की वरिष्ठता सूची में पांचवें स्थान पर हैं।

उद्योगों के विकास को उत्पादों का समय पर भुगतान जरूरी

लखनऊ, अमृत विचार : सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों द्वारा आपूर्ति किए गए माल का भुगतान समय से न मिलने की गंभीर समस्या है। यदि उद्यमियों को भुगतान समय से मिल जाए तो वे अपने उद्योगों का विस्तार कर पाएंगे। जिससे नए रोजगार उत्पन्न होंगे और सरकार का राजस्व भी बढ़ेगा। यह बात बुधवार को इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल ने फैसिलिटेशन काउंसिल मेंबर्स के ओरिएंटेशन विषयक एक दिवसीय सेमीनार में कही। उन्होंने कहा कि सूक्ष्म एवं लघु उद्यम फैसिलिटेशन काउंसिल के कामकाज में कुछ खामियां हैं। इन खामियों को खत्म करने के लिए सेमीनार में सुझाव आए हैं। इन सुझावों की रिपोर्ट बनाकर राज्य सरकार को सौंपी जाएगी ताकि उद्यमियों को समस्याओं से छुटकारा मिल सके। मुख्य वक्ता सुरेश ढोले ने विभिन्न कानूनी पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों की सहायता के लिए बहुत सख्त अधिनियम है।

बैंकों में लंबित पशु पालन के केसीसी, 19 जिले पीछे

लखनऊ, अमृत विचार : ऋण देकर पशु पालन को बढ़ावा देने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड बनाने में 19 जिले पीछे है। सबसे ज्यादा खराब प्रगति सीतापुर, सोनभद्र, फिरोजाबाद व मिर्जापुर की है। इन जिलों में पूरे वित्तीय वर्ष से पशु पालकों के आवेदन लंबित हैं। जिन्हें वर्ष समाप्ति से पहले स्वीकृत करने के निर्देश दिए गए हैं। फसल की तरह पशु पालन के लिए भी किसान क्रेडिट कार्ड बनाकर ऋण देना है। इसका जिलों को लक्ष्य मिला था। समीक्षा की गई तो 19 जिलों की प्रगति खराब मिली। इसमें सोनभद्र में लक्ष्य के सापेक्ष 5 .43 फीसद केसीसी, सीतापुर 5 .55, फिरोजाबाद 7 .23, मिर्जापुर 9 .59, गोंडा 11 .33, मैनपुरी 12 .33, लखीमपुर खीरी 13 .61, बांदा 13 .76, फर्रुखाबाद 13 .76, बलरामपुर 16 .39, भदोही 16 .86, हमीरपुर 17 .74, चित्रकूट 18 .36, एटा 20 .58, बहराइच 23 .73, मुरादाबाद 26 .30, आगरा 28 .22, बुलंदशहर 29 .75 व कानपुर देहात में 29 .78 फीसद केसीसी बनाए गए। जबकि, पूरे वित्तीय वर्ष आवेदन बैंकों में लंबित पड़े हैं। संस्थागत वित्त, बीमा एवं वाह्य सहायतित परियोजना महानिदेशालय की सहायक निदेशक निधि श्रीवास्तव ने वित्तीय वर्ष समाप्ति से पहले बैंकों को आवेदन निस्तारित करने के निर्देश दिए हैं।

इंडिया गठबंधन देश की जरूरत: स्वामी प्रसाद मौर्य

लखनऊ, अमृत विचार : राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि इंडिया गठबंधन देश की जरूरत है। उनकी पार्टी गठबंधन को मजबूत करेगी। आजाद समाज पार्टी व अन्य क्षेत्रीय दलों के साथ गठबंधन की चर्चाओं को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि वह चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को जिताने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में गरीबों, अनुसूचित व पिछड़े वर्ग के लोगों के साथ अन्याय हो रहा है। महंगाई चरम पर है। लोकतंत्र व संविधान खतरे में है। विपक्षी दलों के नेताओं को फर्जी मुकदमों में जेल भेजा जा रहा है।

चुनाव आयोग की पाबंदियों का दिखा असर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **11 दिनों में अब तक कुल 85 करोड़ कीमत के उपहार, शराब और नगदी बरामद**
- **2014 में 1200 करोड़ तो 2019 में 3449 करोड़ के उपहार और नगदी बरामद हुई थी**

अमृत विचार : 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान आचार संहिता के अनुपालन में चुनाव आयोग लगातार कार्रवाइयां कर रहा है। अबतक लगभग 85 करोड़ रुपए की बहुमूल्य धातुएं, उपहार और नगदी बरामद की जा चुकी है। लेकिन विगत दो लोकसभा चुनावों को अगर गौर किया जाए तो इस बार इस तरह की अवैध गतिविधि कम नजर आ रही है। चुनाव प्रचार का आरंभिक दौर होने के कारण अभी अंतिम रूप से कुछ नहीं कहा जा सकता, लेकिन कार्रवाइयों और परिणामों से प्रतीत हो रहा है कि आयोग ने मतदाताओं को अवैध नगदी और उपहार के लेनदेन में काफी अंकुश लगाया है।

आयोग के आंकड़ों पर गौर किया जाए तो 2014 के लोकसभा चुनावों के दौरान छापेमारी और बैरियर लगाकर जो बरामदगी की गई थी, वह 12 सौ करोड़ थी। आयोग के मुताबिक इन 12 सौ करोड़ रुपए में बहुमूल्य वस्तुएं, शराब और नगदी थी। जबकि 2019 के चुनाव में यह आंकड़ा अप्रत्याशित रूप से बढ़कर 3449 करोड़ पहुंच गया। यह आश्चर्यजनक इसलिए भी था क्योंकि चुनाव के कुछ समय पहले ही नोटबंदी हुई थी।

ऐसे में इतने बड़े पैमाने पर बरामदगी हर किसी को चौंका रही थी। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी आयोग के निर्देश पर पूरे प्रदेश भर में लगातार धर-पकड़ हो रही है। आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक लगभग 85 करोड़ रुपए कीमत की बहुमूल्य उपहार, शराब और नगदी बरामद की जा चुकी है। पूर्व में हुए चुनावों के आंकड़ों से अगर तुलना करें, तो इस रकम से यह प्रतीत हो रहा है कि आयोग की सख्ती का असर हो रहा है।

प्रत्याशियों में आयोग का भय बढ़ा है। विगत सोमवार को आयोग द्वारा की गई कार्रवाई के बाद जारी किए गए आंकड़ों पर अगर गौर करें तो नगदी बांटने एवं अन्य मामलों में 13 एफआईआर दर्ज कराए गए। लेकिन बरामदगी का आंकड़ा नहीं बताया गया। इसका मतलब है कि कोई खास बरामदगी नहीं हुई। हालांकि बुधवार की देर शाम जारी आंकड़ों के मुताबिक अब तक कुल 85 करोड़ रुपए कीमत के उपहार, शराब और नगदी बरामद की जा चुकी है। प्रथम चरण के मतदान को कुल 22 दिन शेष रह गए हैं। इन 22 दिनों तक अगर आयोग ऐसे ही सख्ती कर ले गया तो चुनावों में नगदी और उपहार बांटने के सिलसिले में काफी अंकुश लग जाएगा। यह एक सकारात्मक संदेश भी है।

राज्यपाल ने पांच ग्राम न्यायालयों में की जजों की नियुक्ति

- **बहराइच, हरदोई, कासगंज, रामपुर और गोंडा की एक-एक तहसील में तैनाती का आदेश**

लखनऊ, अमृत विचार : राज्यपाल की ओर से हाईकोर्ट से परामर्श करने के बाद पांच ग्राम न्यायालयों सिविल न्यायाधीश (जूनियर डिवीजन) संवर्ग के अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। शासन ने इसकी जानकारी शासन ने अधिसूचना जारी करके दी है। प्रमुख सचिव न्याय विनोद सिंह रावत की ओर से जारी की गई अधिसूचना के मुताबिक बहराइच जनपद के तहसील मुख्यालय महसी स्थित ग्राम न्यायालय में पंकज कमार द्वितीय, हरदोई से संडीला में प्रवीण कुमार गौतम, कासगंज के पटियाली में अनुराग प्रथम, रामपुर के बिलासपुर में श्रीमती बिंदू यादव और गोंडा के करनैलगंज तहसील में अरूण कुमार गौतम को ग्राम न्यायालय में न्यायाधीश नियुक्त किया गया है।

सपा के प्रत्याशी को लेकर नाराज हैं आजम, डैमेज कंट्रोल करेंगे शिवपाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : जेल के भीतर रहते हुए भी आजम खां सपा प्रमुख अखिलेश यादव का सिरदर्द बने हुए हैं। हालांकि ऐन चुनाव पर अपनी तुनकमिजाजी दिखाना मो. आजम के स्वभाव में है, लेकिन इस बार वह जेल हैं, बावजूद इसके उन्होंने पहले अखिलेश को और अब पार्टी के बड़े नेता शिवपाल को अपने पास बुलाने को मजबूर कर रहे हैं।

दरअसल, रामपुर सीट पर अब सपा के अधिकृत प्रत्याशी मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी और मो. आजम के चहेते आसिम रजा आमने-सामने हैं। ऐसे में रामपुर सीट पर पेच फंस गया है। इस मुद्दे पर आजम खान और अखिलेश यादव के बीच भी तनातनी से इंकार नहीं किया जा सकता। इस स्थिति में डैमेज कंट्रोल के लिए शिवपाल सिंह यादव सीतापुर जेल आजम खान से मिलने जा रहे हैं। इससे पहले रामपुर में मंगलवार को आजम खान के करीबियों ने पत्रकारवार्ता कर चुनाव का बहिष्कार करने का घोषणा की थी। इसी से नाराज होकर सपा प्रमुख ने मोहिबुल्लाह नदवी को रामपुर सीट से प्रत्याशी बना दिया। नदवी मूल रूप से रामपुर जिले के रहने वाले हैं और तुर्क बिरादरी से संबंध रखते हैं। सूत्रों की मानें तो आजम खान मोहिबुल्लाह नदवी को पसंद नहीं करते हैं। इसलिए आसिम राजा ने आज नामांकन पत्र खरीद लिया है।

अपराधियों के विरुद्ध शिकंजा बनेगा मुख्य मुद्दा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **भाजपा नेताओं ने जारी किए तुलनात्मक आंकड़े**

अमृत विचार : आगामी लोकसभा चुनावों में यूपी की समस्त 80 सीटों पर बीजेपी की विशेष नजर है। ऐसे में यूपी में अपराधियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई को यूपी सरकार की उपलब्धियों में विशेष रूप से गिनाया जाएगा। भाजपा नेताओं का दावा है कि अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के चलते उत्तर प्रदेश में विगत 7 वर्षों में एक भी सांप्रदायिक हिंसा की घटना नहीं हुई।

भाजपा प्रवक्ताओं के मुताबिक यूपी में पहले जंगलराज हुआ करता था, लेकिन अब ऐसा नहीं है। नवंबर 2019 से नवंबर 2023 के बीच प्रदेश के कुल 68 चिन्हित माफिया अपराधी व गैंग के सदस्यों द्वारा अवैध कृत्यों से अर्जित 3723 करोड़ से अधिक की संपत्तियों का जब्तीकरण व ध्वस्तीकरण किया गया। अन्य विभिन्न माफिया की जनवरी 2021 से अक्टूबर 2023 तक गैंगस्टर अधिनियम के अंतर्गत 4268 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति के जब्तीकरण की कार्रवाई सुनिश्चित की गई। गैंगस्टर अधिनियम के अंतर्गत मार्च 2017 से नवंबर 2023 तक कुल 22,301 अभियोग पंजीकृत किए गए, जबकि 70,879 अभियुक्त गिरफ्तार किए गए। इसके साथ ही 120 अरब रुपए से अधिक की संपत्ति जब्त की गई। इस दौरान 192 अपराधी मुठभेड़ में मारे गए, जबकि 5800 घायल हुए।

मायावती के साथ प्रचार की कमान संभालेंगे आकाश

लखनऊ, अमृत विचार : प्रदेश में बसपा के चुनाव प्रचार की बागडोर प्रमुख मायावती के साथ राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर आकाश आनन्द भी संभालेंगे। इसकी शुरूआत एक अप्रैल से होगी। एक माह पार्टी की तरफ से प्रदेश में 25 चुनावी रैलियां होंगी, जिसमें आकाश आनन्द 6 अप्रैल से प्रचार की कमान थामेंगे।

लोकसभा चुनाव में प्रथम चरण के चुनाव का नामांकन खत्म हो चुके हैं। अन्य पार्टियों की तरह बसपा ने भी अपने प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी रैलियों का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। कार्यक्रम में तहत, प्रचार की शुरूआत पश्चिम उप्र से मायावती खुद करेंगी। प्रदेश में पहली बार नेशनल कॉआर्डिनेटर आकाश आनन्द को चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

प्लाटून कमांडर के घायल होने के मामले की तस्वीर साफ नहीं

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : संदिग्ध हालात में श्रीराम जन्मभूमि परिसर में मंगलवार शाम एके-47 की गोली लगने से घायल पीएससी प्लाटून कमांडर के मामले में अभी तस्वीर पूरी तरह साफ नहीं हो पाई है। पीएसी के अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) सुजीत कुमार पांडेय व आईजी मध्य क्षेत्र अपर्णा कुमार समेत अन्य अधिकारियों ने बुधवार को परिसर पहुंकर विस्तार से घटनाक्रम की जांच की। परिसर के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगलवाया। आईजी प्रवीण कुमार व एसएसपी राजकरन नय्यर ने भी घटनाक्रम की जानकारी ली।

घटना के 24 घंटे बाद भी जांच-पड़ताल जारी होने के बात कही जा रही है। वहीं छाती पर बायीं तरफ गोली लगना और गोली का सीधे आर-पार हो जाना कई सवाल खड़े कर रहा है। घायल प्लाटून कमांडर की हालत खतरे से बाहर है।

छानबीन में क्या निकला कोई बोलने को तैयार नहीं

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार घटना के समय पोस्ट पर लालचंद सिंह और एक आंकिक शाखा का कर्मचारी मौजूद था। पुलिस दोनों से किसी स्थान पर पूछताछ कर रही है। एसएसपी राजकरन नय्यर ने मंगलवार रात 12 बजे के बाद बयान जारी कर गन की सफाई के दौरान ड्यूटी पर मौजूद प्लाटून कमांडर के घायल होने तथा छानबीन जारी होने की बात कही थी, लेकिन छानबीन में क्या निकला? इस पर अभी कोई खुलासा नहीं किया है।

वर्ग पहेली-22

बाएं से दाएं

3.1. गोपनीय बात का प्रकट हो जाना 2. भेद प्रकट हो जाना, रहस्य प्रकट हो जाना।

4. थोड़ा या थोड़े से कुछ अधिक।

7.1. सुरीले स्वरवाला 2. (संगीत) जिसका स्वर शास्त्रीय पद्धति के अनुरूप हो 3. महीन और मीठा (स्वर)।

8. परंपरागत रूप से शिव के लिए प्रयोग किया जाने वाला शब्द।

ऊपर से नीचे

1. गुड़गुड़ शब्द होना।

2.1. दूर किया या हटाया हुआ 2. एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचाया हुआ 3. जिसे कोई भगा या हर ले गया हो।

3. जिसे भांग पीने की लत हो, भांग का नशा करने वाला, भंगेड़ी।

5.1. निकटता, नज़दीकी 2. उपस्थिति, विद्यमानता 3. सम्मुखता, सामना।

6. (संगीत में) सरगम या सप्तक का 'प' के रूप में पांचवां स्वर जिसे कोयल की कूक का स्वर भी माना जाता है।



वर्ग पहेली -21 का हल

1 दू			2 रू		3 वि	
का		4 दु	हा		रो	
न		नि	5 नि	बो	ध	
	6 ह	या	ल	य		
		दा		7 त	8 मा	चा
9 अ	भि	र	त		निं	
				10 दा	द	रा

सुडोकू-101

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	5		7			2		
8				2		6		
	3				6			
6		8					2	
	2						8	
			4			3		9
	6	4					7	
		1		6				2
					8		5	

सुडोकू -100 का हल

7	1	4	8	2	6	9	5	3
9	6	8	7	3	5	2	1	4
2	3	5	1	4	9	8	6	7
6	2	1	9	7	3	5	4	8
4	9	7	2	5	8	1	3	6
8	5	3	6	1	4	7	9	2
3	4	2	5	8	1	6	7	9
5	7	9	4	6	2	3	8	1
1	8	6	3	9	7	4	2	5

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 28 मार्च, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-तृतीया 18 .56 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-दक्षिण। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-स्वाती 18 .38 तक तत्पश्चात विशाखा।

मेष — आज जीवनसाथी आपसे पुरानी दबी हुई इच्छा को प्रकट करेगा। वैवाहिक जीवन काफी सुखमय रहने वाला है। अपने सहकर्मियों से ईर्ष्या न करें। व्यापार में कुछ नया प्रयोग कर सकते हैं। महंगी वस्तुओं पर धन खर्च करेंगे।

वृष — आज सोशल मीडिया का व्यावसायिक प्रयोग लाभप्रद सिद्ध होगा। सरकार की अच्छी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। अपने विकास के लिए आपको थोड़ा स्वार्थी बनना होगा। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए अतिरिक्त श्रम करना पड़ेगा।

मिथुन — आज घर के खर्चे बढ़ने के कारण आपके ऊपर दबाव रहेगा। दोपहर के बाद स्थिति सामान्य होगी। इंजीनियरिंग के छात्रों की पढ़ाई में काफी बाधाएं आएंगी। नकारात्मक प्रवृत्ति के लोगों के साथ मैत्री संबंध स्थापित करने से बचें।

कर्क — आज किसी से असहमत होने पर उसका अपमान न करें। जोड़ों में दर्द और अकड़न जैसी समस्या हो सकती है। अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए दिन बहुत अच्छा है। कमीशन के कारोबार से जुड़े लोग सावधान रहें।

सिंह — आज कारोबारी यात्रा हो सकती है। बेरोजगार युवा नौकरी के लिए इन्टरव्यू दे सकते हैं। पुराने निवेश से आपको अचानक लाभ प्राप्त होगा। दिन का प्रारम्भिक हिस्सा आपके लिये बेहद शुभ रहने वाला है। विशेष विषयों के अध्ययन को लेकर रुचि जागृत होगी।

कन्या — आज फाइनेंस संबंधी कार्यों में अपेक्षानुसार परिणाम नहीं मिलेंगे। भविष्य की योजनाओं को लेकर उत्साहित रहेंगे। पड़ोसियों के साथ संबंध खराब हो सकते हैं। आपके द्वारा बोले गए कटु वचनों से प्रियजनों का मन व्यथित न हो इसका ध्यान रखें।

तुला — आज शोध कार्यों में अपेक्षित सफलता मिलने से मन प्रफुल्लित रहेगा। रुके हुए कार्यों में तीव्रता आएगी। आध्यात्मिक विचारों का आपके ऊपर काफी प्रभाव रहेगा। आपका व्यवहार लोगों के लिए प्रेरणा बनेगा।

वृश्चिक — आज लोग आपके ऊपर बेवजह के आरोप लगा सकते हैं। यात्रा के दौरान अपना सामान सुरक्षित रखें। प्रेम संबंधों को लेकर आप काफी प्रसन्न रहेंगे। किसी मित्र को उधार देना पड़ सकता है। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों को बॉस की डांट खानी पड़ सकती है।

धनु — आज आप काफी आशावादी रहेंगे। जल्दबाजी में काम पूरा करने से गलतियां हो सकती है। शरीर में थोड़ी थकावट रहेगी इसीलिए आराम पर्याप्त मात्रा में अवश्य लें। मित्रों के सहयोग से रुका हुआ काम गतिशील हो जाएगा।

मकर — आज संतान की शिक्षा पर ध्यान देना काफी आवश्यक है। सरकारी मामलों में सावधानी बरतें। करियर को लेकर चिंता के भाव उत्पन्न होंगे। धन-संपत्ति के मामलों में सफलता मिलेगी। लोग आपकी प्रतिभा और क्षमताओं का सम्मान करेंगे।

कुंभ — आज तनाव लेने के बजाय विवेक और धैर्य से काम लेना उचित होगा। धर्म-कर्म को लेकर मन में विपरीत विचार उत्पन्न हो सकता है। छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। पारिवारिक मामलों को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे।

मीन — आज सरकारी सहयोग से आपके काम पूरे हो सकते हैं। जीवनसाथी के साथ आपके संबंध बिगड़ सकते हैं। मन अशांत होने की संभावना है। किसी सहकर्मी के साथ आपको विवाद का सामना करना पड़ेगा। अपने खर्चों को नियंत्रित रखने का प्रयास करें।

आज की फिल्में

बादशाह
सुबह : 11.00
वीरगति
रात : 07 .00

एक विवाह ऐसा भी
सुबह : 11 .03
गजनी
शाम : 04 .18

रेडी प्लेयर वन
सुबह : 10 .09
जिओस्ट्राम
रात : 09 .00

नो प्रॉब्लम
सुबह : 09 .05
डॉन
रात : 08 .25

ब्रदर्स
सुबह : 09 .47
दसवीं
रात : 07 .00

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 08 .25 बजे

जोक्स ऑफ द डे

बालक अपने पड़ोस में जाता है और दरवाजे की घंटी बजाता है, महिला दरवाजा खोलती है।
महिला-बेटा क्या हुआ?
बालक- आंटी मम्मी ने एक कटोरी चीनी मंगाई है।
महिला (मुस्कुराकर उसका सिर सहलाते हुए कहती है)-अच्छा और क्या कहा है तेरी मम्मी ने ?
बालक -कहा है कि अगर वो डायन न दे तो सामने वाली चुड़ैल से ले आना।

पप्पू साइकिल से जा रहा था। अचानक एक लड़की से भिड़ गया।
लड़की- घंटी नहीं मार सकता था बे
पप्पू-अबे मैंने पूरी साइकिल मार दी अब क्या घंटी अलग से मारूं!

बाजार	सेंसेक्स ▲	निफ्टी ▲
बंद हुआ	72,996	22,123
बढ़त	526	118
प्रतिशत में	0.73	0.54

अमृत विचार
www.amritvichar.com
बरेली, गुरुवार, 28 मार्च 2024

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 1910, राज श्री 1390, फ़ॉर्चून कि. 1820, रविन्द्रा 1860, फॉर्चुन ली0 1670, जय जवान 1495, सचिन 1610, सूरज 1520, अवसर 1650, राग गोल्ड 1695, गृहणी 1605, क्लासिक (किलो) 1790, मोर 1640, चक्र टिन 1725, ब्लू 1725, आशीर्वाद मस्टर्ड 1760, स्वास्तिक 1880 । किराना- (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17500, जीरा 40000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 12000-18000, सोंठ 45000, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950 । चावल -(प्रति कु0) डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1किलो,5किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250 । दाल दलहन- मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 7150-7700, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 9800-10500, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-12100, दाल चना 7250, लाल हिंदुस्तान 7350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10700, मोटा हीरा 11700, अरहर गोला मोटा 12600, अरहर पटका मोटा 13000, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 13800-14300, अरहर कोरी छोटी 15000 । चीनी - डालमियां 4040, पीलीभीत 4000, नवाबगंज 3980 (नयी), बहेड़ी 4000 (नयी)।

पिछले एक वर्ष के दौरान कृषि विपणन सुधार से मंडियों को मिली रफ्तार

केंद्र के निर्धारित मानकों पर उत्तर प्रदेश ने पूरा कर हासिल किए 100 अंक

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश की मंडी समितियां किसानों से उपज खरीदने के साथ उनकी बेहतर मार्केटिंग करने में अन्य राज्यों से आगे पहुंच गई हैं। पिछले एक वर्ष में कृषि विपणन में तेजी से सुधार हुआ है।

परिणाम यह है कि केंद्र से कृषि विपणन सुधार के निर्धारित किए गए अधिनियम व मानक दोनों को उत्तर प्रदेश ने पूरा कर 100 में 100 अंक हासिल किए हैं। जबकि अन्य राज्यों को 90 से 96 फीसद अंक मिले हैं। इससे उत्तर प्रदेश कृषि विपणन के साथ केंद्र के निर्धारित मानकों को पूरा करने में पहले स्थान पर है। इससे किसानों को फायदा होने से मंडी कारोबार को रफ्तार मिली है। इसका किसानों को लाभ मिलेगा और आगे मंडी परिषद नवाचार अपनाएगा।

- **अधिनियम व नियम दोनों में मिले प्रदेश को 10-10 अंक**

इनमें बिंदुओं पर मिले 10-10 अंक : निजी बाजार, मंडियों के बाहर थोक व्यापार, वेयर हाउस, कोल्ड स्टोर, साइलो, ई-ट्रेडिंग, एक बाजार शुल्क, एकीकृत लाइसेंस, मंडी शुल्क

> केंद्र ने कृषि विपणन में सुधार के लिए सभी राज्यों के लिए मानक निर्धारित किए थे। उस पर उत्तर प्रदेश की मंडियों ने काम कर 100 फीसद मानक पूरे किए हैं। इसका किसानों को और लाभ मिलेगा। इसी तरह किसान हित में जो भी मानक आएंगे वह पूरे करेंगे।
>
> – अंजनी कुमार सिंह, निदेशक, मंडी परिषद।

शुल्क कम तो ई-ट्रेडिंग से आई बेहतरी

सिस्टम एनालिस्ट सतेंद्र तिवारी ने बताया कि वैसे तो मंडी समितियों पर कृषि विपणन के क्षेत्र में कई काम हुए। इसमें केंद्र के निर्धारित मानकों को पूरा करने में खास निजी बाजार, मंडियों के बाहर सीधे कारोबार की स्वीकृति देना व वेयर हाउस, साइलो व कोल्ड स्टोर को मार्केट यार्ड घोषित करना है। इसी तरह ई-ट्रेडिंग के जरिये किसानों को ऑनलाइन खरीद-बिक्री का प्लेटफार्म मिला। व्यापारियों को एक कर व एकीकृत लाइसेंस की सुविधा के साथ मंडी, बाजार व कमीशन शुल्क कम होने से राहत मिली। इससे विपणन को बढ़ावा मिला है।

पवन दावुलुरी बने माइक्रोसॉफ्ट विंडोज और सर्फेस के चीफ

नई दिल्ली, एजेंसी। आईआईटी मद्रास के पूर्व छात्र पवन दावुलुरी को माइक्रोसॉफ्ट विंडोज और सर्फेस का चीफ बनाया गया है। दावुलुरी ने लंबे समय से प्रोडक्ट हेड रहे पैनोस पानाय का जगह लिया है। पानाय ने पिछले साल अमेजन जॉइन करने के लिए डिपार्टमेंट छोड़ दिया था।

दावुलुरी इससे पहले सरफेस ग्रुप को हेड करते थे, जबकि मिखाइल पारखिन विंडोज डिपार्टमेंट के हेड थे। इन दोनों के पद छोड़ने के बाद, पवन ने विंडोज़ और सरफेस दोनों डिपार्टमेंट्स का कार्यभार संभाल लिया है। दावुलुरी करीब 23 साल पहले माइक्रोसॉफ्ट से जुड़े थे। इससे पहले उन्होंने मैरीलैंड यूनिवर्सिटी से पोस्ट ग्रेजुएशन किया था। वे अब कंपनी के एक्सपीरियंस एंड डिवाइसेस हेड राजेश झा को रिपोर्ट करेंगे।

भारतीय गेमिंग बाजार का राजस्व 2028 तक दोगुना

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाला मोबाइल गेमिंग बाजार है और इस उद्योग का वार्षिक राजस्व 2023 के 3.1 अरब डॉलर से लगभग दोगुना होकर 2028 तक छह अरब डॉलर हो सकता है। इंटरएक्टिव एंटरटेनमेंट एंड इनोवेशन काउंसिल और ऑनलाइन गेमिंग कंपनी विंजो की एक संयुक्त रिपोर्ट में बुधवार को यह बात कही गई।

आईईआईसी विश्लेषण और द्वितीयक आंकड़ों के आधार पर 'इंडिया गेमिंग रिपोर्ट 2024' के तहत 2023 में गेम के लिए भुगतान करने वाले 14.4 करोड़ उपयोगकर्ताओं की तुलना में 2028 में यह संख्या 24 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया, भारतीय गेमिंग उद्योग में 1,400 से अधिक गेमिंग कंपनियां शामिल हैं, जिनमें 500 गेमिंग स्टूडियो भी शामिल हैं। गेमिंग का वार्षिक कारोबार 2028 तक छह अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है।" रिपोर्ट में कहा गया, भारत में गेम डाउनलोड केवल चार साल में (2019 से 2023 तक) 5.65 अरब से बढ़कर 9.5 अरब हो गया। इस वृद्धि ने 2023 में वैश्विक गेम डाउनलोड में भारत की हिस्सेदारी को 16 प्रतिशत तक बढ़ा दिया। इसके बाद क्रमशः 4.5 अरब (7.6 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी) डाउनलोड के साथ ब्राजील और 4.4 अरब (7.4 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी) डाउनलोड के साथ अमेरिका का स्थान रहा।

छह अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान

सर्राफा

बरेली

गोल्ड (पक्के जेवर)	66400
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	65400
सिल्वर (पक्की)	740 (अनुमानित)

रुपया पांच पैसे गिरा

मुंबई, एजेंसी। दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के मजबूत होने से आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया पांच पैसे गिरकर 83.34 रुपये प्रति डॉलर रह गया। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 83.29 रुपये प्रति डॉलर रहा था। शुरूआती कारोबार में रुपया दो पैसे फिसलकर 83.31 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और सत्र के दौरान आयातकों एवं बैंकरों की लिवाली होने से 83.45 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, बिकवाली होने से यह 83.29 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंचा।

टाटा का चार्जिंग स्टेशन लगाने को एचपीसीएल से गठजोड़

नयी दिल्ली, एजेंसी

टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी ने इस साल के अंत तक देशभर में 5,000 सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के साथ गठजोड़ किया है। टाटा मोटर्स की इकाई टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी (टीपीईएम) ने बुधवार को बयान में कहा कि इस गठजोड़ के तहत एचपीसीएल के पेट्रोल पंप पर चार्जिंग स्टेशन लगाये जाएंगे।

ये स्टेशन उन स्थानों पर लगाये जाएंगे जहां 1.2 लाख से अधिक टाटा इलेक्ट्रिक वाहनों के मालिक प्रायः आते हैं। कंपनियां सह-ब्रांडेड आरएफआईडी कार्ड के माध्यम से एक सुविधाजनक भुगतान प्रणाली शुरू करने की संभावना भी टटोल रही हैं। एचपीसीएल के पास 21,500 से अधिक पेट्रोल पंप का नेटवर्क है। कंपनी का दिसंबर, 2024 तक 5,000 इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने का लक्ष्य है। टीपीईएम के मुख्य रणनीति अधिकारी बालाजी राजन ने कहा, ''एचपीसीएल के साथ यह रणनीतिक साझेदारी भारत के ईवी परिवेश को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

शेयर बेचने पर उसी दिन मिल जाएगा पैसा

मुंबई, एजेंसी। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज शेयरों के खरीदने और बेचने पर उनके भुगतान की व्यवस्था में गुरुवार से बदलाव कर रहा है। स्टाक एक्सचेंज टी 0 सेटलमेंट सिस्टम का ट्रायल 25 शेयरों के साथ शुरू कर रहा है। यानी जिस दिन आप इन शेयरों को बेचेंगे, पैसा भी उसी दिन आपको मिलेगा। अभी शेयर बाजार में टी 1 सेटलमेंट सिस्टम लागू है। यानी शेयरों के बेचने पर भुगतान एक दिन बाद किया जाता है। तीन महीने पहले मार्केट रेगुलेटर ने टी 0 के लिए कंसल्टेशन पेपर जारी किए थे।

सात प्रतिशत के दायरे में देश की आर्थिक वृद्धि दर बेहतर : सान्याल

नयी दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य संजीव सान्याल ने बुधवार को कहा कि जब तक वैश्विक माहौल में सुधार नहीं होता, भारत को मौजूदा वृद्धि दर से संतुष्ट रहना चाहिए। उन्होंने सात प्रतिशत के दायरे में आर्थिक वृद्धि को बेहतर बताया। सान्याल ने यह भी कहा कि वृहद आर्थिक मोर्चे पर कड़ी मेहनत से जो स्थिरता हासिल की गयी है, उसे बनाये रखना जरूरी है।

सान्याल ने एक सम्मेलन में कहा, ''...हमारे लिए दहाई अंक में वृद्धि हासिल करना संभव है, लेकिन मैं वास्तव में इसको लेकर सावधान हूं। यह पूरा खेल वृद्धि पर वृद्धि को लेकर है।'' भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2023 के अंतिम तीन महीनों में उम्मीद से बेहतर 8.4 प्रतिशत रही है, जो पिछले डेढ़ साल की सबसे तेज रफ्तार है। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में अच्छी वृद्धि दर से चालू वित्त वर्ष के लिए आर्थिक वृद्धि दर अनुमान बढ़ाकर 7.6 प्रतिशत कर दिया गया है। उन्होंने कहा, ''अर्थव्यवस्था की अभी जो वृद्धि दर है, फिलहाल उससे अधिक बढ़ाने का प्रयास नहीं करना चाहिए। अगर वैश्विक वातावरण में नाटकीय रूप से सुधार नहीं होता है, तब क्या होगा, हमारे बाह्य खाते, मुद्रास्फीतिक दबाव पड़ेगा।''

राष्ट्रीय

एक नजर

चारा घोटाला: 89वें गवाह का बयान कलमबंद

पटना, एजेंसी। बिहार के बहुचर्चित करोड़ो रुपये के चारा घोटाला से जुड़े एक मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने आज विशेष अदालत में अपने 89वें गवाह का बयान कलमबंद करवाया। चारा घोटाला मामलों की सुनवाई कर रही विशेष अदालत के न्यायाधीश महेश कुमार की अदालत में सीबीआई ने 89वें गवाह के रूप में बिहार विधानसभा के एक पूर्व अधिकारी फूल झा को पेश किया था। गवाह का मुख्य परीक्षण पूरा हुआ और बचाव पक्ष के द्वारा प्रति परीक्षण किया गया। अदालत ने मामले में 03 अप्रैल 2024 की अगली तिथि निश्चित की है।

हाथ काट देने वाला बयान देकर घिरे कांग्रेस विधायक

झाबुआ, एजेंसी। मध्यप्रदेश के कांग्रेस विधायक वीर सिंह भूरिया ने एक चुनावी सभा में आदिवासी संगठन जय आदिवासी युवा शक्ति (जयस) का नाम लेकर समर्थकों से कथित तौर पर कहा कि वे पार्टी के वोट काटने की बात करने वाले लोगों के हाथ काट दें। जयस का पश्चिमी मप्र के आदिवासी बहुल इलाकों में प्रभाव है। माना जाता है कि इस संगठन के समर्थित उम्मीदवारों के चुनावी मैदान में उतरने से कांग्रेस के परंपरागत वोट बैंक में सेंध लगती है। भूरिया ने रतलाम-झाबुआ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा की उम्मीदवार अनीता चौहान पर निशाना साधते हुए भिलाला समुदाय को कथित तौर पर "चोर और डाकू" भी कहा।

आप विधायकों ने किया दावा- भाजपा में शामिल होने को करोड़ों की पेशकश

तीन विधायकों का दावा- अंतर्राष्ट्रीय नंबर से 20 से 45 करोड़ देने की बात की गई

चंडीगढ़, एजेंसी

आप के तीन विधायकों ने बुधवार को दावा किया कि उन्हें भाजपा में शामिल होने के लिए पैसे देने की पेशकश की गई थी। पंजाब से आप के एकमात्र लोकसभा सदस्य और एक विधायक के बुधवार को भाजपा में शामिल होने के बाद इन विधायकों ने दावा किया कि उन्हें भाजपा में शामिल होने के लिए पैसे देने की बात फोन पर कही गई।

आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया कि भाजपा ने पंजाब में 'फिर से ऑपरेशन लोटस' शुरू कर दिया है और वह अरविंद केजरीवाल की पार्टी को तोड़ने की कोशिश कर रही है। भाजपा की ओर से इन आरोपों पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। जलालाबाद से आप विधायक जगदीप कंबोज गोल्डी ने दावा किया कि उन्हें मंगलवार को एक अंतर्राष्ट्रीय नंबर से सेवक सिंह नामक व्यक्ति ने भाजपा में शामिल होने के प्रस्ताव के साथ फोन किया था। कंबोज ने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने उनसे भाजपा में शामिल होने के लिए कहा और कहा, हम 20-25 करोड़ रुपये दे देंगे। मैंने कहा कि मुझे इसकी जरूरत नहीं है। इसी तरह के दावे बल्लुआना से विधायक अमनदीप सिंह और लुधियाना दक्षिण विधायक राजिंदर पाल कौर छीना ने भी किए। उन्होंने कहा कि वे पार्टी नहीं छोड़ेंगे।

कंबोज ने आरोप लगाया कि भाजपा केजरीवाल और आप से डरी हुई है। उन्होंने कहा, अरविंद केजरीवाल वह नेता हैं जिन्होंने राजनीति में भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ी और हमेशा काम की राजनीति की। लेकिन झूठे मामले दर्ज किए गए और आप के कई नेताओं को बिना किसी सबूत के जेल भेज दिया गया। उन्होंने कहा, यदि वे खरीद-फरोख्त करना चाहते हैं, तो देश में चुनाव प्रणाली की क्या आवश्यकता है? पंजाब एक क्रांतिकारी राज्य है। दिल्ली के बाद, पंजाब के लोगों ने बदलाव को चुना। लुधियाना दक्षिण से विधायक छीना ने भी दावा किया कि उन्हें सेवक सिंह नामक व्यक्ति का फोन आया था और यह कॉल एक अंतर्राष्ट्रीय नंबर से आई थी। बल्लुआना के विधायक अमनदीप सिंह ने कहा कि उन्हें 45 करोड़ रुपये की पेशकश की गयी।

सभी दलों ने चुनावी बॉन्ड को भुनाया, किसी को भी बोलने का नैतिक अधिकार नहीं : वित्त मंत्री

नयी दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि सभी प्रमुख राजनीतिक दलों ने चुनावी बॉन्ड भुनाए हैं। इस मामले में किसी को कुछ भी कहने का नैतिक अधिकार नहीं है क्योंकि यह सब वैध और कानून के मुताबिक था। उन्होंने यह भी कहा कि चुनावी बॉन्ड के खिलाफ उच्चतम न्यायालय के फैसले के मद्देनजर, चुनावों के वित्तपोषण के लिए बेहतर प्रणाली लाने को लेकर और अधिक चर्चा की जरूरत है।

सीतारमण ने यहां एक समाचार चैनल के सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में कहा कि कानून को शीर्ष अदालत ने अब खारिज कर दिया है। लेकिन इसे संसद में पारित किया गया था और बॉन्ड उस समय के कानून के अनुसार खरीदे गए थे। उन्होंने कहा, ''इसे संसद द्वारा पारित किया गया था और कानून के आधार पर, बॉन्ड सभी दलों ने खरीदे और भुनाए। हर किसी ने सभी से चंदा प्राप्त किया है, चंदा देने वालों ने हर दल को चंदा दिया।'' सीतारमण ने कहा, ''जो दल अब कह रहे हैं कि ये घोटाला है, उन्होंने भी बॉन्ड के जरिए पैसे लिए थे। आखिर किसी को बोलने का क्या नैतिक अधिकार है क्योंकि यह तब कानून के अनुसार था... यह सब वैध तरीके से हुआ। यह पहले की तुलना में एक बेहतर कदम था।'' यह पूछे जाने पर कि इस संबंध में नई सरकार क्या कर सकती है, उन्होंने कहा कि यह समझने की जरूरत है कि व्यवस्था को कैसे बेहतर बनाया जाए।

सीतारमण बोलीं- चुनाव लड़ने के लिए नहीं हैं पैसे

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि वह लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगी और यह बात पार्टी को बता दी गयी है। यहां एक कार्यक्रम में बोलते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि उनके पास चुनाव लड़ने के लिए आवश्यक धनराशि नहीं है, इसके अलावा जीतने के कई अन्य कारक भी अनुकूल नहीं हैं। एक कार्यक्रम में सीतारमण ने कहा, "मुझसे पूछा था, लेकिन एक हफ्ते या 10 दिनों तक इस पर सोचने के बाद मैं यह कहने के लिए वापस आई, शायद नहीं।" उन्होंने आगे कहा, "...मेरे पास चुनाव लड़ने के लिए उस तरह का पैसा नहीं है। मेरे पास एक समस्या भी है क्योंकि चाहे वह आंध्र प्रदेश हो या तमिलनाडु हो, यह जीतने के लिए कई अन्य मानदंडों का भी सवाल होगा जिनका वे उपयोग करते हैं।

साजिश का आरोप अधिसूचित अपराध से संबंधित नहीं है तो पीएमएलए लागू नहीं किया जा सकता: सुप्रीम कोर्ट

नयी दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने अपने उस फैसले पर पुनर्विचार संबंधी याचिका खारिज कर दी, जिसमें उसने कहा था कि किसी व्यक्ति के खिलाफ कथित आपराधिक साजिश रचने से संबंधित भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा-120बी लागू करके धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज नहीं किया जा सकता है, यदि कथित आपराधिक साजिश पीएमएलए के तहत अधिसूचित अपराध से संबंधित नहीं है। आईपीसी की धारा 120बी में आपराधिक साजिश के लिए सजा का प्रावधान है। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने 29 नवंबर, 2023 के उस फैसले की समीक्षा संबंधी अर्जी खारिज कर दी, जिसमें कहा गया था कि यह जरूरी नहीं है कि जिस व्यक्ति के खिलाफ पीएमएलए की धारा-तीन के तहत अपराध का आरोप है, उसे अधिसूचित अपराध में आरोपी के रूप में दिखाया जाए। पीठ ने अपने हालिया आदेश में कहा, ''खुली अदालत में पुनर्विचार याचिकाओं की सुनवाई संबंधी अर्जी खारिज की जाती है।''

अमेठी और रायबरेली सीट के बारे में कांग्रेस नेतृत्व करेगा फैसला

नयी दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बुधवार को हुई बैठक में उत्तर प्रदेश की अमेठी और रायबरेली लोकसभा सीट को लेकर चर्चा नहीं हुई और अब इस बारे में पार्टी नेतृत्व फैसला करेगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता वाली बैठक में पार्टी संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और सीईसी के कई अन्य सदस्य शामिल हुए।

भाजपा ने दिनेश शर्मा को महाराष्ट्र और धनखड़ को दिल्ली का चुनाव प्रभारी बनाया

नयी दिल्ली, एजेंसी

भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार को विभिन्न राज्यों में चुनाव प्रभारी और सह-प्रभारी नियुक्त किए। उप्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा को महाराष्ट्र, हरियाणा के पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु को असम, ओपी धनखड़ को दिल्ली और बिहार सरकार में मंत्री नितिन नवीन को छत्तीसगढ़ का चुनाव प्रभारी बनाया गया है। इसके मुताबिक दक्षिणी दिल्ली के निवर्तमान सांसद रमेश बिधूड़ी को उप्र का सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है। बिधूड़ी के अलावा बिहार के विधायक संजीव चौरसिया और हरियाणा के करनाल से निवर्तमान सांसद संजय भाटिया को उप्र का सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है।

नवनीत राणा को अमरावती और गोविंद करजोल को चित्रदुर्ग सीट से टिकट

नई दिल्ली। महाराष्ट्र की अमरावती (सु.) सीट से निर्दलीय सांसद नवनीत राणा भाजपा की उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ेंगी। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करनाल विधानसभा सीट के उपचुनाव में उम्मीदवार होंगे। कर्नाटक की चित्रदुर्ग (सु.) सीट से गोविंद करजोल को भाजपा का टिकट दिया गया है। हरियाणा की करनाल विधानसभा सीट के उप चुनाव में मुख्यमंत्री सैनी को उतारा गया है।

जम्मू कश्मीर से अफस्पा हटाने का वादा लोकसभा चुनाव के मद्देनजर किया गया : उमर अब्दुल्ला

श्रीनगर, एजेंसी

नेशनल कांफ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि जम्मू कश्मीर से सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम (अफस्पा) हटाने का वादा आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर किया गया है और उन्हें डर है कि जिस तरह लद्दाख के लोगों को छठी अनुसूची के वादे के सिलसिले में ठगा गया है, उसी तरह यहां भी लोगों को ठगा जाएगा। वह मीडिया की इस खबर पर प्रतिक्रिया दे रहे थे जिसमें केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र भविष्य में जम्मू कश्मीर से अफस्पा हटाने पर निश्चित ही विचार करेगा।

अब्दुल्ला ने बडगाम जिले में संवाददाताओं से कहा, ''मैं 2011 से इस दिन का इंतजार कर रहा हूं। (जब वह मुख्यमंत्री थे) तब हमने भी अफस्पा हटाने की काफी कोशिश की, लेकिन मुझे डर है कि जिस तरह लद्दाख के लोगों को छठी अनुसूची के वादे पर गुमराह किया और ठगा गया, उसी तरह जम्मू कश्मीर के लोगों को गुमराह किया जाएगा एवं ठगा जाएगा, क्योंकि यहां चुनाव हैं।'' पूर्व केंद्रीय मंत्री अब्दुल्ला ने कहा कि समस्याग्रस्त क्षेत्रों में सुरक्षाबलों को अभियोजन से पूर्ण छूट और उन्हें व्यापक अधिकार प्रदान करने वाले इस कानून को जम्मू कश्मीर में स्थिति सामान्य हो जाने के केंद्रीय नेताओं के बयानों को देखते हुए तत्काल हटा दिया जाना चाहिए। उन्होंने सवाल किया, ''जहां तक अफस्पा हटाने की बात है तो आज से ही शुरू कीजिए। जब वे कहते हैं कि स्थिति सामान्य है, आतंकवाद खत्म हो गया है, अब अलगाववादी विचार नहीं बचा है तो फिर वे किस बात का इंतजार कर रहे हैं?''

कुर्सी का मोह नहीं छोड़ पा रहे केजरीवाल : अनुराग

श्रीनगर/शिमला, एजेंसी। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने बुधवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ने का आरोप लगाते हुए कहा कि जेल में रहकर भी केजरीवाल मुख्यमंत्री की कुर्सी का मोह नहीं छोड़ रहे हैं। ठाकुर आज जम्मू-कश्मीर प्रवास पर थे। अपने प्रवास के दौरान उन्होंने सर्वप्रथम उधमपुर में आयोजित बाइक रैली में भाग लिया और इसके बाद उधमपुर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में आयोजित सांगठनिक बैठक में शामिल हुए। ठाकुर ने राष्ट्रीय जनता दल के नेता लालू प्रसाद यादव का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस समय लालू यादव चारा घोटाले में फंसे हुए थे उस समय तत्कालीन मुख्यमंत्री राबड़ी देवी उनकी तरफ से घोषणाएं करती थी, फिर धीरे-धीरे लालू की गद्दी संभाल ली।

केजरीवाल के इस्तीफे की मांग पर भाजपा का प्रदर्शन

नयी दिल्ली/तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) और विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायकों ने बुधवार को दिल्ली विधानसभा परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा विधायकों ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया तो आप विधायकों तथा उनके समर्थकों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ नारेबाजी की।

केजरीवाल को ईडी ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तार किया है। इस आबकारी नीति को बाद में रद्द कर दिया गया था। दोनों ही दलों ने एक ही समय पर विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा विधायकों ने हाथों में तख्तियां लेकर मार्च निकाला। पीली टी-शर्ट पहने आप नेता और कार्यकर्ता प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए भाजपा के विधायकों के पीछे-पीछे हो लिये। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। बिधूड़ी ने कहा, ''मुख्यमंत्री को अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। उन पर भ्रष्टाचार के लगभग 12 आरोप हैं। अगर आबकारी नीति विश्वस्तरीय थी तो उन्होंने इसे वापस क्यों लिया? हम केजरीवाल के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं।'' भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने भी दोपहर 12 बजे के आसपास विधानसभा परिसर के प्रवेश द्वार के बाहर मयूर विहार के लगभग 100 पार्टी कार्यकर्ताओं के एक समूह, पार्टी की महिला मोर्चा और युवा मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ प्रदर्शन किया और केजरीवाल के इस्तीफे की मांग की। काले कपड़े पहने भाजपा कार्यकर्ता विधानसभा प्रवेश द्वार पर एकत्र हो गए और नारेबाजी करने लगे।

मेरे पति 28 मार्च को सच्चाई बताएंगे : सुनीता

अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने कहा कि ईडी के कई छापों में एक पैसा भी नहीं मिला और उनके पति 28 मार्च को अदालत में कथित आबकारी नीति घोटाले में 'बड़ा खुलासा' करेंगे। उन्होंने कहा कि दो साल की जांच के बावजूद ईडी को केवल 73,000 रुपये मिले। मेरे पति ने हिरासत में रहते हुए जल मंत्री आतिशी को निर्देश जारी किए। केंद्र को इससे दिक्कत थी। क्या वे दिल्ली को बर्बाद करना चाहते हैं? उन्होंने कहा कि उनके पति इस मुद्दे को लेकर बहुत दुखी हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल एक बहादुर और सच्चे व्यक्ति हैं और उनका संकल्प मजबूत है।

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	टाई	अंक	रन रेट
चेन्नई सुपरकिंग्स	02	02	00	00	04	+1.979
राजस्थान रॉयल्स	01	01	00	00	02	+1.000
सनराइजर्स हैदराबाद	02	01	01	00	02	+0.675
कोलकाता नाइट राइडर्स	01	01	00	00	02	+0.200
पंजाब किंग्स	02	01	01	00	02	+0.025
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु	02	01	01	00	02	-0.180
गुजरात टाइटंस	02	01	01	00	02	-1.425
दिल्ली कैपिटल्स	01	00	01	00	00	-0.455
मुंबई इंडियंस	02	00	02	00	00	-0.925
लखनऊ सुपर जायंट्स	01	00	01	00	00	-1.000

खेल डायरी

बोपन्ना-एबडेन मियामी ओपन के सेमीफाइनल में

मियामी गार्डन्स (अमेरिका)। भारत के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के उनके जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन ने यहां मियामी ओपन में नीदरलैंड के सेम वर्बीक और ऑस्ट्रेलिया के जॉन-पैट्रिक स्मिथ को हराकर साल के तीसरे पुरुष युगल सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब जीतने वाले बोपन्ना और एबडेन ने पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए 3-6 7-6 10-7 से जीत दर्ज की। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी बोपन्ना को इस जीत से एटीपी युगल रैंकिंग में शीर्ष 10 में रहने और जुलाई-अगस्त में पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में मदद मिलेगी।

मुख्य कोच के लिए ल्यूक रोंची के संपर्क में पीसीबी

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) राष्ट्रीय टीम के नए मुख्य कोच के लिए ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ल्यूक रोंची से बात कर रहा है। पीसीबी के एक सूत्र ने बुधवार को बताया कि 42 वर्षीय रोंची के साथ 'विस्तृत चर्चा' हुई। रोंची पाकिस्तान सुपर लीग टीम इस्लामाबाद यूनाईटेड के भी कोच रहे हैं। सूत्र ने कहा, ''कोई भी बड़ा कोच पीसीबी के लिए काम करने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहा है क्योंकि उनमें से ज्यादातर पहले से ही विभिन्न लीग के साथ प्रतिबद्ध हैं या उन्हें पाकिस्तान क्रिकेट में काम करने को लेकर आशंका है इसलिए कोच की तलाश रोंची तक पहुंची है।''

जोकोविच ने कोच इवानिसेविच से नाता तोड़ा

लंदन। शीर्ष रैंकिंग के टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने 2018 से उनके कोच रहे गोरान इवानिसेविच से अलग होने का फैसला किया है। इवानिसेविच के साथ रहते हुए सर्बिया के खिलाड़ी जोकोविच ने 12 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं। जोकोविच रिकॉर्ड 24 खिताब के साथ पुरुष वर्ग में सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम जीतने वाले खिलाड़ी हैं। जोकोविच ने बुधवार को 'इंस्टाग्राम' पर लिखा कि उन्होंने 'कुछ दिन पहले से' इवानिसेविच के साथ काम करना छोड़ दिया था। जोकोविच ने लिखा, ''कोर्ट पर हमारे रिश्तों में कई उतार-चढ़ाव रहे लेकिन हमारी दोस्ती हमेशा काफी मजबूत रही।''

सिंधू की मैड्रिड मास्टर्स में विजयी शुरुआत

मैड्रिड। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू बुधवार को यहां कनाडा की वेन यू झांग पर सीधे गेम में जीत के साथ मैड्रिड स्पेन मास्टर्स के दूसरे दौर में पहुंच गईं। पिछले सत्र में इस टूर्नामेंट की उपविजेता रहीं सिंधू ने विश्व रैंकिंग में 49वें स्थान पर काबिज झांग को एकतरफा मुकाबले में 21-16, 21-12 से शिकस्त दी। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू का अगला मुकाबला चीनी ताइपे की हुआंग यू-हसुन से होगा। लगभग आधे घंटे तक चले इस मुकाबले की शुरुआत में झांग ने सिंधू पर 4-2 की बढ़त बनायी। दोनों खिलाड़ियों ने इसके बाद एक-दूसरे को पछाड़ना जारी रखा और स्कोर एक समय 14-14 की बराबरी पर था। सिंधू ने इसके बाद कनाडा की खिलाड़ी को ज्यादा मौके नहीं दिये।

श्रीजेश एफआईएच एथलीट समिति में बने सह-अध्यक्ष

लुसाने। भारतीय टीम के दिग्गज गोलकीपर पीआर श्रीजेश और चिली महिला टीम की डिफेंडर कैमिला कैरम को अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ की नयी एफआईएच एथलीट समिति के सह-अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है। यह जोड़ी एफआईएच में खिलाड़ियों के दृष्टिकोण को रखेगी। एफआईएच एथलीट समिति एक सलाहकार निकाय के रूप में कार्य करती है। यह एफआईएच कार्यकारी बोर्ड, एफआईएच समितियों, सलाहकार पैनलों और अन्य निकायों को सिफारिशें करती है। एफआईएच अध्यक्ष तैय्यब इकराम ने नियुक्तियों के बाद एक विज्ञप्ति में कहा, ''खिलाड़ी हमेशा एफआईएच के सभी खेल प्रयासों के केंद्र में रहे हैं।''

कोच स्टिमक को हटाने की मांग उठी

कोलकाता। निचली रैंकिंग की अफगानिस्तान के खिलाफ 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर में भारत की 1-2 की शर्मनाक हार के बाद पूर्व फुटबॉल खिलाड़ियों ने मुख्य कोच इगोर स्टिमक को हटाने की मांग की है। भारत के करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री ने अपने 150वें मैच में 94वां अंतरराष्ट्रीय गोल दागा लेकिन इसके बावजूद घरेलू टीम विश्व रैंकिंग में 158वें स्थान पर काबिज अफगानिस्तान से मंगलवार को गुवाहाटी में हार गयी। भारत के पूर्व डिफेंडर गौरमांगी सिंह का मानना है कि भारतीय ड्रेसिंग रूम में कुछ गड़बड़ है, जबकि पूर्व फॉरवर्ड दीपेंदु विश्वास ने इस शर्मनाक प्रदर्शन के लिए स्टिमक के टीम चयन की आलोचना की और उन्हें तत्काल बाहर करने की मांग की।



ट्रेविस हेड

अभिषेक शर्मा



हेनरिक क्लासेन

हेड, अभिषेक-क्लासेन के तूफान में उड़ी मुंबई

सनराइजर्स हैदराबाद ने मुंबई इंडियंस को 31 रनों से हराया, हैदराबाद की ओर से मैच में 18 छक्के और 19 चौके लगाए गए

हैदराबाद, एजेंसी

चोटी के बल्लेबाजों की तूफानी पारियों के दम पर रिकॉर्ड स्कोर बनाने वाले सनराइजर्स हैदराबाद ने बुधवार को यहां मुंबई इंडियंस को 31 रन से हराकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में अपना खाता खोला। सनराइजर्स हैदराबाद के तीन विकेट पर 277 रनों के जवाब में मुंबई की टीम ने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन टीम पांच विकेट पर 246 रन ही बना पाई।

सनराइजर्स की तरफ से ट्रेविस हेड ने 24 गेंद पर नौ चौकों और तीन छक्कों की मदद से 62 रन बनाए जबकि अभिषेक शर्मा ने 23 गेंद पर 63 रन बनाए जिसमें तीन चौके और सात छक्के शामिल हैं। इन दोनों के आउट होने के बाद हेनरिक क्लासेन (34 गेंद पर नाबाद 80 रन, चार चौके, सात छक्के) और एडेन मार्कराम (28 गेंद पर नाबाद 42, दो चौके, एक छक्का) ने 55 गेंद पर 116 रन की अटूट साझेदारी की। मुंबई ने भी तेज शुरुआत की। उसकी तरफ से तिलक वर्मा ने 34 गेंद पर सर्वाधिक 64 रन बनाए जिसमें दो चौके और छह छक्के शामिल हैं। टिम डेविड ने 22 गेंद पर नाबाद 42 रन बनाकर हार का अंतर कम किया। मुंबई ने भी पावर प्ले में दो विकेट पर 76 रन बनाए लेकिन इस बीच उसने दोनों सलामी बल्लेबाज इशान किशन (13 गेंद पर 34 रन) और रोहित शर्मा (12 गेंद पर 26 रन) के विकेट गंवाए जिन्होंने परिस्थितियों के अनुरूप ताबड़तोड़ शुरुआत की। रोहित ने अपनी पारी में तीन जबकि किशन ने चार छक्के लगाए जिसने भुवनेश्वर कुमार के एक ओवर में लगाए गए तीन छक्के भी शामिल हैं। मुंबई की टीम भी आठवें ओवर में 100 रन के पार पहुंचने में सफल रही। वर्मा ने शाहबाज अहमद के एक ओवर में तीन छक्के लगाए जिससे मुंबई 10 ओवर के बाद दो विकेट पर 141 रन बनाकर अच्छी स्थिति में था। वर्मा ने जयदेव उनादकट पर चौका लगाकर 24 गेंद पर अपना अर्ध शतक पूरा किया। उन्होंने नमन धीर (14 गेंद पर 30 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 86 रन की साझेदारी की। कप्तान हार्दिक पंड्या (20 गेंद पर 24 रन) ने मयंक मार्कंडेय पर छक्का और चौका लगाकर शुरुआत की।

तेंदुलकर ने रोहित को 200 नंबर की जर्सी दी उपहार

हैदराबाद, एजेंसी। दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मुंबई इंडियंस के लिए 200वें मैच खेल रहे रोहित शर्मा को 200 नंबर लिखी जर्सी उपहार में दी है। आज यहां आईपीएल के आठवें मुकाबले में मुंबई इंडिया की ओर से सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेलने मैदान में उतरे ही रोहित शर्मा मुंबई के लिए 200वां मैच खेलने वाले पहले खिलाड़ी बन गये है। मैच से पहले सचिन ने रोहित को 200 नवंबर की जर्सी भेंट करते हुए उनके शानदार करियर के लिए बधाई दी। रोहित शर्मा ने आईपीएल में कुल 245 मुकाबले खेले हैं। उन्होंने कुल छह हजार से भी ज्यादा रन बनाए हैं।

हैदराबाद 277/3 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 19

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
मयंक अग्रवाल का डेविड बो हार्दिक	11	13	1/0
ट्रैविस हेड का नमन धीर बो कोएत्जी	62	24	9/3
अभिषेक शर्मा का नमन धीर बो चावला	63	23	3/7
एडन मार्कराम नाबाद	42	28	2/1
हेनरिक क्लासेन नाबाद	80	34	4/7

गेंदबाजी : मफाका 4-0-66-0, हार्दिक 4-0-46-1, बुमराह 4-0-36-0, कोएत्जी 4-0-57-1, चावला 2-0-37-1, मुलानी 2-0-33-0

मुंबई 246/5 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 11

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
रोहित शर्मा कैच अभिषेक बोल्ड कमिंस	26	12	1/3
ईशान किशन कैच मारक्रम बोल्ड शाहबाज	34	13	2/4
नमन धीर कैच कमिंस बोल्ड उनादकट	30	14	2/2
तिलक वर्मा कैच मयंक बोल्ड कमिंस	64	34	2/6
हार्दिक पांड्या कैच क्लासन बोल्ड उनादकट	24	20	1/1
टिम डेविड नाबाद	42	22	2/3
रोमारियो शेफर्ड नाबाद	15	06	2/1

गेंदबाजी : भुवनेश्वर कुमार 3-0-53-0, जयदेव उनादकट 4-0-47-2, शाहबाज अहमद 3-0-39-1, पैट कमिंस 4-0-35-2, उमरान मलिक 1-0-15-0, मयंक मार्कंडेय 4-0-52-0

रॉयल्स के खिलाफ सत्र की पहली जीत दर्ज करने उतरेगी दिल्ली

जयपुर, एजेंसी

दिल्ली कैपिटल्स गुरुवार को यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल सत्र की पहली जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगा तो सभी की नजरें कप्तान ऋषभ पंत पर टिकी होंगी जबकि टीम को बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

गंभीर कार दुर्घटना के कारण 453 दिन बाहर रहने के बाद पंत पंजाब किंग्स के खिलाफ मुल्लांपुर में उनके नए घरेलू मैदान पर वापसी करते हुए सिर्फ 13 गेंद (18 रन) टिक पाए थे। पंत ने हालांकि विकेट के पीछे प्रभावित किया और जितेश शर्मा को स्टंप भी किया। अपने पहले मैच की शुरुआती घबराहट से उबरने के बाद पंत जल्द ही लय हासिल करने को बेताब होंगे क्योंकि उन्हें ट्रेंट बोल्ट, रविचंद्रन अश्विन और युजवेंद्र चहल जैसे अनुभवी गेंदबाजों का सामना करना है। मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने पहले मैच में डेविड वार्नर और मिशेल मार्श से पारी का आगाज कराने का विकल्प चुना था जिससे कि यह जोड़ी पर्याप्त रन बनाकर मध्य क्रम में पंत के ऊपर से दबाव कम कर दे। ये दोनों हालांकि अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रहे और दबाव पंत पर आ गया। विकेटकीपर बल्लेबाज अभिषेक पोरेल ने हालांकि नाबाद 32 रन की तेजतर्रार पारी खेली जिससे दिल्ली की टीम एक समय सात विकेट पर 138 रन बनाकर मुश्किल में घिरी होने के बावजूद नौ विकेट पर 174 रन का सम्मानजनक स्कोर खड़ा करने में सफल रही।

राजस्थान रॉयल्स : संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, अवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोस बटलर, कुलदीप सेन, कुणाल सिंह राठौड़, नंद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, प्रसिद्ध कृष्णा, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पॉवेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और तनुष कोटियान।

दिल्ली कैपिटल्स : ऋषभ पंत (कप्तान), डेविड वार्नर, पृथ्वी साव, यश धुल, अभिषेक पोरेल, अक्षर पटेल, ललित यादव, मिशेल मार्श, प्रवीण दुबे, विक्की ओस्तवाल, एनरिक नोर्किया, कुलदीप यादव, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, खलील अहमद, इशांत शर्मा, मुकेश कुमार, ट्रिस्टन स्टब्स, रिकी भुई, कुमार कुशाग्र, रसिख डार, झाय रिचर्डसन, सुमित कुमार, स्वास्तिक चिकारा और शाई होप।

समय : मैच शाम सात बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।

शुभमन गिल पर धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख का जुर्माना

चेन्नई। गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान टीम की धीमी ओवर गति के लिए बुधवार को 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। आईपीएल के एक बयान में कहा गया, ''आईपीएल की न्यूनतम ओवर गति से संबंधित आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सत्र का पहला अपराध था इसलिए गिल पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।'' गिल की अगुवाई वाली टीम को पहली हार का सामना करना पड़ा जब मंगलवार को यहां गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स ने उसे 63 रन से हरा दिया। पहली बार किसी आईपीएल फ्रेंचाइजी का नेतृत्व कर रहे गिल की अगुआई में टाइटंस ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ पहला मैच छह रन से जीता था।

फिर कप्तान बन सकते हैं बाबर आजम : सूत्र

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को राष्ट्रीय टीम का नेतृत्व करने के लिए शान मसूद और शाहीन शाह अफरीदी की क्षमता पर भरोसा नहीं रह गया है और उसे लगता है कि पूर्व कप्तान बाबर आजम एक बार फिर टीम की कप्तानी के लिए सर्वश्रेष्ठ विकल्प हैं। पिछले साल भारत में एकदिवसीय विश्व कप के दौरान पाकिस्तान के ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाने के बाद बाबर ने सभी प्रारूपों में टीम की कप्तानी छोड़ दी थी। मसूद को जहां टेस्ट टीम का कप्तान नियुक्त किया गया तो वहीं शाहीन को टी20 टीम का कप्तान बनाया गया।

पीसीबी थिंक टैंक के सूत्रों ने कहा कि बोर्ड इस निष्कर्ष पर पहुंचा है कि कोई व्यावहारिक विकल्प उपलब्ध नहीं होने के कारण बाबर फिर से टीम का नेतृत्व करने के लिए सबसे अच्छा विकल्प हैं। एक सूत्र ने बताया, ''मजेदार बात यह है कि ऐसा प्रतीत होता है कि बोर्ड के अध्यक्ष में बदलाव के साथ ही पदाधिकारियों ने टेस्ट और टी20 प्रारूपों में राष्ट्रीय टीम का नेतृत्व करने की शान मसूद और शाहीन शाह अफरीदी की क्षमता पर भरोसा खो दिया है।''

बॉलीवुड हलचल

'गेमचेंजर' के लिए सुपरस्टार रामचरण ने ली 100 करोड़ फीस



मुंबई, एजेंसी। आरआरआर जैसी ब्लॉकबस्टर मूवी देने वाले साउथ के सुपरस्टार राम चरण अपना 39वां जन्मदिन मना रहे हैं। राम चरण साउथ फिल्मों के उन सितारों में से हैं, जिन पर अपने पिता का स्टारडम हावी नहीं हुआ और उन्होंने अपनी अलग पहचान बनाई। उन पर फिल्माया गए गाने नाटू नाटू ने 2023 में ऑस्कर जीता था। आरआरआर में काम करने के लिए उन्हें डायरेक्टर एसएस राजामौली ने 45 करोड़ रु. फीस दी थी। मगर अपनी अगली फिल्म 'गेम चेंजर' के लिए रामचरण 100 करोड़ फीस चार्ज कर रहे हैं। वैसे, रामचरण की गिनती साउथ के सुपरस्टार्स में होती है, लेकिन उन्होंने बॉलीवुड की एक ही फिल्म की है। रामचरण ने 2007 में पुरी जगन्नाथ की फिल्म 'चिरुथा' से करियर की शुरुआत की थी। इस फिल्म में उन्होंने चरण नाम के युवक की भूमिका निभाई थी जो अपने माता-पिता के हत्यारों को खोज रहा होता है। फिल्म के डायरेक्टर और राइटर पुरी जगन्नाथ थे। इसमें नेहा शर्मा, प्रकाश राज, आशीष विद्यार्थी भी नजर आए थे। पहली ही फिल्म में रामचरण बेस्ट मेल डेब्यू का फिल्मफेयर साउथ अवॉर्ड जीतने में कामयाब रहे थे।

कपिल से विवादों पर सुनील ने सात साल बाद तोड़ी चुप्पी

मुंबई, एजेंसी। 'द कपिल शर्मा शो' में गुत्थी और डॉक्टर गुलाटी का रोल प्ले करने वाले सुनील ग्रोवर जल्द ही कपिल शर्मा के साथ स्क्रीन स्पेस एक बार फिर से शेयर करते हुए नजर आने वाले हैं। दोनों ने नेटफ्लिक्स के शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के जरिए पर्दे पर लंबे समय के बाद वापसी कर रहे हैं। इन्हें साथ में देखने के लिए फैंस बेताब हैं। सात साल पहले फ्लाइट में झगड़ना होने की वजह से इनके बीच मनमुटाव हो गया था, जिसके बाद कॉमेडियन ने कपिल का शो छोड़ दिया था। ऐसे में अब वापसी और विवादों पर सुनील ग्रोवर ने रिएक्शन दिया है। चलिए बताते हैं उन्होंने क्या कुछ कहा। दरअसल, 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का हाल ही में प्रीमियर रखा गया था, जिसमें कपिल और सुनील साथ में पहुंचे थे। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में विवादित लड़ाई के बारे में दोनों ने खुलकर बात की थी। इस दौरान कॉमेडियन सुनील ग्रोवर ने कपिल के साथ अपनी लड़ाई का मजाक उड़ाया। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि इसकी सालों पहले प्लानिंग बना ली गई थी। सुनील ग्रोवर ने कहा कि वो जब फ्लाइट में बैठे तो उन्हें पता चला कि नेटफ्लिक्स इंडिया आ रहा है तो कुछ पब्लिसिटी स्टंट हो।

अदिति राव हैदरी ने साउथ एक्टर सिद्धार्थ से रचाई शादी

मुंबई, एजेंसी। साउथ एक्टर सिद्धार्थ और अदिति राव हैदरी ने शादी कर ली है। दोनों ने तेलंगाना के श्री रंगानायक स्वामी मंदिर में शादी रचाई है। हालांकि अभी तक फोटोज सामने नहीं आई हैं। ग्रेट आंध्र की एक रिपोर्ट के मुताबिक, सिद्धार्थ और अदिति राव हैदरी ने तेलंगाना के श्रीरंगापुरम जिले के रंगानायक स्वामी मंदिर में गुपचुप तरीके से शादी की है। दोनों पिछले कई साल से एक दूसरे को डेट कर रहे थे। सिद्धार्थ और अदिति ने एक साथ 2021 की तमिल-तेलुगु फिल्म महासमुद्रम में काम किया था। तभी से इन दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ गईं। सिद्धार्थ ने बॉलीवुड की फेमस फिल्मों जैसे रंग दे बसंती और चश्मेबद्दूर में काम किया है। अदिति राव हैदरी साउथ के साथ हिंदी फिल्मों की भी जानी-मानी एक्ट्रेस हैं। उन्होंने पद्मावत, बॉस, रॉकस्टार और मर्डर-3 जैसी फिल्मों में काम किया है। अदिति का जन्म 28 अक्टूबर 1986 को हैदराबाद में एहसान हैदरी और विद्या राव के घर हुआ था। अदिति हैदराबाद के निजाम रहे मो. साहेल अकबर हैदरी की पड़पोती हैं। अदिति के नाना राजा जे.रामेश्वर राव तेलंगाना के वनापर्थी के राजा थे। अदिति ने अपने करियर की शुरुआत बतौर भरतनाट्यम डांसर के तौर पर की थी। उन्होंने फेमस भरतनाट्यम डांस लीला सैमसन के डांस ग्रुप में भी काम किया था। यहां काम करने के बाद उन्होंने एक्टिंग की तरफ रुख किया था। उन्होंने पहली बार 2007 की तमिल फिल्म श्रृंगारम में एक्टिंग की थी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने,बरेली,पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

जज रितु ने लोकपाल के न्यायिक सदस्य के रूप में ली शपथ

नई दिल्ली। न्यायमूर्ति रितु राज अवस्थी ने बुधवार को लोकपाल के न्यायिक सदस्य के रूप में शपथ ली। लोकपाल के अध्यक्ष न्यायमूर्ति ए. एम. खानविलकर ने उन्हें शपथ दिलाई। भारतीय लोकपाल कार्यालय में आयोजित समारोह में पंकज कुमार और अजय तिर्की ने भी लोकपाल सदस्य के रूप में शपथ ली। बता दें, नई नियुक्तियां न्यायमूर्ति पी.के. मोहंती और न्यायमूर्ति अभिलाषा कुमारी व अन्य का 26 मार्च को कार्यकाल पूरा होने के बाद की गईं हैं। अवस्थी ने हिजाब पर फैसला सुनाने वाली कर्नाटक हाईकोर्ट की पीठ का नेतृत्व किया था। इससे पहले अवस्थी विधि आयोग के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत थे।

भारत के विरोध के बाद भी अमेरिका ने कहा केजरीवाल मामले पर नजर रखना जारी रखेंगे

न्यूयॉर्क, एजेंसी

- अमेरिक ने कहा-कांग्रेस के बैंक खातों को सीज करने के मामलों पर भी रखे हुए है करीबी नजर

भारत की तरफ से विरोध दर्ज कराए जाने के बावजूद अमेरिका बाज नहीं आया। अमेरिका ने फिर कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और कांग्रेस के बैंक खातों को सीज करने के मामलों पर वह करीबी नजर रखे हुए है।

राजनयिक को तलब करने पर अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा, हमें नहीं लगता कि किसी को इस पर आपत्ति होनी चाहिए। मिलर विदेश मंत्रालय की प्रेस वार्ता के के दौरान नई दिल्ली में अमेरिकी दूतावास के कार्यवाहक उपप्रमुख ग्लोरिया बरबेना को तलब करने के बाद उन्होंने कहा, हम कांग्रेस पार्टी के आरोपों से भी अवगत हैं कि कर अधिकारियों ने उनके कुछ बैंक खातों को इस तरह से फ्रीज कर दिया है कि आगामी चुनावों में प्रभावी ढंग से प्रचार करना चुनौतीपूर्ण हो जाएगा। मिलर ने कहा, हम दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी सहित इन कार्रवाइयों पर बारीकी से नजर रखना जारी रखेंगे। मिलर ने कहा, आपके पहले प्रश्न के संबंध में, मैं किसी निजी राजनयिक बातचीत के बारे में बात नहीं करने जा रहा हूं, लेकिन निश्चित रूप से, हमने सार्वजनिक रूप से जो कहा है, वही मैंने यहां से कहा है, कि हम निष्पक्ष, पारदर्शी, समय पर कानूनी प्रक्रियाओं को प्रोत्साहित करते हैं। हमें नहीं लगता कि किसी को इस पर आपत्ति होनी चाहिए। यही बात हम निजी तौर पर स्पष्ट कर देंगे। भारत ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर अमेरिकी विदेश विभाग के एक अधिकारी की टिप्पणी को लेकर बुधवार को अमेरिका की एक वरिष्ठ राजनयिक को तलब किया और कड़ा विरोध दर्ज कराया। भारतीय विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने अमेरिकी मिशन की कार्यवाहक उप प्रमुख ग्लोरिया बर्बेना को साउथ ब्लॉक स्थित कार्यालय में तलब किया था। बैठक 30 मिनट से ज्यादा चली।

लोकसभा में बीते पांच साल में कुल 222 विधेयक पास

संसद में हंगामे अक्सर सुर्खियां बटोरते हैं। देश की विधायिका पर बड़ा दारोमदार कानून बनाना और इसके लिए विधेयकों पर चर्चा के बाद इन्हें संसद के दोनों सदनों से पारित कराना है। कानूनों में संशोधन की प्रक्रिया भी संसद से होकर गुजरती है। खास बात ये कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की सरकार ने बीते एक दशक में हजारों पुराने कानूनों को खत्म करने का दावा किया है। ताजा घटनाक्रम में एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म (एडीआर) की रिपोर्ट के मुताबिक 17वीं लोकसभा में 222 विधेयक पारित कराए गए। बीते पांच साल के दौरान 222 में से 45 विधेयक ऐसे हैं जो उसी दिन पारित हो गए जिस दिन इन विधेयकों को सदन में पेश किया गया।

45 विधेयकों को पेश किए जाने वाले दिन ही मंजूरी दी गई

एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक जिन 45 विधेयकों को मंजूरी दी गई है इनमें विनियोग (लेखानुदान) विधेयक, विनियोग विधेयक, जम्मू-कश्मीर विनियोग (नंबर-दो) विधेयक, केंद्रीय वस्तु और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2023 और चुनाव कानून (संशोधन) विधेयक, 2021 जैसे बिल शामिल हैं। एडीआर की इस रिपोर्ट में 17वीं लोकसभा के दौरान हुए विधायी कामकाज का विश्लेषण किया गया है।

11 विधेयक वापस लिए गए, सांसदों के औसत प्रदर्शन का भी आकलन हुआ

17वीं लोकसभा के पांच साल के कार्यकाल में 240 बिल पेश किए गए। इनमें से 222 पारित हुए। इसके अलावा 2019 से 2024 की अवधि में 11 बिल वापस ले लिए गए। छह विधेयक लंबित हैं। केवल एक विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी मिली। सांसदों के प्रदर्शन को लेकर एडीआर ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि एक सांसद ने औसतन 165 सवाल पूछे। सदन की कुल 273 बैठकों में से 189 में भाग लिया। छत्तीसगढ़ के सांसदों की औसत उपस्थिति सबसे अधिक रही। राज्य के 11 सांसदों ने 273 बैठकों में से 216 में भाग लिया। सबसे कम के पैमाने पर अरुणाचल प्रदेश रहा। यहां के सांसद की औसत उपस्थिति सबसे कम रही। अरुणाचल से निर्वाचित दो सांसदों ने केवल 127 बैठकों में भाग लिया।

चीन से सैनिकों की पारंपरिक तैनाती पर ही संबंध सामान्य होंगे: एस. जयशंकर

मलयेशिया दौरे पर बोले विदेश मंत्री, भारतवासियों की सुरक्षा करना पहला कर्तव्य

कुआलालंपुर, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर अपनी बेबाक टिप्पणियों के लिए सुर्खियों में रहते हैं। जयशंकर ने भारत और चीन के द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य बनाने की शर्तों पर एक अहम टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि चीन के साथ रिश्ते केवल तभी सामान्य होंगे, जब दोनों देशों के सैनिक अपनी पारंपरिक तैनाती पर वापस जाएंगे।

विदेश मंत्री ने कहा कि बीजिंग के साथ संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए भी यही शर्त होगी। जयशंकर ने मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में कहा, 'भारतवासियों के प्रति मेरा पहला कर्तव्य सीमा की सुरक्षा करना है। मैं इस पर कभी समझौता नहीं कर सकता। जयशंकर बोले, हर देश अपने पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध चाहता है। हर रिश्ते को किसी न किसी आधार पर स्थापित करना पड़ता है। हम अभी भी चीनियों के साथ बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा-भारत-चीन के बीच एक समझौता था। वास्तविक नियंत्रण रेखा पर सेना न लाने की परंपरा है। दोनों देशों के सैन्यबेस कुछ ही दूरी पर हैं। ये हमारी पारंपरिक तैनाती की जगह है। हम वैसी ही सामान्य स्थिति चाहते हैं।

कुआलालंपुर में मलेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम के साथ मौजूद जयशंकर।

जयशंकर ने मलयेशियाई पीएम से की मुलाकात

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को मलयेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम से मुलाकात की। जयशंकर ने कहा कि इससे भारत और मलेशिया संबंधों को मजबूत करने में मदद मिलेगी। सोशल मीडिया पोस्ट साझा करते हुए उन्होंने कहा कि मलयेशिया के प्रधानमंत्री से मुलाकात करना सम्मान की बात है। जयशंकर ने बुधवार को सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, मलेशिया के प्रधानमंत्री से मुलाकात सम्मान की बात है। पारंपरिक और नए युग दोनों क्षेत्रों में मजबूत भारत-मलयेशिया संबंधों के लिए उनका दृष्टिकोण, हमें रिश्ते के लिए एक अधिक महत्वाकांक्षी एजेंडा तैयार करने में मदद करेगा। क्षेत्रीय विकास पर उनके मार्गदर्शन और अंतर्दृष्टि से लाभ हुआ है।

पूर्वी लद्दाख में सैना की तैयारी का स्तर ऊंचा : सेना प्रमुख

सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने बुधवार को कहा कि पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ लगभग चार साल से चल रहे सीमा विवाद पर भारतीय सेना की नजर बनी हुई है। हमारी तैयारी बहुत उच्च स्तर की है। जनरल मनोज पांडे बुधवार को टाइम्स नाउ समिट में पहुंचे थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान में मौजूद मुद्दे का समाधान केवल बातचीत के जरिए ही निकाला जा सकता है। उन्होंने कहा कि हम हर तरह से तैयार हैं। किसी भी ऑपरेशन के लिए हमारी तैयारियां उच्च स्तर की हैं। पूरे एलएसी पर (3488 किमी बॉर्डर) पर हमारी (सेना) तैनाती मजबूत है और संतुलित है। हमने यह भी सुनिश्चित किया है कि आपातकाल से निपटने के लिए हमारे पास पर्याप्त भंडार है। हमारा रिस्पॉन्स मैकेनिज्म भी मजबूत है। उन्होंने कहा कि पूर्वी लद्दाख की स्थिति पर हमने सेना और डिप्लोमैट स्तर बातचीत की है। अब तक 21 दौर की चर्चा हो चुकी है। डिप्लोमैट स्तर पर वर्किंग मैकेनिज्म फॉर कंसल्टेशन एंड कोऑर्डिनेट (डब्ल्यूएमसीसी) के जरिए भारत-चीन सीमा विवाद पर 2020 की घटना के बाद कई दौर की चर्चा हुई है। 30 नवंबर 2023 को डब्ल्यूएमसीसी की 28वीं मीटिंग हुई थी।

केंद्रीय विवि की छात्रा से दुष्कर्म के आरोप में प्रोफेसर गिरफ्तार

शिमला। हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में छात्रा से बलात्कार के आरोप में केंद्रीय विश्वविद्यालय के एक प्रोफेसर को गिरफ्तार किया गया है। शोधार्थी छात्रा ने अपने ही प्रोफेसर पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। छात्रा की शिकायत के आधार पर शाहपुर पुलिस थाना में प्रोफेसर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

बुधवार को आरोपी केमिस्ट्री' के प्रोफेसर राजेंद्र कुमार (44) को गिरफ्तार कर लिया गया है। एएसपी कांगड़ा बीर बहादुर ने पुष्टि करते हुए बताया कि छात्रा ने अपनी शिकायत में बताया है प्रोफेसर ने शाहपुर के एक निजी होटल में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज करके प्रोफेसर को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रोफेसर को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 30 मार्च तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। वहीं दुष्कर्म को लेकर विद्यार्थियों ने सीयू परिसर में तालाबंदी कर प्रदर्शन किया। विद्यार्थी आरोपी प्रोफेसर को निलंबित करने की मांग पर अड़े रहे। वहीं, विवि प्रशासन ने आरोपी प्रोफेसर को निलंबित कर दिया है।

राजनीतिक इच्छाशक्ति हो तो दुश्मन के घर में कार्रवाई कर सकती है वायुसेना: वीआर चौधरी

- वायुसेना प्रमुख बोले- भारत को भविष्य के लिए अभी से तैयार रहने की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली में बुधवार को आयोजित सेमिनार में मौजूद एयर मार्शल अनिल चोपड़ा और वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी

वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने बुधवार को कहा कि बालाकोट जैसे अभियानों ने साफ कर दिया है कि राजनीतिक इच्छाशक्ति हो तो दुश्मन की सीमा से परे जाकर हवाई ताकत दिखाई जा सकती है।

'भविष्य के संघर्षों में हवाई शक्ति' विषय पर एक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए वायुसेना प्रमुख ने कहा कि जैसे-जैसे देश तेजी से अंतरिक्ष-आधारित संसाधनों पर निर्भर हो रहे हैं, अंतरिक्ष का सैन्यीकरण अपरिहार्य वास्तविकता बन गई है। वायुसेना ने 14 फरवरी को हुए पुलवामा आतंकी हमले के जवाब में 26 फरवरी, 2019 को पाकिस्तान के बालाकोट इलाके में जैश-ए-मोहम्मद के एक आतंकी प्रशिक्षण शिविर पर हमला बोला था। पाकिस्तान की वायुसेना ने अगले दिन ही जम्मू-कश्मीर में अनेक सैन्य प्रतिष्ठानों पर निशाना साधा था, लेकिन वे असफल रहे थे। उन्होंने कहा, मानव इतिहास में आकाश को अक्सर आश्चर्य और अन्वेषण का क्षेत्र माना गया है। यहां सपने उड़ान भरते हैं और सीमाएं विशाल नीले विस्तार में विलीन हो जाती हैं।

केरल के मुख्यमंत्री की बेटी के खिलाफ ईडी ने दर्ज किया केस

तिरुवनंतपुरम। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने केरल के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन की बेटी वीणा विजयन, उनकी आईटी कंपनी और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया है। सूत्रों के अनुसार, एजेंसी ने धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है और सभी लोगों के खिलाफ समन जारी होने की संभावना है। केंद्रीय कॉर्पोरेट मंत्रालय की जांच शाखा, गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय (एसएफआईओ) द्वारा शिकायत दर्ज करने के बाद ईडी ने केस दर्ज किया है। यह मामला आयकर विभाग की जांच से निकला है। आयकर विभाग ने बताया कि कोचीन मिनरल्स एंड रूटाइल लिमिटेड (सीएमआरएल) नाम की एक प्राइवेट कंपनी ने वीणा पिनरई की कंपनी को 2018 से 2019 के बीच 1.72 करोड़ रुपये का अवैध भुगतान किया। बता दें कि कर्नाटक हाई कोर्ट ने पिछले महीने एसएफआईओ द्वारा शुरू की गई जांच के खिलाफ एक्सलॉजिक सॉल्यूशंस द्वारा दायर याचिका खारिज कर दी थी। सीपीआई (एम) के प्रदेश सचिव एम वी गोविंदन ने ईडी की आलोचना की। उन्होंने पूछा कि क्या एजेंसी की कोई विश्वसनीयता है।

एक नजर

अरुणाचल में एक वोट के लिए 39 किमी पैदल सफर करेंगे अफसर

ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश के मालोगम में 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के वोटिंग के लिए पोलिंग अफसरों की टीम सिर्फ एक वोट लेने जाएगी। इसके लिए वे 39 किमी पैदल सफर करेंगे। चीन सीमा के पास स्थित मालोगम में सिर्फ एक महिला वोटर है। 44 साल की महिला का नाम सोकेला तायांग है। अधिकारियों ने बताया कि मालोगम में गिने-चुने परिवार रहते हैं। सोकेला को छोड़कर सभी का नाम दूसरे मतदान केंद्र पर दर्ज है। सोकेला किसी अन्य मतदान केंद्र पर नहीं जाना चाहती हैं। उनका वोट लेने के लिए अफसरों, सुरक्षाकर्मियों के साथ एक पोलिंग टीम हेयुलियांग से दुर्गम पहाड़ी इलाकों से होते हुए मालोगम जाएगी। चुनाव अधिकारी ने बताया कि हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि सभी लोगों अपनी बात कहने का मौका मिले।

मादक पदार्थ के साथ पूर्व अंतर्राष्ट्रीय पहलवान समेत दो गिरफ्तार

नई दिल्ली। हिमाचल प्रदेश से तस्करी कर चरस लाने और उसे यहां बेचने के आरोप में दिल्ली पुलिस ने एक पूर्व अंतर्राष्ट्रीय पहलवान सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि आरोपी मर्सिडीज कार में ले जा रहे 10 लाख रूपये और 350 ग्राम चरस बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान पूर्व पहलवान हनुमंते (30) और अदनान अहमद (32) के रूप में की गई। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध शाखा) संजय भाटिया ने बताया कि दोनों आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है।

कश्मीर में अंजी ब्रिज पर रेल ट्रैक बिछाने का काम जारी

श्रीनगर। कश्मीर को देश से जोड़ने वाले अंजी ब्रिज का निर्माण लगभग पूरा हो गया है। यहां पर रेलवे ट्रैक बिछाने का काम जारी है। इस ब्रिज का निर्माण अंजी नदी पर किया गया है, जो चिनाब की एक सहायक नदी है। नदी के तल से लगभग 331 मीटर ऊपर लटके इस पुल का नजारा बेहद खूबसूरत है। इसमें 96 केबल्स को सपोर्ट देकर फिक्स किया गया है। इस ब्रिज को रिकॉर्ड 11 माह में पूरा किया गया है। यह केबल ब्रिज सुरंग टी-2, कटड़ा और सुरंग टी-3 और रियासी छोर को भी भी जोड जोड़ता है। जो उधमपुर- श्रीनगर-बारामुला रेल लिंक प्रोजेक्ट का हिस्सा है। अफसरों का कहना है कि ब्रिज पर ट्रेन 100 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ सकेगी।

भारत ने भूटान को पांच अरब डॉलर की मदद भेजी

नई दिल्ली, एजेंसी

- ग्यालसुंग परियोजना के लिए जारी की दूसरी किस्त, अब तक 10 अरब रुपये की भेजी मदद

भूटान की मदद के लिए भारत की तरफ से 5 अरब डॉलर की दूसरी किश्त भेजी गई है। इस किश्त की मदद से भूटान में ग्यालसुंग परियोजना से संबंधित बुनियादी ढांचे का विकास होगा। भूटान में भारत के राजदूत सुधाकर दलेला ने भूटान के विदेश मंत्री ल्योनपो डी.एन. धुंगयेल से मुलाकात कर किश्त सौंपी।

भूटान में भारतीय दूतावास ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि इस किश्त के साथ ही भारत ने भूटान के साथ हुए समझौते के तहत शाही सरकार के लिए कुल दस अरब रुपये जारी कर दिए हैं। इससे पहले 28 जनवरी 2024 को भी भारत ने भूटान के लिए पांच अरब रुपये की किश्त जारी की थी। दरअसल भारत और भूटान के बीच जनवरी 2024 में एक एमओयू पर हस्ताक्षर हुए थे। इस एमओयू के अनुसार भारत द्वारा भूटान को 15 अरब रुपये की मदद की जाएगी। यह अतिरिक्त मदद भूटान के ग्यालसंग में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए दी जा रही है। जनवरी 2023 में भी भारत ने डेसुंग फॉर ग्यालसंग कार्यक्रम के लिए दो अरब रुपये का अनुदान दिया था। भूटान में भारतीय दूतावास ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि भूटान के साथ साझेदारी करना भारत के लिए सौभाग्य की बात है।

भगोड़े नीरव मोदी के ब्रिटेन में फ्लैट को बेचने की मंजूरी मिली

लंदन। ब्रिटेन के लंदन हाईकोर्ट ने पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ऋण घोटाले के आरोपी और हीरा कारोबारी भगोड़ा नीरव मोदी के आलीशान फ्लैट को बेचने की अनुमति दे दी है।

हालांकि, फ्लैट को 52.5 लाख पौंड से कम दाम पर नहीं बेचा जा सकेगा। न्यायमूर्ति मास्टर जेम्स ब्राइटवेल ने दक्षिण-पूर्व लंदन की थेमसाइड जेल में बंद भगोड़े नीरव मोदी को वर्चुअली कोर्ट में पेश किया गया। अदालत ने ट्रस्ट की सभी 'देनदारियों' को चुकाने के बाद 103 मैराथन हाउस की बिक्री से प्राप्त आय को एक सुरक्षित खाते में रखने के ईडी के अनुरोध को स्वीकार कर लिया। ईडी की ओर से पेश वकील हरीश साल्वे ने कहा- नीरव प्रत्यर्पण कार्यवाही का सामना भी कर रहा है।

भारत-अमेरिका सैन्य अभ्यास में आजमा रहे ताकत-तकनीक

नई दिल्ली। भारत और अमेरिका के बीच तीनों सेनाओं का संयुक्त सैन्य अभ्यास हो रहा है। इसका मकसद युद्ध कौशल निखारना और जटिल चुनौतियों से निपटने के प्रभावी तरीके विकसित करना है। अभ्यास में शामिल भारतीय सेना के बटालियन समूह में 700 से अधिक कर्मी शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, भारत और अमेरिका के बीच चल रहे ट्राई सर्विस एक्सरसाइज - 'टाइगर ट्रायम्फ -24' में भाग ले रहे सैनिक पूर्वी समुद्री तट पर सैन्य अभ्यास कर रहे हैं। 14 दिवसीय अभ्यास दो चरणों में आयोजित किया जा रहा है। इसमें विशाखापत्तनम में बंदरगाह चरण और उसके बाद काकीनाडा में समुद्री चरण शामिल है। सेना ने कहा, 18-31 मार्च तक चलने वाले इस सैन्य अभ्यास का मकसद सैनिकों को मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) के लिए और बेहतर तरीके से तैयार करना है। थल सेना, वायुसेना और नौसेना के बीच कैसे अंतरसंचालन को बेहतर बनाया जाए, इसकी संभावनाएं भी तलाशी जा रही हैं।

मादक पदार्थ मामला

28 साल बाद आईपीएस संजीव भट्ट दोषी करार

पालनपुर। गुजरात के बनासकांठा जिले के पालनपुर के 1996 एनडीपीएस (मादक पदार्थ नियंत्रण अधिनियम) मामले में पूर्व आईपीएस अधिकारी संजीव भट्ट 28 साल बाद दोषी करार दिए गए। उन्हें पालनपुर सेशन कोर्ट में पेश किया गया था। कोर्ट इस मामले में गुरुवार दोपहर को सजा सुनाएगा।

सत्र अदालत ने संजीव भट्ट को राजस्थान के रहने वाले एक वकील को झूठे आरोप में फंसाने का दोषी पाया है। जिनके बारे में यह दावा किया गया था कि 1996 में पुलिस ने पालनपुर के एक होटल के कमरे से ड्रग्स बरामद की थी जिसमें वकील रह रहे थे। भट्ट को 2015 में भारतीय पुलिस सेवा से निष्कासित कर दिया गया था। उस वक्त बनासकांडा जिले के पुलिस अधीक्षक थे। भट्ट के अंतर्गत आने वाली बनासकांठा की पुलिस ने राजस्थान के वकील सुमेरसिंह राजपुरोहित को एनडीपीएस के तहत 1996 में गिरफ्तार किया था। यह दावा किया गया था सुमेरसिंह सिंह होटल के कमरे में रह रहे थे वहां से ड्रग्स जब्त की गई थी।

विज्ञान एरिजोना विवि के अल्फी नॉरविले जेम एंड मिनरल संग्रहालय समेत कई अन्य देशों में किया गया प्रदर्शित

क्षुद्रग्रह 'बेन्नु' के नमूनों को संग्रहालयों में रखा

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : ब्रह्मांड में पृथ्वी के समान कंकड़ व मिट्टी के अनगिनत भंडार हैं। हाल में एक क्षुद्रग्रह से लाए नमूनों से इसका पता चलता है। इस क्षुद्रग्रह का नाम बेन्नु है। इन दुर्लभ नमूनों को एरिजोना विश्वविद्यालय के अल्फी नॉरविले जेम एंड मिनरल संग्रहालय समेत कई अन्य देशों में प्रदर्शित किया गया है।

छोटे से कंकड़ को अंतरिक्ष से पृथ्वी पर लाने के लिए इतनी मसक्कत क्यों? यह प्रश्न स्वाभाविक है, लेकिन वैज्ञानिक दृष्टिकोण से अनमोल है। जिसे हासिल करने में नासा ने अरबों डाल खर्च कर दिए और सात वर्ष से अधिक समय इसके पीछे लगा दिया। नासा के ओएसआईआरआईएस-आरईएक्स नामक मिशन को इस कार्य में लगाया गया था।

वर्ष 2016 में इस मिशन को क्षुद्रग्रह बेन्नु पर लॉन्च किया गया था, जो सात साल की यात्रा के बाद 2023 में पृथ्वी पर वापस लौटा। यह एक रोमांचक अंतरिक्ष सफर रहा। जिसमें यान ने 6.8 बिलियन किमी की यात्रा पूरी की। अंतरिक्ष यान द्वारा क्षुद्रग्रह बेन्नू से लाए गए टुकड़ों को यूटा रेगिस्तान पर गिराया था।

इसके बाद नमूनों को तुरंत विश्लेषण के लिए ह्यूस्टन के एक साफ कमरे में ले जाया गया। जिन्हें अब एरिज़ोना, टेक्सास और वाशिंगटन डी.सी. में बेन्नू दुर्लभ नमूनों को संग्राहलय में आमजन के अवलोकन के लिए सुसज्जित कर दिया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि प्रारंभिक विश्लेषण से पता चलता है कि यह क्षुद्रग्रह एक छोटे ग्रह जैसे पिंड का अवशेष है, जो शायद कभी समुद्री दुनिया रही होगी।

ओरिजोन के संग्रहालय में रखा अंतरिक्ष से लाया गया दुर्लभ कंकड़।

शनि के चंद्रमा एन्सेलाडस जैसा है बेन्नु

बेन्नू के नमूनों के विश्लेषण से पता चलता है कि यह पानी, मिट्टी, कार्बन, नाइट्रोजन, सल्फर, फास्फोरस, कैल्शियम, मैग्नीशियम और फॉस्फेट से समृद्ध है। यह एक छोटे ग्रह जैसे पिंड का बचा हुआ टुकड़ा है। जिसमें एक महासागर था। यह शनि के चंद्रमा एन्सेलाडस के समान प्रतीत होता है। ग्रहों की दुनिया के शोध में बन्नू के नमूने मील का पत्थर साबित होंगे।

फिर कठघरे में ताजमहल विवाद इमारत बाबर के समय के होने का दावा

आगरा, एजेंसी

- सिविल कोर्ट (सीनियर डिवीजन) में वाद दायर सुनवाई के लिए नौ अप्रैल की तारीख नियत



ताजमहल के तेजो महालय होने का विवाद एक बार फिर अदालत में पहुंच गया है। लंबे समय से ताजमहल को लेकर विवाद खड़ा किया जाता रहा है। इस बार मथुरा के योगेश्वर श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संघ ट्रस्ट और क्षत्रिय शक्तिपीठ विकास ट्रस्ट ने सिविल कोर्ट (सीनियर डिवीजन) में वाद दायर किया है। कोर्ट ने वाद स्वीकार कर लिया है।

सुनवाई के लिए नौ अप्रैल की तारीख नियत की गई है। अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह ने विगत जनवरी माह में वाद प्रस्तुत किया था। उस समय न्यायालय ने सुनवाई के बाद वादी को धारा 80(1) सिविल प्रकिया संहिता नोटिस की कार्यवाही पहले पूरी करने को कहा था। प्रतिवादी को नोटिस भेजकर दो महीने की समय सीमा के बाद दोबारा वाद दायर किया। वाद में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग द्वारा महानिदेशक नई दिल्ली, अधीक्षक आगरा सर्किल भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग व पर्यटन निदेशालय द्वारा महानिदेशक पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश सरकार, लखनऊ को प्रतिवादी बनाया है। अधिवक्ता ने बताया, वाद दायर करने से पहले उन्होंने एएसआई से आरटीआई के जरिए जानकारी मांगी थी, एएसआई ने जवाब देते हुए बताया कि ताजमहल से संबंधित पुस्तकों को पढ़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि, शोध के बाद सामने निकलकर आया कि शिव सहस्त्र नाम स्त्रोत के अनुसार तेजो नाम शिवजी का है। विश्वकर्मा प्रकाश में तेजोलिंग बेरनिर्माण का वर्णन है संस्कृत में बेर का अर्थ मंदिर होता है। ताज गार्डेन जिसका मूल नाम चारबाग है जिसके निर्माण का वर्णन बाबर ने अपनी पुस्तक बाबरनामा में किया है, बाबर ने अपनी पुस्तक में ताजमहल के नीचे कुओं के निर्माण का भी वर्णन किया है। हुमायूंनामा में ताजमहल का उल्लेख है।